हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • गुरुवार • 04.12.2025 • वर्ष : 16 • अंक : 129 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## एक नजर

### हेमन्त सोरेन को राहत, ईडी के ट्रायल कोर्ट में व्यक्तिगत उपस्थिति से दी छूट

**रांची** : रांची में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को बड़ी कानूनी राहत मिली है। झारखंड हाई कोर्ट ने ईडी समन की कथित अवहेलना से जुड़े प्रकरण में उन्हें ट्रायल कोर्ट में सशरीर उपस्थित रहने की अनिवार्यता से छूट दे दी है। यह फैसला जस्टिस अनिल चौधरी की अदालत ने याचिका के गुण-दोष (मेरिट) पर सुनवाई के बाद दिया। हाई कोर्ट के निर्णय के बाद अब सुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री को ट्रायल कोर्ट में फिजिकल अपीयरेंस नहीं करना पड़ेगा। उनकी ओर से वरीय अधिवक्ता अरुणव चौधरी और अधिवक्ता दीपांकर राय ने पक्ष रखा।

### संचार साथी ऐप मोबाइल में प्री-इंस्टॉल अनिवार्य नहीं

**नयी दिल्ली** : संचार साथी ऐप को मोबाइल फोन पर अनिवार्य रूप से प्री-इंस्टॉल करने के आदेश पर विवाद बढ़ने के बाद सरकार ने इस नियम को हटा दिया है। इसकी जानकारी केंद्रीय संचार मंत्रालय ने दी। मंत्रालय ने आधिकारिक बयान में कहा कि सरकार ने सभी नागरिकों को साइबर सिक्योरिटी देने के इरादे से सभी स्मार्टफोन में संचार साथी ऐप को पहले से इंस्टॉल करना जरूरी कर दिया था। यह ऐप सुरक्षित है और इसका मकसद सिर्फ नागरिकों को साइबर दुनिया में गलत लोगों से बचाना है। यह सभी नागरिकों को ऐसे गलत लोगों और कामों की रिपोर्ट करने में जन भागीदारी में मदद करता है, साथ ही यूजर्स को भी बचाता है। ऐप में यूजर्स को बचाने के अलावा कोई और काम नहीं है और वे अपने फोन से इसे हटा सकते हैं। इससे पहले संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने संसद भवन में एक सवाल के जवाब में कहा कि संचार साथी ऐप का उद्देश्य सकारात्मक और लोक हितैषी है ना कि इसका मकसद स्नूपिंग करना है। उपभोक्ता चाहे तो संचार साथी ऐप को अपने फोन से डिलीट भी कर सकते हैं।

### राहुल गांधी ने जाति जनगणना पर सरकार के पास ठोस योजना न होने का लगाया आरोप

**नयी दिल्ली** : लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर प्रस्तावित जनगणना (2026-27) को लेकर ठोस तैयारी न होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार न तो संसद में इस पर चर्चा कर रही है और न ही जनता से संवाद करना चाहती है। राहुल गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय द्वारा संसद में दिए गए लिखित जवाब को साझा करते हुए कहा कि जनगणना को लेकर सरकार की कोई स्पष्ट रणनीति नहीं दिखती। न ठोस रूपरेखा, न समयबद्ध योजना, न संसद में चर्चा और न जनता से संवाद। दूसरे राज्यों की सफल जाति जनगणनाओं की रणनीतियों से सीखने की भी सरकार की कोई इच्छा नहीं है। राहुल गांधी के सवाल के जवाब में गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में बताया कि जनगणना 2027 दो चरणों में आयोजित की जाएगी। पहले चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना, जो अप्रैल से सितंबर 2026 के बीच 30 दिनों की अवधि में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की सुविधा के अनुसार किया जाएगा। दूसरे चरण में जनसंख्या गणना, जो फरवरी 2027 में होगी।

# बीजापुर-दंतेवाड़ा सीमा पर मुठभेड़ में 12 नक्सली ढेर, 3 जवान शहीद, 1 घायल



एजेंसी

**दंतेवाड़ा** : दंतेवाड़ा और बीजापुर सीमा से लगे भैरमगढ़ क्षेत्र के केशकुतुल के जंगलों में सुबह से नक्सलियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो रही है। वहीं, अभियान में तीन जवान शहीद हो गये हैं। अभियान में दो अन्य जवान घायल हो गया है। उसे बेहतर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जंगल में बड़ा सर्च ऑपरेशन जारी है, मारे गए नक्सलियों की संख्या और बढ़ सकती है। बताया जा रहा है कि आज सुबह दंतेवाड़ा से टीम निकली थी जहां बीजापुर की सीमा भैरमगढ़ के केशकुतुल में जवानों और नक्सलियों के बीच में मुठभेड़ हो गई। दोनों ओर से रुक-रुककर फायरिंग हो रही है। बस्तर आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम ने बताया कि मुठभेड़ स्थल से एएलआर राइफलें, .303 राइफल समेत भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी जब्त किया गया है। मारे गए माओवादियों की पहचान की जा रही है। इस ऑपरेशन में बीजापुर डीआरजी के दो जवान बलिदान हो गए हैं। बलिदान हुए जवानों के नाम प्रधान आरक्षक मोनू वडाड़ी और आरक्षक दुकारू गोंडे हैं। वहीं पुलिस अधीक्षक बीजापुर ने बताया कि सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम सुबह नौ बजे से सर्च ऑपरेशन चला रही थी। मुठभेड़ में एक अन्य जवान सोमदेव यादव घायल हुए हैं।

बस्तर में नक्सलवाद के खिलाफ की जा रही ताबड़तोड़ कार्रवाई के बीच बटालियन के बारसे देवा, पापाराव, केसा समेत तमाम नक्सलियों के आत्मसमर्पण के लिए बनाए गए अनुकूल माहौल के बाद एक बार फिर से सुकमा बीजापुर दंतेवाड़ा जैसे जिलों में जॉइंट ऑपरेशन को तेज कर दिया गया है।

बीते दिनों देवा समेत पापाराव, केसा, चैतू के आत्मसमर्पण की चर्चा तेज थी जिसके बाद चैतू अपने 10 साथियों के साथ जगदलपुर में आत्मसमर्पण कर दिया था। इसके बाद भी सुरक्षा एजेंसियों ने देवा समेत तमाम नक्सलियों के आत्मसमर्पण के लिए जंगलों में अनुकूल माहौल बनाए रखा। इसके तहत जंगलों में ऑपरेशन और किसी भी तरह की गतिविधियां नहीं की गई। लेकिन 15 दिनों के अनुकूल माहौल के बावजूद जब आत्मसमर्पण को लेकर बटालियन की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं नजर आई और बटालियन से आत्मसमर्पण के संपर्क खत्म होने के बाद एक बार फिर से एजेंसियों के निर्देश पर ऑपरेशन को तेज किया गया है। इससे पहले डीकेएसजेडसी सदस्य ने अपने 9 साथियों के साथ लाल गलियारे को त्याग करते हुए पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया था। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि लगातार नक्सली की टीम बिखरती जा रही है, नक्सलियों की खोखली विचारधारा से त्रस्त होकर नक्सली अब धीरे-धीरे जागरूक होते जा रहे है और अपने साथियों को समर्पण करने के लिए तैयार कर रहे हैं। इसी का परिणाम था कि डीकेएसजेडसी सदस्य चैतू उर्फ श्याम दादा के साथ ही उसके 9 साथियों ने आत्मसमर्पण किया है। नक्सलियों के दरभा डिवीजन में कई वर्षों तक उनके साथ काम करने के साथ ही उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले चैतू उर्फ श्याम दादा ने आत्मसमर्पण कर दिया था। इस समर्पण के साथ ही दरभा डिवीजन और भी कमजोर हो गई। चैतू दादा उर्फ श्याम ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि कॉलेज के दिनों में ही वे नक्सलियों के मेडिकल टीम के संपर्क में आया और वर्ष 1985 में भूमिगत हो गया था।

### लातेहार में जेजेएमपी के दो उग्रवादी गिरफ्तार

**लातेहार** : लातेहार एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना पर पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाकर झारखंड उग्रवादी संगठन जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के दो उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार उग्रवादियों में दो लाख का इनामी एरिया कमांडर सुनील उरांव लातेहार थाना क्षेत्र के नवागढ़ का रहने वाला है। जबकि एरिया कमांडर मुकेश लोहरा मनिका का रहने वाला है। दोनों की गिरफ्तारी लातेहार के नवागढ़ से हुई। बुधवार को प्रेस वार्ता करते हुए लातेहार एसपी कुमार गौरव ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि जेजेएमपी के उग्रवादी सदर थाना क्षेत्र के नवागढ़ गांव के पास देखे गए हैं। सूचना के बाद लातेहार डीएसपी अरविंद कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम गठित की गई और उग्रवादियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की गई। पुलिस ने अलग-अलग टीम बनाकर पहले उग्रवादियों की घेराबंदी की और दोनों उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार एरिया कमांडर सुनील उरांव पर 7 से अधिक उग्रवादी हिंसा के मामले दर्ज हैं। जबकि मुकेश पर भी कई कांड दर्ज हैं। कुछ दिन पहले पुलिस के साथ हुए मुठभेड़ में भी दोनों नक्सली शामिल थे।

### मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन पांच दिनों बाद दिल्ली से रांची लौटे



रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन पांच दिनों बाद दिल्ली से रांची लौट आए। वे राज्य सरकार की पहली वर्षगांठ के कार्यक्रम के बाद शुक्रवार की शाम दिल्ली गए थे। उनके साथ उनकी पत्नी कल्पना सोरेन भी थीं, जो आज उनके साथ ही रांची लौटीं। मुख्यमंत्री के लगातार पांच दिन दिल्ली में रहने से राजनीतिक गलियारों में कई तरह की चर्चाएं और अटकलें तेज हो गई थीं। सत्ता समीकरण में संभावित बदलाव से लेकर दिल्ली में भाजपा नेताओं से मुलाकात तक की कई अफवाहें फैलती रहीं। सरकारी स्तर से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम या गतिविधियों की स्पष्ट जानकारी जारी न होने से अफवाहों को और ताकत मिली, लेकिन उनके रांची लौटते ही इन अटकलों पर पूरी तरह विराम लग गया है।

## मनरेगा कर्मियों का मानदेय 30 फीसदी बढ़ाया जाएगा : दीपिका पांडेय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को प्रोजेक्ट भवन में झारखंड राज्य ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद की बैठक हुई। इसमें मनरेगा कर्मियों के हित, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और ग्रामीण रोजगार सशक्तिकरण पर व्यापक चर्चा हुई। मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि मनरेगा कर्मियों का मानदेय तत्काल 30 फीसदी बढ़ाया जाए, ताकि कार्मिकों की आर्थिक सुरक्षा और कार्य क्षमता को सुदृढ़ किया जा सके। मंत्री ने मनरेगा कर्मियों के लिए ग्रुप इंश्योरेंस, एक्सीडेंट इंश्योरेंस के साथ-साथ लाइफ इंश्योरेंस उपलब्ध कराने के लिए एक अलग प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही कार्मिकों के ग्रेड पे को लेकर भी विभाग को प्रस्ताव शीघ्र लाने के लिए कहा। ग्रामीण जनता को रोजगार का जो अधिकार दिया गया है, उसकी मजबूती और निरंतरता सुनिश्चित करना सरकार की मुख्य प्राथमिकता है। इस बैठक में राज्यभर में मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा की गई और आने वाले समय में इसके और सशक्त क्रियान्वयन पर रणनीति तय की गई। मंत्री बताया कि दीदी बाड़ी योजना के मजबूत होने से ग्रामीण महिलाओं को नई शक्ति मिली है और मनरेगा ने राज्य में रिकॉर्ड मैन-डेज निर्माण कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान की है।

## जेएसएससी-सीजीएल कथित पेपर लीक मामले में हाई कोर्ट ने खारिज की याचिका




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : हाई कोर्ट ने कथित जेएसएससी-सीजीएल पेपर लीक मामले में सीबीआई जांच की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर बड़ा फैसला सुनाते हुए याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि परीक्षा का परिणाम अब जारी किया जाएगा और अभ्यर्थियों की नियुक्ति प्रक्रिया बाधारहित आगे बढ़ सकेगी। अदालत ने कहा कि 10 अभ्यर्थियों को छोड़कर बाकी सभी उम्मीदवारों का रिजल्ट प्रकाशित किया जाएगा, जिससे हजारों नियुक्तियों का रास्ता साफ हो गया है।

गौरतलब है कि यह परीक्षा 21-22 सितंबर 2024 को आयोजित की गई थी। याचिका में आरोप लगाया गया था कि परीक्षा में अनियमितता और पेपर लीक जैसी गंभीर बातें सामने आई हैं, जिनकी जांच सीबीआई से कराई जानी चाहिए। हालांकि, पिछली सुनवाई में राज्य सरकार, जेएसएससी, वादियों और सफल अभ्यर्थियों की ओर से विस्तृत बहस के बाद हाई कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था।

बुधवार को सुनाए गए फैसले में कोर्ट ने कहा कि परीक्षा परिणाम पर लगी रोक हटाई जाती है और जेएसएससी को तुरंत रिजल्ट जारी कर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया जाता है। हालांकि, उन दस अभ्यर्थियों के रिजल्ट पर रोक बरकरार रहेगी, जिन्होंने नेपाल में रहकर परीक्षा की तैयारी करने की बात सामने आई थी। हाई कोर्ट के इस आदेश के बाद झारखंड में जेएसएससी-सीजीएल के माध्यम से होने वाली बहुप्रतीक्षित हजारों नियुक्तियों का मार्ग पूरी तरह साफ हो गया है, जिससे अभ्यर्थियों में राहत और उत्साह का माहौल है।

## शीतकालीन सत्र को लेकर स्पीकर ने की बैठक कहा- अधिकारियों का उदासीन रवैया स्वीकार्य नहीं

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के सफल संचालन के लिए बुधवार को स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने अफसरों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में मुख्य सचिव अविनाश कुमार सहित कई आला अफसर मौजूद रहे। स्पीकर ने अफसरों को कई कई अहम निर्देश दिए। कहा कि अधिकारियों का उदासीन रवैया स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने कहा कि "सदन को सुचारू रूप से चलाने की जिम्मेदारी सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की है। मुझे उम्मीद है कि सत्र में जनहित के मुद्दों पर सार्थक चर्चा होगी।

स्पीकर ने कहा कि सत्र के दौरान अफसर सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। किसी तरह की तकनीकी बाधा न आने दें। सदन में रखे जाने वाले विधेयक की पूरी जांच कर लें। विधेयक के हिंदी और अंग्रेजी रूपांतरण में किसी भी तरह की त्रुटि नहीं होनी चाहिए।

संसदीय कार्यमंत्री ने कहा कि शीतकालीन सत्र की अवधि कम है। लेकिन पक्ष- विपक्ष मिलकर इसे सार्थक बनाएंगे तो इसका लाभ जनता को मिलेगा। उन्होंने उम्मीद जताई की सत्र के संचालन में विपक्ष का भी पूरा सहयोग मिलेगा।

पक्ष और विपक्ष होंगे आमने-सामने झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र पांच दिसंबर से शुरू होगा। इसमें कुल पांच कार्य दिवस होंगे। सत्र के दौरान सरकार अपने कार्यों का रिपोर्ट कार्ड पेश करेगी। वहीं, विपक्ष सरकार को घेरने की तैयारी में है। सरकार के एक साल पूरे होने पर भाजपा द्वारा जारी आरोप पत्र के आधार पर पार्टी सदन में मुखर होगी। वहीं, कांग्रेस विपक्ष की संभावित रणनीति का मुकाबला करने और विभागीय तैयारियों के आकलन पर जोर देगी। जबकि झामुमो गठबंधन के भीतर समन्वय को मजबूत करने और विपक्षी सवालों के तत्पर व प्रभावी जवाब तैयार करने पर जोर देगी।

चार दिसंबर को कांग्रेस विधायक दल की बैठक होगी। इसमें कांग्रेस प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष सहित पार्टी के विधायक शामिल होंगे।

चार दिसंबर को महागठबंधन (झामुमो-कांग्रेस और राजद) की बैठक शाम साढ़े चार बजे से एटीआई में सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होगी। भाजपा विधायक दल की बैठक सात दिसंबर को होगी।

5 दिसंबर से 11 दिसंबर तक सत्र चलेगा, कुल पांच कार्यदिवस होंगे। 8 दिसंबर को अनुपूरक बजट पेश होगा। चार दिनों तक प्रश्नकाल चलेगा। सत्र के दौरान कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा होगी।

# बंगाल के 32,000 शिक्षकों को बड़ी राहत कलकत्ता हाई कोर्ट ने बहाल की नियुक्तियां

एजेंसी



**कोलकाता** : कलकत्ता हाई कोर्ट ने 32 हजार प्राइमरी स्कूल टीचर्स को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने 2023 के शिक्षक भर्ती फैसले को पलटते हुए नियुक्तियां बहाल करने का आदेश दिया है।

कलकत्ता हाई कोर्ट के जस्टिस तपोब्रत चक्रवर्ती और जस्टिस रीतब्रतकुमार मित्रा की डिवीजन बेंच ने तत्कालीन जस्टिस अभिजीत गंगोपाध्याय की सिंगल बेंच के आदेश को खारिज कर दिया है। उस आदेश में 32 हजार प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्तियां रद्द करने का निर्देश दिया गया था।

हाई कोर्ट का फैसला आने के बाद पश्चिम बंगाल के हायर एजुकेशन मिनिस्टर ब्रात्या बासू ने प्राइमरी टीचर्स को बधाई दी है। उन्होंने कहा, 'आज हाई कोर्ट के आदेश पर प्राइमरी एजुकेशन बोर्ड को बधाई। हाई कोर्ट की सिंगल बेंच ने 2023 का आदेश पलट दिया। अब 32 हजार प्राइमरी टीचर्स की नौकरी सुरक्षित है। शिक्षकों को भी बधाई। सत्य की जीत हुई।

12 मई 2023 को तत्कालीन जस्टिस अभिजीत गंगोपाध्याय ने भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताओं का हवाला देते हुए 32 हजार प्राइमरी टीचर्स की नियुक्तियां रद्द करने का आदेश दिया था। याचिकाकर्ताओं का आरोप था कि कम रैंक वाले कई उम्मीदवारों को पैसे लेकर नौकरी दिलाई गई और कई नियुक्तियां उचित साक्षात्कार के बिना या अप्रशिक्षित उम्मीदवारों की की गई थीं।

साल 2014 में टीचर्स एलिजिबिलिटी टेस्ट के जरिए 42,500 प्राइमरी टीचर्स की नियुक्ति हुई थी, जिनमें से 32 हजार की नियुक्ति रद करने का आदेश हाई कोर्ट ने दिया था। जस्टिस अभिजीत गंगोपाध्याय ने राज्य सरकार को दोबारा भर्ती प्रक्रिया शुरू करने और तीन महीने के अंदर भर्तियां कराने का आदेश दिया था। सिंगल बेंच के इस आदेश पर जस्टिस सुब्रता तालुकदार और जस्टिस सुप्रतिम भट्टाचार्य ने रोक लगा दी थी और राज्य सरकार को छह महीने के अंदर भर्ती प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया था। हाई कोर्ट के इस आदेश को राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। सुप्रीम कोर्ट ने 32 हजार शिक्षकों की नौकरी रद्द करने के फैसले पर स्टे लगा दिया और मामला हाई कोर्ट के पास वापस भेज दिया। 12 नवंबर को जस्टिस तपोब्रत चक्रवर्ती और जस्टिस रीतब्रतकुमार मित्रा ने मामले की सुनवाई पूरी की।

## कोहली-गायकवाड़ का शतक, दक्षिण अफ्रीका को मिला 359 रनों का लक्ष्य




एजेंसी

**रायपुर** : भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला रायपुर में खेला जा रहा है। भारत सीरीज पर अजय बढ़त बनाने के इरादे से खेलेगा। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्यौता दिया है। भारत ने टीम में कोई बदलाव नहीं किया है जबकि दक्षिण अफ्रीकी टीम में 3 बदलाव देखने को मिलेंगे। कप्तान टेम्बा बावुमा के अलावा केशव महाराज और लुंगी नगिडी टीम में लौट आए हैं। शानदार वापसी करते हुए रुतुराज गायकवाड़ और विराट कोहली के शतक की बदौलत दक्षिण अफ्रीका को 359 रन का लक्ष्य दिया है। केएल राहुल ने नाबाद 66 रन बनाते हुए एक बार फिर हुए अर्धशतकीय पारी खेली। गायकवाड़ ने (105) वनडे में पहले (77 गेंदों पर) शतक लगाया जबकि कोहली का यह बैक टू बैक शतक वनडे में कुल 53वां था।

# शादी में शामिल होने जा रहा परिवार हादसे का शिकार, तीन की मौत, छह घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत गंगटाही पुल (पंचमाधव) के नजदीक अहले सुबह एक स्विफ्ट कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें कार सवार तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि छह अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में पूनम देवी उम्र करीब 35 वर्ष पिता श्रीनाथ यादव, अंशिका कुमारी उम्र 10 वर्ष पिता जयभगवान यादव एवं जय भगवान यादव उम्र 48 वर्ष पिता श्रीनाथ यादव शामिल है, जबकि घायलों में ज्योति कुमारी उम्र करीब 24 वर्ष, शुभम यादव उम्र करीब 6 वर्ष, धर्मेंद्र यादव उम्र करीब 35 वर्ष, मृत्युंजय कुमार उम्र 8 वर्ष, कौशल्या देवी एवं शिवम कुमार सभी बंगाल (आसनसोल)



कुल्टी निवासी शामिल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी कार संख्या डब्लूबी44ए 0415 पर सवार होकर शादी समारोह में शामिल होने के लिए बलिया (उत्तर प्रदेश) जा रहे थे। इसी क्रम में गंगटाही पुलिया (पंचमाधव) के नजदीक उनका कार का संतुलन खो गया, और कार पुलिया से जा टकराई। जिसमें तीन की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि छह अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने इस बात की जानकारी बरही प्रशासन को दी, सूचना मिलते ही बरही एसडीपीओ अजीत कुमार विमल अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। जहां पहुंचकर उन्होंने सभी घायलों को 108 एंबुलेंस के माध्यम से बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सभी को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया। जबकि बरही पुलिस ने सभी शवों को अपने कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। बताया जाता है कि चालक को नींद के कारण झपकी लग गई जिसके कारण कार असंतुलित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिसके कारण हादसा हो गया।

## चौपारण में सारथी उत्थान सेवा ट्रस्ट की नई शुरूआत

▶ अब हर सदस्य चालक को 10 लाख का सुरक्षा कवच

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** चतरा मोड (इटखोरी रोड़) स्थित सुमन सिंह के मकान में वाहन चालकों के प्रति सहयोग करने के उद्देश्य से उसे बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए सारथी उत्थान सेवा ट्रस्ट कार्यालय का उदघाटन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक बाबु निरंजन प्रसाद सिंह और विशिष्ट अतिथि चौपारण-2 जिप सदस्य रवि शंकर अकेला, मुखिया प्रतिनिधि बिनोद कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इसके पहले ट्रस्ट से जुड़े सदस्यों ने कार्यालय में विधि विधान से पूजा अर्चना किया। इस अवसर पर मुख्य ट्रस्टी राजकुमार सिंह, अध्यक्ष गौतम कुमार सिंह, सचिव रामसागर सिंह, उपाध्यक्ष चंदन कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष ओमकार कुमार सिंह ने



अतिथियों को माला पहनाकर व बुके देकर स्वागत और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। ट्रस्ट से जुड़े लोगों ने बताया कि इस ट्रस्ट के माध्यम से वाहन चालकों को सुविधा उपलब्ध कराना मुख्य उद्देश्य है। इसमें जुड़ने के लिए चालकों के नाम से हैवी लाइसेंस जरूरी है। साथ ही उन्हें वार्षिक सदस्यता शुल्क 1500 रुपए ट्रस्ट में जमा करना होगा। ट्रस्ट द्वारा उनके नाम पर 10 लाख रुपए का बीमा कराया जाएगा। इसके अलावा अगर किसी चालक के साथ दुर्घटना हो जाने पर उन्हें या उनके आश्रितों को आर्थिक सहायता प्रदान किया जाएगा।

## एनटीपीसी पकरी बरवाडीह परियोजना में बंदी, कट-ऑफ डेट को लेकर आक्रोश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** बुधवार को युवा विस्थापित संघर्ष समिति के बैनर तले कट आफ डेट की पुरानी मांगों को लेकर सुबह 5.00 बजे से ग्रामीण नौजवान और महिला - पुरुष ने एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोल खनन परियोजना के कार्यों को बन्द कराने के लिए कोशिश की गई। इस दौरान कोल खनन, ट्रांसपोटिंग समेत कन्वेयर बेल्ट को बन्द कराने की पूरी कोशिश की गई। इस दौरान कंपनी का कई कार्य प्रभावित रहा। दोपहर लगभग 2.30 बजे आंदोलनकारियों ने अंचलाधिकारी मनोज कुमार के आश्वासन पर बन्दी को स्थगित किया गया। अंचलाधिकारी और युवा विस्थापित संघर्ष समिति के सदस्यों के बीच एक सहमति बनी। अंचलाधिकारी ने एक



सप्ताह के अन्दर उपायुक्त हजारीबाग की अध्यक्षता में कट आफ डेट को लेकर त्रिपक्षीय वार्ता कराने की आश्वासन दिया। आश्वासन के बाद बन्दी को स्थगित किया गया। मामले को लेकर युवा विस्थापित संघर्ष समिति के सदस्यों ने बताया कि अगर जिला प्रशासन के द्वारा सकारात्मक पहल नहीं किया गया तो एक सप्ताह के बाद पुरजोर तरीके से आंदोलन किया जाएगा। वहीं अंचलाधिकार मनोज कुमार ने बताया कि एक सप्ताह के अंदर एनटीपीसी, जिला प्रशासन एवं युवा विस्थापित संघर्ष समिति के सदस्यों के बीच उपायुक्त हजारीबाग की अध्यक्षता में त्रिपक्षीय वार्ता कर समस्या का निदान निकालने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर एसडीपीओ पवन कुमार, अंचलाधिकारी मनोज कुमार, थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता, थाना प्रभारी सागेन मुर्मू के अलावा अन्य पदाधिकारी उपस्थिति थे।

## उमवि दुलमाहा में भवन निर्माण में अनियमितता का आरोप, घटिया सामग्री उपयोग पर ग्रामीणों का विरोध



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत दुलमाहा में उत्क्रमित मध्य विद्यालय में निमार्णाधीन भवन निर्माण कार्य में घोर अनियमितता बरतने का आरोप ग्रामीण लगा रहे है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग के मिलीभगत से घटिया समाग्री लगाया जा रहा है। विभाग के मिलीभगत से ठीकेदार के द्वारा घटिया समाग्री का प्रयोग किया जा रहा है ,मानो सरकारी राशि की लूट मची हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि कमीशन के आधार पर योजना का प्राक्कलन तैयार किया जाता है। घटिया निर्माण कार्य किया जाता है जो ज्यादा दिन तक टिकाऊ नहीं रहता है। गौरतलब हो कि लाखों की लागत से बरही प्रखंड के दुलमाहा पंचायत के दुलमाहा उत्क्रमित मध्य विद्यालय में डीएमएफटी फंड से प्रधानाचार्य कक्ष,शौचालय एवं कीचन रूम का निर्माण किया जा रहा है। जिसका प्राक्कलित राशि लगभग 30 लाख है।इस निर्माण कार्य में घटिया समाग्री का उपयोग किया जा रहा। प्राक्कलन के अनुरूप कार्य नहीं किया जा रहा है।जब इस बात की भनक ग्रामीणों को लगी तो निर्माण स्थल पर पहूंच स्कूल निर्माण कार्य में लग रहे मेटेरियल की जांच किया। जांचोपरांत ग्रामीणों ने देखा कि घटिया ईंट, गिट्टी सरिया बालू लगाया जा रहा है। ग्रामीणों ने स्कूल में लग रहे घटिया समाग्री का विरोध किया। ग्रामीणों ने इस बात की जानकारी सम्बंधित विभाग के प्रदीप कुमार को दी गई तो उन्होंने कार्य स्थल पर आने की बात कही परंतु महीनों दिन बीतने के बाद भी जेई कार्य स्थल पर नहीं पहूंचे।जब ग्रामीणों ने जेई से ईस्टिमेट की जानकारी मांगी तो देने से इंकार कर दिया।समय बीतने के बाद जब ग्रामीणों ने जेई प्रदीप कुमार से सम्पर्क करने की कोशिश की तो फोन रिसीव नहीं कर रहे हैं जिसको लेकर ग्रामीणों में काफी रोष है तथा वरिय अधिकारियों के पास शिकायत करने की बात कह रहे हैं।

## महाभारत के युधिष्ठिर समान थे डॉ. राजेंद्र प्रसाद : जेपी पटेल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में स्वाधीन भारतीय गणराज्य के प्रथम राष्ट्रपति तथा देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की 141 वीं जयंती उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व मंत्री सह जिला अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल ने कहा कि महाभारत के युधिष्ठिर समान वे भी भारतीय राजनीति में अजातशत्रु कहलाते थे। अत्यंत धार्मिक भाव से जहां उन्होंने धार्मिक श्रद्धा को जीवन में स्थान दिया था, उसी भॉति भारतीय संस्कृति और इतिहास के प्रति भी उन्हें लगाव था। संस्कृत और फारसी के तो वे विद्वान थे ही इस बुद्धिमत्ता के बल पर, इस किसान पुत्र ने गांधीजी से प्रभावित होकर, स्वाधीनता संग्राम में पुरी तरह और निडरता के साथ भाग लिया। अपनी सादी जीवनी से वे किसानों में घुलमिल गए। पटना में सदाकत आश्रम की स्थापना उन्होंने की। देश के प्रथम राष्ट्रपति बने रहने पर भी अहंकार से दूर रहे और कर्तव्यनिष्ठ बने रहे। निवृत होते ही उन्होंने पुनः सदाकत आश्रम के अपने कार्यक्षेत्र को बिन्दु बनाकर शेष समय वहीं व्यतीत किया। मौके पर प्रदेश सचिव बिनोद सिंह, शशि मोहन सिंह, अवधेश कुमार सिंह, पूर्व अध्यक्ष आबिद अंसारी, विजय यादव, शैलेन्द्र कुमार यादव वरिष्ठ कांग्रेसी अशोक देव जिला मीडिया अध्यक्ष निसार खान, महिला नेत्री बेबी देवी, उषा रानी, असगर अली के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

# ट्रैक्टर वितरण योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का एक प्रभावी माध्यम है : विधायक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के तहत बुधवार को प्रखण्ड परिसर में भंडारों के जेएसएलपीएस सहकारिता ग्रुप सत्यम आजीविका सखी मंडल बेहराबाद को ट्रैक्टर प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बरही विधायक मनोज यादव ने महिलाओं के इस समूह को ट्रैक्टर की चाबी सौंपकर योजनाओं का लाभ ग्रामीण अर्थव्यवस्था तक पहुँचने की सराहना की। कार्यक्रम की शुरूआत भूमि संरक्षण पदाधिकारी संजय कुमार पांडेय द्वारा विधायक मनोज यादव को बुके देकर स्वागत करने के साथ हुई। इसके बाद विधायक ने विभागीय




पदाधिकारियों से योजना की प्रगति और लाभार्थियों तक पहुंचने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली। बरही विधायक मनोज यादव ने कहा कि यह योजना ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में एक प्रभावी कदम है, जिससे वे कृषि कार्यों में आत्मनिर्भर बन सकेंगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का एक प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि ट्रैक्टर उपलब्ध होने से महिलाओं के आजीविका समूह न केवल कृषि कार्यों में गति लाएंगे, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी तैयार करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि गांवों की महिलाएं भी आधुनिक कृषि तकनीक से जुड़ें और आत्मनिर्भर बनें। ट्रैक्टर उपलब्ध होने से खेती-किसानी में लागत कम होगी और उत्पादन क्षमता बढ़ेगी। इससे महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और वे स्वयं निर्णय लेने में सक्षम बनेंगी। भूमि संरक्षण पदाधिकारी संजय कुमार पांडेय ने बताया कि सरकार द्वारा जेएसएलपीएस समूह से जुड़ी महिलाओं को 50 प्रतिशत अनुदान पर ट्रैक्टर उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही, ट्रैक्टर से जुड़ी सामग्री पर 80 प्रतिशत तक अनुदान प्रदान किया जा रहा है, जिससे कृषि कार्यों में आधुनिक तकनीक का उपयोग आसान हो सकेगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सह भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिप सदस्या प्रीति गुप्ता, मुखिया संघ अध्यक्ष सह भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष विजय यादव, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी, बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी, करसो मुखिया प्रतिनिधि मुकेश राम, खोड़ाहर मुखिया प्रतिनिधि खिरोधर यादव,उप मुखिया रोहित यादव, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि देवनन्दन यादव, पूर्व मुखिया बासुदेव यादव, अशोक यादव, दिलीप यादव, लक्ष्मण यादव, कैलाश यादव,सचिन यादव, पिंटू ठाकुर और इंद्रदेव ठाकुर सहित कई ग्रामीण व समूह की महिलाएं मौजूद थीं।

## एक नजर

### विश्व दिव्यांग दिवस पर डीएलएसए का जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**चौपारण :** विश्व विकलांग दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डीएलएसए हजारीबाग सचिव गौरव खुराना के निर्देशन में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों के अधिकारों, सरकारी योजनाओं एवं कानूनी सहायता सेवाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मौजूद दिव्यांग प्रतिभागियों को उनके अधिकारों एवं सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर कहा गया कि दिव्यांगजनों को समाज में समान अधिकार और सम्मान मिलना चाहिए। उन्हें किसी भी प्रकार के भेदभाव का सामना नहीं करना चाहिए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि जरूरतमंद लोग नि:शुल्क कानूनी सहायता प्राप्त कर सकें और उन्हें न्याय मिलने में किसी प्रकार की बाधा न आए। मौके पर अधिकार मित्र हरेंद्र राणा, कंचन कुमारी, इंदु गुप्ता, रामजतन कुमार, ममता कुमारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### किसान नारायण महतो का 150 बोझा धान जलकर राख



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत कांडतरी पंचायत स्थित खेरातरी गांव निवासी किसान नारायण महतो के धान के खलिहान में अगलगी होने से 150 बोझा जलकर राख हो गया। जिसके कारण किसान को भारी नुकसान हुआ है। ग्रामीणों के प्रयास से मोटर चालू कर आग पर काबू पाया गया। मामले को लेकर स्थानीय वन समिति सदस्य कुलेश्वर महतो ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

### बेला में स्वेटर वितरण कार्यक्रम संपन्न

**चौपारण :** बेला पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र रुपिन और खरहुआं में सोमवार को बढ़ती ठंड को देखते हुए बच्चों के बीच स्वेटर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पंचायत की मुखिया ममता कुमारी ने मासूम बच्चों को स्वेटर पहनाकर ठंड से बचाव के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में सेविका सेवली देवी, उर्मिला देवी, सहायिका शांति देवी और वार्ड सदस्य कुसुमलता देवी मौजूद थी। मुखिया ने कहा कि ठंड के मौसम में छोटे बच्चे बीमारी की चपेट में जल्दी आते हैं, ऐसे में उनका सुरक्षित रहना अति आवश्यक है। उन्होंने आम जनों से बच्चों को गर्म कपड़े उपलब्ध कराने और आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़ने की अपील की। इस अवसर पर कई महिलाएं मौजूद रह कर बच्चों को स्वेटर मिलने पर खुशी जताई। कार्यक्रम शांतिपूर्वक और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ।

### आज 180 किमी तक होगा पद यात्रा : कृष्णा

**बरही :** झारखंड लोकतांत्रिक मोर्चा के बैनर तले चार दिसंबर से पद यात्रा शुरू हो रहा है। यह पदयात्रा 4 दिसंबर 2025 सुबह 10:00 बजे से डुमरी विधानसभा क्षेत्र के चिरैया मोड़ से शुरू होकर बगोदर विष्णुगढ़, हजारीबाग, मांडू, रामगढ़ ओरमांझी होकर झारखंड विधानसभा धरना स्थल रांची तक पहुंचेगी । जिसमें लगभग 180 किलोमीटर की दूरी 6 दिनों में तय की जाएगी। इसकी जानकारी देते हुए पूर्व प्रत्याशी बरही विधान सभा कृष्णा यादव ने बताया कि पद यात्रा डुमरी विधायक एवं झारखण्ड लोकतांत्रिक मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो के नेतृत्व में निकलेगा। जिसका मुख्य उदेश्य 5 सूत्री मांगपत्र है।

## संक्षिप्त खबरें

### जवाहर प्रसाद की विदाई एवं विजय राम का स्वागत, शिक्षकों ने किया सम्मान



**बड़कागांव :** बड़कागांव कन्या मध्य विद्यालय में शिक्षा कर्मियों के सहयोग से बीईईओ जवाहर प्रसाद के सेवानिवृत्ति होने पर विदाई सह नए बीईईओ विजय राम की स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष चेतलाल राम एवं संचालन अवधेश कुमार ने की। सेवानिवृत बीईईओ एवं उनकी पत्नी कौशल्या देवी, नए बीईईओ तथा बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल को माला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। अपने संबोधन में बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल ने कहा कि जवाहर प्रसाद अपने कर्तव्यों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन किया है, मुझे भी इनसे काफी कुछ सीखने को मिला है हमेशा सहयोग मिलता रहा। सेवानिवृत्त बीईईओ जवाहर प्रसाद ने कहा कि हमारे बीआरसी के कर्मियों का हमेशा सहयोग मिला, आप शिक्षक बच्चों की शिक्षा दीक्षा पर विशेष ध्यान देते रहेंगे। आपके द्वारा बच्चों को दी गई शिक्षा ही देश का भविष्य है। नए प्रभारी बीईईओ विजय राम ने कहा कि मुझे आप शिक्षा कर्मियों से आशा विश्वास है कि शिक्षण कार्यों में आपका सहयोग निरंतर मिलता रहेगा। बताते चलें कि नए बीईईओ जिले के पांच प्रखंड में शिक्षण कार्य देख रहे हैं। उनके लिए बड़का गांव जैसे बड़े प्रखंड में एक बहुत बड़ी चुनौती होगी। कन्या मध्य विद्यालय के प्राचार्य रवि शंकर पाठक ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर शिक्षक चेतलाल राम, रवि शंकर पाठक, अशोक कुमार, शमशेर आलम, शंभू शरण दास, सागर कुमार गुप्ता, सुनील रजक, राजकुमार, रंजीत नाग, देवकांत शर्मा, इजहार अली, जलाल सगीर, उचित्रा देवी, बबिता कुमारी, रविंद्र कुमार, राम सेवक रविदास, श्रीराम शर्मा, रेनू कुमारी, नरेश यादव, प्रेम कुमार राणा, त्रिभुवन महतो, रानी गुलनार बेगम सहित दर्जनों शिक्षा कर्मी उपस्थित थे।

### शादी समारोह में नव दंपति को फलदार पौधा देकर किया गया स्वागत




**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के ठाकुर मोहल्ला निवासी सुरेश लाल के पुत्र विकास सिन्हा, बहू प्रीति सिंहा के सादी रिसेप्शन पार्टी में बड़कागांव के प्रबुद्ध लोगों ने फलदार पौधा देकर पर्यावरण संरक्षण एवं सुखमय दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दी हैं। मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, श्मशान घाट सेवा समिति के अध्यक्ष दिनेश सिन्हा, विवेक सोनी, वीरेंद्र महतो, किशोर कुमार द्वारा फलदार पौधा दिया गया। लोगों ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि महत्वपूर्ण यादगार दिनों में लोग पेड़ पौधे लगाए पर्यावरण का संरक्षण करें। इससे हमारा पर्यावरण भी मजबूत होगा और हमें पेड़ पौधे से कई प्रकार की लाभ भी मिलेंगे।

### सावित्रीबाई फुले समृद्धि योजना : पोर्टल की तकनीकी खामी से हजारों छात्राएं आवेदन से वंचित

**चौपारण :** सावित्रीबाई फुले समृद्धि योजना के लिए इस वर्ष ई-विद्यावाहिनी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन अनिवार्य कर दिया गया है। लेकिन राज्यभर के स्थापना अनुमति व अनुदानित विद्यालयों के लिए अब तक कोई वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध नहीं कराई गई है। परिणामस्वरूप इन विद्यालयों में पढ़ने वाली हजारों छात्राएँ आवेदन ही नहीं कर पा रही हैं। पिछले वर्षों में यह आवेदन ऑफलाइन मोड से भर लिया जाता था, जिससे सभी छात्राओं का फॉर्म आसानी से जमा हो जाता था। लेकिन इस बार पोर्टल पर इन स्कूलों का विकल्प सक्रिय नहीं होने के कारण वर्ग 8 से 12 तक वर्ग की हजारों गरीब छात्राएँ योजना के लाभ से पूरी तरह वंचित होने की कगार पर हैं। विद्यालयों के शिक्षकों का कहना है कि वे लगातार पोर्टल पर कोशिश कर रहे हैं, लेकिन ई-विद्यावाहिनी में फॉर्म भरने का कोई ऑप्शन ही नहीं दिख रहा है। इसके बावजूद विभाग की ओर से अभी तक किसी तरह का निर्देश, राहत या कोई वैकल्पिक रास्ता उपलब्ध नहीं कराया गया है।अभिभावकों में भी चिंता बढ़ रही है। उनका कहना है कि पहले ऑफलाइन फॉर्म भरकर हमारी बेटियाँ लाभ पा लेती थीं, लेकिन इस बार ऑनलाइन आवेदन की बाध्यता और तकनीकी कमी के कारण वे योजना से बाहर हो जाएँगी। यह गरीब परिवारों के साथ अन्याय है। विद्यालय प्रबंधन ने स्पष्ट कहा है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो हजारों गरीब छात्राएँ सरकार की महत्वपूर्ण योजना से वंचित रह जाएँगी। शिक्षा विभाग पर दबाव बढ़ रहा है कि वह तत्काल पोर्टल को अपडेट करे या ऑफलाइन/अस्थायी वैकल्पिक मोड उपलब्ध कराए, ताकि किसी भी छात्रा का हक छिनने न पाए। पूरे राज्य में यह मुद्दा तेजी से उठ रहा है और लोग विभाग से तत्काल हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं।

### आईएआरआई झारखंड में वैज्ञानिक बकरी पालन पर एससीएसपी प्रशिक्षण संपन्न



**हजारीबाग :** आईएआरआई, झारखंड में बुधवार को वैज्ञानिक विधि से बकरी पालन एवं उनका संवर्द्धन पर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। जिसका उद्देश्य पशुपालन को बढ़वा देना और आजीविका विविधीकरण के माध्यम से अनुसूचित जाति के लोगों को सशक्त बनाना है। अनुसूचित जाति उपयोजना (एस.सी.एस.पी) पहल के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में चौपारण,पदमा और बरही प्रखंड के अंतर्गत कई गांवों के 30 उत्साही प्रतिभागियों को प्रक्षिक्षण दिया गया। समापन समारोह 3:30 बजे अपराह्न से शुरू हुआ। जिसमें संसथान के परिसर प्रभारी डॉ. महंता ने औपचारिक रूप से प्रशिक्षण का समापन पर प्रशिक्षनार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया। उन्होंने अपने संबोधन में, पशुपालन के उत्पादन उनके रख रखवा तथा उनसे होने वाली आमदनी को कैसे बढ़ाया जा सके उसके बारे में बताया । उन्होंने ग्रामीण किसानों को बकरी पालन से उत्पादन खाद्य पदार्थ से होने वाली अधिक आमदनी के बारे में बताया तथा बाजार जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रधान वैज्ञानिक विशाल नाथ ने भी किसानों को भी बताया कि कैसे पशुओं की संख्या में वृद्धि किया जा सकते हैं तथा आय में कैसे वृद्धि कर सकते हैं आयोजन सचिव और नोडल अधिकारी (एससीएसपी), डॉ कृष्ण प्रकाश, डॉ पंकज सिंहा , कोर्स समन्वयक डॉ शिल्पी केरकेट्टा एवं डॉ वंदना यादव उपस्थित थे। कार्यक्रम का समन्वय डॉ शिल्पी केरकेट्टा (वैज्ञानिक : पशुधन उत्पादन प्रबंधन) ने किया, जिसमें डॉ अभय गिरि, वैज्ञानिक (वैज्ञानिक : जलीय कृषि), डॉ वंदना यादव (वैज्ञानिक, पशु वैज्ञानिक) और डॉ नुजैबा पीएम (वैज्ञानिक, मत्स्य पालन) , डॉ. कृष्ण प्रकाश के साथ-साथ संस्थान के अन्य संकाय सदस्यों का सक्रिय सहयोग रहा।

## एक नजर

### विधानसभा के शीतकालीन सत्र को लेकर रांची में निषेधाज्ञा लागू

**रांची :** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए रांची जिला प्रशासन ने विधानसभा (नया भवन) के 750 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू की है। यह आदेश 5 दिसंबर सुबह 8:00 बजे से 11 दिसंबर रात 10:00 बजे तक प्रभावी रहेगा। इस क्षेत्र में झारखंड उच्च न्यायालय को प्रतिबंधित क्षेत्र से बाहर रखा गया है। रांची जिला प्रशासन की ओर से बुधवार को जारी निषेधाज्ञा के तहत- पांच या उससे ज्यादा लोग एक जगह इकट्ठा नहीं हो सकेंगे (सरकारी काम और शवयात्रा को छोड़कर)। किसी तरह के हथियार जैसे–बंदूक, राइफल, रिवॉल्वर, बम, बारूद आदि लेकर चलना पूरी तरह प्रतिबंधित है (सरकारी कर्मियों को छोड़कर)। लाठी-डंडा, तीर-धनुष, गड़ासा, भाला जैसे हथियार लेकर चलने की मनाही (सरकारी कार्य में लगे लोगों को छोड़कर)। धरना, प्रदर्शन, जुलूस, रैली या सभा का आयोजन भी नहीं किया जा सकेगा। लाउडस्पीकर या ध्वनि विस्तारक यंत्र के प्रयोग पर भी रोक रहेगी (सरकारी काम को छोड़कर)। झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र 5 से 11 दिसंबर तक चलना है। भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने यह कदम उठाया है।

### 72 घंटे के अंदर रिम्स परिसर से अतिक्रमण हटाएं : हाई कोर्ट

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने रिम्स कैंपस की अव्यवस्थाओं पर कड़ा रुख अपनाया है और 72 घंटे के भीतर पूरे परिसर से अतिक्रमण हटाने का सख्त आदेश दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट रूप से कहा है कि यदि निर्धारित समय पर कार्रवाई नहीं की गई, तो इसे कोर्ट की अवमानना माना जाएगा। जिसके बाद कोर्ट इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। मुख्य न्यायाधीश त्रिलोक सिंह चौहान की पीठ ने रिम्स कैंपस में फैले अतिक्रमण को लेकर रिम्स प्रशासन पर कड़ी नाराजगी जाहिर की और कहा अस्पताल परिसर में हो रहा अतिक्रमण न केवल मरीजों और छात्रों के लिए बल्कि अस्पताल की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर प्रभाव डाल रहा है। कोर्ट ने जिला प्रशासन और पुलिस को सख्त निर्देश दिए हैं कि किसी भी बहाने या देरी को स्वीकार नहीं किया जाएगा। कोर्ट ने स्पष्ट कहा है कि अगले आदेश तक रिम्स परिसर की सभी गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी और 72 घंटों के बाद परिसर की स्थिति को कोर्ट के सामने पेश की जाएगी।

### विधानसभा में 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति लागू करे सरकार : नायक

**रांची :** आदिवासी-मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने पांच दिसंबर से शुरू होनेवाला झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र में वर्षों से लंबित झारखंडी हितों से जुड़े महत्वपूर्ण 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति और नियोजन नीति विधेयक को पारित करने की मांग की है। उन्होंने इससे संबंधित पत्र मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को भेजा है। इसकी जनकारी नायक ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने कहा कि इतने वर्षों से लंबित 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति-नियोजन नीति का मुद्दे पर अब और प्रतीक्षा झारखंडी जनता के अधिकारों पर प्रहार है। उन्होंने 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति-नियोजन नीति को झारखंडी युवाओं की पहचान, रोजगार और सामाजिक न्याय से जुड़ा सर्वाधिक महत्वपूर्ण मुद्दा बताते हुए कहा कि इसे पुन: विधानसभा से पारित कर केंद्र के समक्ष मजबूत रूप में रखा जाना जरूरी है।

# हमारा देश पूरे विश्व में 'अनेकता में एकता' का एक उत्कृष्ट उदाहरण है : राज्यपाल

## नागालैंड और असम का स्थापना दिवस लोक भवन में संयुक्त रूप से मनाया गया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** भारत विविधता में एकता का अनोखा उदाहरण है, जहां अलग-अलग भाषा, संस्कृति, परंपरा और जीवन-शैली के बावजूद सभी एक भावना के साथ जुड़े हैं। यह बातें झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को लोक भवन में आयोजित नागालैंड और असम राज्य स्थापना दिवस समारोह में कही।

उन्होंने बताया कि नागालैंड का स्थापना दिवस 1 दिसंबर और असम का स्थापना दिवस 2 दिसंबर को था, किंतु उनके राज्य से बाहर रहने के कारण कार्यक्रम निर्धारित तिथि को आयोजित नहीं किया जा सका। इसलिए दोनों राज्यों का स्थापना दिवस संयुक्त रूप से लोक भवन में मनाया जा रहा है।

राज्यपाल ने झारखंड में रह रहे नागालैंड और असम के लोगों की सराहना की और कहा कि उनकी मेहनत, समर्पण और प्रतिभा राज्य के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। उन्होंने कहा कि ये दोनों राज्य पूर्वोत्तर भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक सौंदर्य और कला का प्रतिबिंब हैं।

पूर्वोत्तर भारत के महत्व पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, सांस्कृतिक धरोहर और राष्ट्रीय एकता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यहां की जैव-विविधता, पारंपरिक ज्ञान, जनजातीय संस्कृति, संगीत, हस्तशिल्प और पर्यटन की अपार संभावनाएं देश की शान हैं।

असम की संस्कृति का उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने कहा कि लाल नदी और नीली पहाड़ियों की भूमि असम, अपनी लोककला, साहित्य, संगीत और इतिहास के लिए प्रसिद्ध है। कामाख्या मंदिर, ब्रह्मपुत्र नदी, बिहू नृत्य और चाय बागान इसकी विशिष्ट पहचान हैं। नागालैंड को "त्योहारों की भूमि" बताते हुए उन्होंने कहा कि यहां का पारंपरिक संगीत, परिधान, हस्तशिल्प और प्रसिद्ध हॉर्नबिल महोत्सव राज्य की सांस्कृतिक धरोहर और गौरव का प्रतीक है। इस दौरान राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" अभियान की सराहना की और कहा कि इस पहल ने देश के अलग-अलग राज्यों के बीच सांस्कृतिक संवाद और समझ को मजबूत किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा सभी राजभवनों का नाम लोक भवन रखे जाने के निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के अंत में राज्यपाल ने कामना की कि नागालैंड और असम निरंतर प्रगति करें और उनकी सांस्कृतिक पहचान विश्व स्तर पर और मजबूत हो। साथ ही उन्होंने एकता, सद्भाव और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ. नितिन मदन कुलकर्णी ने दोनों राज्यों के नागरिकों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं और असम के प्रसिद्ध संगीतकार भूपेन हजारिका, जुबिन गर्ग तथा नागालैंड के हॉर्नबिल महोत्सव का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इनका भारतीय संस्कृति और संगीत में अमूल्य योगदान है।

## जेल में बंद विनय चौबे की पत्नी स्वप्ना संचिता से एसीबी ने की पूछताछ




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राज्य के वरीय आईएएस अधिकारी विनय चौबे की पत्नी स्वप्ना संचिता से एसीबी की टीम ने पूछताछ की है। एसीबी की टीम बुधवार को दोपहर उनके आवास पहुंची। जहां उनसे आय से अधिक सम्पति से जुड़े मामले में एसीबी पूछताछ की। पूछताछ करने वाली टीम में केस के जांच अधिकारी (केस आइओ) और महिला पुलिस पदाधिकारी भी शामिल रहे। स्वप्ना संचिता से जिस केस में पूछताछ की गयी, वह केस पिछले सप्ताह ही दर्ज किया गया है। इस केस का नंबर 20/2025 है।

इस केस में विनय चौबे की पत्नी स्वप्न संचिता नेक्सजेन के मालिक विनय सिंह उनकी पत्नी स्निग्धा सिंह और विनय सिंह के साले शिपिज त्रिवेदी उनकी पत्नी प्रियंका त्रिवेदी एवं विनय चौबे के ससुर सत्येंद्र नाथ त्रिवेदी को अभियुक्त बनाया गया है। स्वप्ना संचिता से पहले उनके पिता सत्येंद्र नाथ त्रिवेदी और उनके भाई शिपी त्रिवेदी से भी एसीबी पूछताछ कर चुकी है।

## सेल, सेट में गुणवत्ता माह का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** सेल, सेट, में नवम्बर माह को गुणवत्ता माह के रूप मे मनाया गया। इस दौरान गुणवत्ता के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पूरे माह भर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गयोइसी क्रम मे दिनांक 13 नवंबर 2025 को श्री श्रवण कुमार वर्मा, ईडी (सेट)के द्वारा गुणवत्ता झंडोत्तोलन किया गया। तत्पश्चात सेट के सभी उपस्थित कार्मिकों को गुणवत्ता शपथ दिलाई गई। गुणवत्ता माह के दौरान विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम मे दिनांक 03 दिसंबर 2025 को श्रवण कुमार वर्मा, ईडी (सेट) की अध्यक्षता मे गुणवत्ता माह के समापन समारोह का औपचारिक आयोजन किया गया। इसमे सेटरांची के सभी मुख्यमहाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, पुरस्कार विजेताआदि उपस्थित थे सेट रांची के अन्य सभी



कार्मिकतथा सेट के सभी उपकेन्द्रों के कार्मिकों ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर कार्यक्रम मे भाग लियो कार्यक्रम का संचालन प्रमोद कुमार, सहायक प्रबंधक (व्यापार उत्कृष्टता एवम आई पी एस एस) के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान, एक संक्षिप्त प्रस्तुति के माध्यम से गुणवत्ता माह के दौरान संचालित विभिन्न गतिविधियों के बारे में अवगत कराया गयो

श्रवण कुमार वर्मा, ईडी (सेट)ने टीम सेट को संबोधित करते हुए, सेल निगमित कार्यालय एवं इसके सभी एकीकृत इस्पात संयत्रों एवं अन्य इकाइयों के द्वारा टीम सेट के प्रति दर्शाये गए विश्वास पर खुशी जताई। साथ ही सेट मे व्याप्त गुणवत्ता संस्कृति पर विश्वास एवं संतुष्टि अभिव्यक्त करते हुए,टीम सेट के सदस्यों को अपने दैनिक गतिविधियों में गुणवत्ता को एक आदत बनाने पर जोर देते हुए, गुणवत्ता माह की थीम "क्वालिटीः अलग ढंग से सोचें" से आगे बढ़कर अपना योगदान देने एवं आज के प्रतिस्पर्धी और गतिशील माहौल मेंसंगठन की सतत और स्थाई मजबूती के लिए प्रेरित किया।

## झारखंड आंदोलनकारियों को मिला सम्मान 3000 से अधिक को दिया गया प्रमाण-पत्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में झारखंड आंदोलनकारियों को प्रमाण-पत्र वितरण हेतु जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें तीन हजार से अधिक अधिसूचित आंदोलनकारियों को प्रमाण-पत्र दिए गए। यह समारोह गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखंड के निर्देश पर आयोजित किया गया। उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री और वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने विशिष्ट आंदोलनकारियों को सांकेतिक रूप से प्रमाण-पत्र प्रदान कर राज्य सरकार की ओर से सम्मान और आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी राज्य निर्माण की आधारशिला हैं और उनके संघर्ष व योगदान को सदैव सम्मानपूर्वक याद किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन उनकी सामाजिक सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों के संरक्षण के लिए निरंतर काम कर रहा है।

उपायुक्त ने यह भी कहा कि आंदोलनकारियों का संघर्ष ही झारखंड राज्य निर्माण का मूल आधार रहा है और वे भविष्य में भी जिला व राज्य के विकास में सकारात्मक भूमिका निभाते रहेंगे। कार्यक्रम में अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राजेश्वरनाथ आलोक, नजारत उपसमाहर्त्ता सुदेश कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे। रांची जिला प्रशासन ने इस आयोजन के माध्यम से स्पष्ट संदेश दिया कि आंदोलनकारियों का त्याग और संघर्ष राज्य सरकार के लिए सर्वोच्च सम्मान का विषय है और उनकी सुरक्षा व सुविधा सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता बनी रहेगी।

## छात्रों ने घेरा परीक्षा नियंत्रक दफ्तर

**रांची :** रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत विभिन्न कॉलेजों के चौथे सेमेस्टर के छात्रों को पर्यावरण अध्ययन विषय में 1-2 अंकों की कमी से फेल किए जाने के मुद्दे ने जोर पकड़ लिया है। दो महीने पहले छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन से कॉपियों की दोबारा जांच की मांग करते हुए मुलाकात की थी। प्रशासन ने उस समय आश्वासन दिया था कि कॉपियों की पुनर्मूल्यांकन कर अंकों को सही किया जाएगा। लेकिन निर्धारित समय बीत जाने के बावजूद जब कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो राम लखन सिंह यादव कॉलेज, रांची वीमेंस कॉलेज, डोरंडा कॉलेज सहित अन्य कॉलेजों के छात्र फिर से विश्वविद्यालय पहुंचे और अपनी समस्या दोबारा प्रशासन के सामने रखी।

## सीसीएल में नए लेबर कोड्स पर 2 दिन का प्रशिक्षण शुरू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** नए लेबर कोड्स के व्यापक प्रसार और संगठन में उनके प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा 21 नवंबर 2025 से लागू नए लेबर कोड्स पर 2-दिवसीय जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम 3 दिसंबर को एमटीसी, एचआरडी में प्रारंभ और 4 दिसंबर 2025 तक जारी रहेगा।

सत्र का शुभारंभ महाप्रबंधक एम.एफ. हक के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने मुख्य वक्ता डॉ. ओंकार शर्मा, निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र तथा सभी प्रतिभागियों का अभिनंदन किया और कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए सफल आयोजन की शुभकामनाएं दीं। समारोह को संबोधित करते हुए एच.एन. मिश्र, निदेशक (एचआर) ने कहा कि नए लेबर कोड्स देश की श्रम व्यवस्था को आधुनिक, पारदर्शी और कर्मचारी-हितैषी बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम साबित होंगे।उन्होंने डॉ. शर्मा के योगदान की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया और कहा कि श्रम संहिताओं की ड्राफ्ट समिति में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जिससे कर्मियों को प्रावधानों को प्रामाणिक स्रोत से समझने का अवसर मिलेगा ।

मुख्य सत्र में डॉ. ओंकार शर्मा ने चारों श्रम संहिताओं को सरल समाचार शैली में, व्यावहारिक उदाहरणों और आसान भाषा में समझाया, ताकि कर्मी उनके कानूनी और प्रक्रियागत पक्ष को सहजता से आत्मसात कर सकें। उनका व्याख्यान संवादात्मक, तथ्य-प्रधान और रोचक रहा, जिसमें प्रतिभागियों नें सराहा।

कार्यक्रम में कुल 120 प्रतिभागियों की उपस्थिति रही, जिनमें मुख्यालय के महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष, सभी एसओ (एचआर), क्षेत्रों एवं मुख्यालय के मानव संसाधन अधिकारी शामिल रहे। प्रतिभागियों ने सत्र को ज्ञानवर्धक और कार्य-प्रणाली में तात्कालिक उपयोग के लिए महत्वपूर्ण बताया। प्रशिक्षण के बाद वे नए श्रम कानूनों की भावना और अनुपालन प्रक्रिया को बेहतर तरीके से लागू कर पाएंगे। कार्यक्रम के पहले दिन का समापन प्रश्नोत्तर और अनुभव साझा सत्र के साथ हुआ, जहां अधिकारियों ने वक्ता की सरल, तर्कसंगत और व्यावहारिक प्रस्तुति की मुक्त कंठ से सराहना की।

सीसीएल आगे भी इस प्रकार के जागरूकता एवं क्षमता संवर्धन कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि सभी अधिकारी और कर्मचारी बदलते श्रम ढांचे के साथ तालमेल रखते हुए बेहतर कार्य संस्कृति सुनिश्चित कर सकें।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्यपाल ने प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद और शहीद लांस नायक अल्बर्ट एक्का को दी श्रद्धांजलि



**रांची :** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती और परमवीर चक्र से सम्मानित शहीद लांस नायक अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि के अवसर पर राजभवन स्थित प्रांगण में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद भारतीय इतिहास में एक प्रेरणादायी व्यक्तित्व रहे हैं। उन्होंने सादगी, ईमानदारी और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना के साथ भारत का नेतृत्व किया। उनके विचार और कार्य आज भी देशवासियों के लिए पथप्रदर्शक हैं। राज्यपाल ने शहीद अल्बर्ट एक्का को नमन करते हुए कहा कि उनकी वीरता और बलिदान देश को सदैव प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने 1971 के भारत-पाक युद्ध के दौरान अदम्य साहस और वीरता का परिचय देते हुए राष्ट्र की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। राजभवन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद और शहीद लांस नायक अल्बर्ट एक्का को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### झारखंड का राजभवन अब लोक भवन के नाम से जाना जाएगा, अधिसूचना जारी




**रांची :** झारखंड के राजभवन का नाम अब बदलकर अब लोक भवन कर दिया गया है। राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव नितीन मदन कुलकर्णी ने बुधवार को इस संबंध में आदेश जारी किया। नई अधिसूचना के अनुसार अब रांची और दुमका स्थित राजभवन को आधिकारिक रूप से लोक भवन के नाम से जाना जाएगा। अधिसूचना में बताया गया है कि यह परिवर्तन भारत सरकार के गृह मंत्रालय और झारखंड के राज्यपाल की मंजूरी के बाद लागू किया गया है। नाम परिवर्तन के फैसले का उद्देश्य संस्थान को अधिक जनोन्मुख और लोकतांत्रिक पहचान देना बताया जा रहा है। इसके लागू होने के साथ ही विभिन्न सरकारी अभिलेखों, पत्राचार, बोर्डों और संकेतक पट्टों में भी जल्द इसका परिवर्तन किया जाएगा।

### रांची के डीसी-एसएसपी ने परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का को दी श्रद्धांजलि



**रांची :** परमवीर चक्र विजेता लांस नायक अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि पर सोमवार को रांची के उपायुक्त (डीसी) मंजूनाथ भजंत्री और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश रंजन ने अल्बर्ट एक्का चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने उन्हें देश का सच्चा वीर बताते हुए उनके योगदान को नमन किया।

उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि लांस नायक अल्बर्ट एक्का ने 1971 के भारत-पाक युद्ध में अदम्य साहस का परिचय दिया और राष्ट्र की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका यह बलिदान देश की अमूल्य धरोहर है, जो आने वाली पीढ़ियों को सदैव देश सेवा के लिए प्रेरित करेगा। वहीं, एसएसपी राकेश रंजन ने कहा कि अल्बर्ट एक्का की वीरता पूरे देश के लिए गर्व की बात है। उनकी शौर्य गाथा हमें कर्तव्य, समर्पण और देशप्रेम का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र ऐसे वीर सपूतों को कभी भुला नहीं सकता।

### कांग्रेस ने मनाई राजेंद्र प्रसाद, खुदीराम बोस की जयंती और अल्बर्ट




**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से बुधवार को कांग्रेस भवन, रांची में देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद, क्रांतिकारी खुदीराम बोस की जयंती और परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने तीनों महान नेताओं के चित्र पर माल्यार्पण कर की। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने साधारण परिवार से उठकर राष्ट्रपति बनकर देश को नई दिशा दी। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा है और हमें उनके बताए रास्ते पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि क्रांतिकारी खुदीराम बोस का बलिदान युवाओं और देशवासियों को देशभक्ति, समर्पण और त्याग की सीख देता है।अल्बर्ट एक्का की वीरता को याद करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी शहादत झारखंड और देश के लिए गर्व की बात है। उनकी बहादुरी हमें हमेशा देश सेवा के लिए प्रेरित करती है।

### उप प्रशासक की अध्यक्षता में हुई इनफोर्समेंट टीम की समीक्षा बैठक

**रांची :** रांची नगर निगम की इनफोर्समेंट टीम शहर को स्वच्छ, सुंदर और अतिक्रमण-मुक्त बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। इसी क्रम में आज उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहू की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में शहर में चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान और स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर करने के लिए कई जरूरी निर्देश दिए गए। अतिक्रमण हटाने के दौरान किसी तरह का पक्षपात न हो और नियम अनुसार सभी पर कार्रवाई की जाए। सभी इलाकों में बड़े पैमाने पर अभियान चलाकर मुख्य सड़कों व मार्गों को पूरी तरह अतिक्रमण-मुक्त रखा जाए। अवैध निर्माण, गुमटी, ठेला और कब्जों को तुरंत हटाया जाए। तालाबों और वाटर बॉडीज के आस-पास विशेष निगरानी रखते हुए अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई की जाए। हरमू नदी के आसपास बनी सभी अनाधिकृत संरचनाओं पर विशेष अभियान चलाने का निर्देश। बिना नक्शा पास कराए किए जा रहे किसी भी निर्माण पर तुरंत दंडात्मक कार्रवाई हो।

## एक नजर

### स्टेट बैंक में निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का हुआ आयोजन

**बोकारो** : भारतीय स्टेट बैंक द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में पहल करते हुए सेक्टर 4 शाखा में जांच शिविर का आयोजन किया गया। ऑरकिड हॉस्पिटल रांची के संयुक्त तत्वाधान में कर्मचारियों, पेंशनर एवं ग्राहकों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ भारतीय स्टेट बैंक बोकारो रीजन के क्षेत्रीय प्रबंधक अभिषेक कुमार सिन्हा द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सकों की टीम ने आगंतुकों की ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, बीएमआई, हीमोग्लोबिन आदि सामान्य स्वास्थ्य परीक्षणों की जांच की। साथ ही नेत्र परीक्षण शिविर भी आयोजित की गई। शिविर में बैंक के कर्मचारियों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र के नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। चिकित्सक टीम द्वारा सीपीआर डेमो प्रदर्शित कर लोगों को कार्डियक अरेस्ट की स्थिति में आकस्मिक उपचार व जीवन रक्षण पद्धति का सविस्तार व्याख्यान किया गया। क्षेत्रीय प्रबंधक सिन्हा ने बताया कि बैंक समय-समय पर ऐसे सामाजिक व स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम आयोजित करता रहता है। यह स्वास्थ्य जागरूकता के साथ लोगों को जीवन शैली में सुधार के लिए भी प्रोत्साहित करता है।

### जेवियर्स बोकारो में नए छात्र परिषद् का शपथ ग्रहण

**बोकारो** : सेंट जेवियर स्कूल, बोकारो स्टील सिटी के प्रांगण में नए छात्र परिषद् और विद्यालय के अन्य क्लबों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्षों को पद एवं गोपनीयता की शपथ विद्यालय के प्रधानाचार्य महोदय फादर अरुण मिंज द्वारा दिलवाया गया। मौक पर विद्यालय के कप्तान श्रेयश आदित्य ने अपने आखिरी आधिकारिक भाषण में बताया कि उन्होंने कैसे अपने कार्यकाल के दौरान चीजों को समझा एवं नई चुनौतियों का सामना किया। नए छात्र परिषद् के कप्तान रौनक ठाकुर एवं उप कप्तान अनुष्का दत्ता ने शपथ ग्रहण किया। इसके बाद बाकी क्लबों के अध्यक्ष, उपाध्यक्षों, साथ-ही अन्य सदस्यों ने भी अपने पद के लिए शपथ लिया। साथ-ही दसवीं के बोर्ड्स परीक्षा में उत्तम प्रदर्शन करने पर आई सी एस ई की तरफ से अनन्या कुमारी, सनल कुमार, ऋषि राज,सात्विक कुमार, मुकुंद कुमार, रौनक ठाकुर , आयुष्मान मोदक, अनिंद्या सेन शैक्लेन इकबाल एवं भावना झा को सम्मानित किया किया।

### पासवा जिलाध्यक्ष ने की अलाव और काढ़े की व्यवस्था की मांग

**कोडरमा** : जिले में जारी कड़ाके की शीत लहर और बढ़ती ठंड के मद्देनजर, पासवा जिला अध्यक्ष मुन्ना कुमार ने जिला प्रशासन, नगर परिषद्, और पंचायत प्रतिनिधियों से मानवीय कदम उठाने की अपील की है। मुन्ना कुमार ने, जो स्थानीय चाणक्य एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा संचालित चाणक्य इंटरनेशनल आवासीय विद्यालय, आरआरटी रोड, चाराडीह, कोडरमा के निदेशक भी हैं, विशेष रूप से अलाव और काढ़े की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। उन्होंने अनुरोध किया है कि शहर से लेकर पूरे जिले के चौक-चौराहों, बस स्टैंडों, रेलवे स्टेशनों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर तुरंत आग तपने (अलाव) की व्यवस्था की जाए, ताकि आम लोगों को ठंड से राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि सर्दी, खांसी, बुखार और अन्य ठंडजनित बीमारियों से बचाव और स्वस्थ रहने के लिए काढ़े के उपायों की व्यवस्था बहुत आवश्यक है। मुन्ना कुमार ने जिला प्रशासन, नगर पालिका, पंचायत प्रमुखों, यहाँ तक कि MP और MLA से भी, इस कड़ाके की ठंड में गरीब और अनाथ परिवारों के लिए मानवीय कदम उठाने का आग्रह किया है।

## विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

# दिव्यांगो के साथ किसी प्रकार के भेद-भाव नहीं किया जाना चाहिए : गौतम कुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा** : राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली के निर्देश के आलोक में झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा एवं जिवोदया होली फैमिली कोडरमा के संयुक्त तत्वावधान में विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर होली फैमिली अस्पताल, कोडरमा परिसर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया ' समारोह के मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा के सचिव गौतम कुमार उपस्थित रहे । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला



विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा के सचिव गौतम कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांगो के साथ किसी भी प्रकार के भेद-भाव नहीं किया जाना चाहिये। दिव्यांगो को समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए वे सभी अधिकार प्राप्त है जो आम लोगों को प्राप्त है। दिव्यांगो को दवा से ज्यादा प्रेम और सहानुभूति की जरुरत है तथा प्राधिकार दिव्यांगो की हर प्रकार सहायता करने को कृत संकल्पित है। शिविर को संबोधित करते हुए गौतम कुमार ने कहा कि दिव्यांगो को सरकार द्वारा चलाये जा रहे हर योजना का लाभ दिलाने के लिए मै हमेशा तत्पर रहूँगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जीवोदया की सिस्टर रोनिटा ने कहा कि दिव्यांग जनों को समाज की मुख्य धारा में शामिल करने के लिए समाज के हर व्यक्ति को प्रयत्नशील रहने की जरूरत है। साथ ही दिव्यांग जनों के प्रति हमेशा सहानुभूति पूर्वक व्यवहार किया जाना चाहिए, ताकि वह अपने आप को हीन भावना से ग्रसित ना समझे और समाज की मुख्य धारा में शामिल होकर अपना सर्वांगीण विकास कर सके। मौके पर न्यायालयकर्मी संतोष कुमार सिंह सिस्टर रोनिटा, सिस्टर माला, सिस्टर ज्योति, अन्ना मैरी हांसदा, सहित सैकड़ों गणमान्य लोग व स्वास्थ्यकर्मी आदि मौजूद थे।

## डीएवी के तीन विद्यार्थियों ने विज्ञान मंथन के स्टेट लेवल राउंड में किया क्वालीफाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : डीएवी पब्लिक स्कूल, सेक्टर-4 के लिए गर्व का विषय है कि विद्यालय के तीन मेधावी विद्यार्थियों अंश सिन्हा कक्षा-10, आरिज हुसैन कक्षा-8 एवं स्पर्धा सिन्हा कक्षा-6 ने राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित विज्ञान मंथन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए थर्ड लेवल स्टेट राउंड के लिए क्वालीफाई किया है। विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि ने न केवल विद्यालय का नाम रोशन किया है, बल्कि शहर और क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनी है। विद्यालय प्राचार्य एसके मिश्रा ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी निरंतर मेहनत, अनुशासन, वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आगामी राउंड में भी विद्यार्थी श्रेष्ठ प्रदर्शन कर विद्यालय और शहर का नाम और अधिक ऊँचा करेंगे। विज्ञान मंथन देशभर में आयोजित की जाने वाली एक प्रमुख विज्ञान प्रतिभा खोज प्रतियोगिता है, जिसका उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक सोच एवं नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करना है। स्टेट लेवल तक पहुँचने वाले विद्यार्थियों को विज्ञान एवं शोध के क्षेत्र में भविष्य के लिए व्यापक अवसर प्राप्त होते हैं।

## चास रोटरी ने थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए किया रक्तदान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : रोटरी क्लब ऑफ चास द्वारा इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी, ब्लड सेंटर, बोकारो में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। ब्लड मैन रोटेरियन हरबंश सिंह सलूजा के नेतृत्व में कुल 30 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। रोटेरियन सलूजा ने बताया की इस शिविर में मुख्य रूप से थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्त एकत्रित किया गया। रोटेरियन मुन्ना सिंह ने कहा की चास रोटरी वर्षों से रक्तदान शिविर का आयोजन करती आ रही है और यह सेवा आगे भी जारी रहेगी। चास रोटरी की अध्यक्षा रोटेरियन डिंपल कौर ने बताया कि बचाव ही सेवा है और सेहत ही उम्मीद है। उन्होंने कहा की दिसंबर महीना रोटरी का बीमारी से बचाव और इलाज का महीना है। और इसी



के अंतर्गत सारे रोटरी क्लब दिसंबर महीने में हेल्थ पर फोकस करने वाली एक्टिविटी करने के लिए वचनबद्ध हैं, जैसे कि हेल्थ कैंप, ब्लड डोनेशन कैंप, स्क्रीनिंग प्रोग्राम, हाइजीन अवेयरनेस सेशन या कम्युनिटी की भलाई के लिए कोई भी अन्य जरूरी सेवा कार्य। कार्यक्रम की शुरूआत चास रोटरी के पास्ट प्रेसिडेंट श्री बिनोद चोपड़ा जी ने अपना रेयर ब्लड ग्रुप ओ नेगेटिव का रक्तदान कर किया उपरांत रोटेरियन श्री हरबंश सिंह सलूजा ने अपना 56वां रक्तदान किया। रो. चनप्रीत सिंह ने अपना 46वां रक्तदान, रो. गौरव रस्तोगी, रो.अमन मल्लिक, रो. आनंद अग्रवाल, सहित ह्यूमैनिटी सेवियर्स के रो. तनवीर सिंह ने अपना 37वां रक्तदान, प्रवीण कुमार ने 31वां रक्तदान, सौरव चौहान ने 30वां रक्तदान, निकेश सिंह ने 22वां रक्तदान एवं अन्य सभी ने रक्तदान किया।

## मजदूर आक्रोशित बड़े आन्दोलन के लिए है तैयार : बिके चौधरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : जान की हिफाजत और अधिकार के लिए जय झारखंड मजदूर समाज की योर से बोकारो स्टील मे चलाए जा रहे जनजागरण कार्यक्रम के तहत आज सातवें दिन कोक ओवेन एन्ड कोक केमिकल बिभाग के बैट्री नम्बर 3 और 4के बीच झारखंड मुक्ति मोर्चा केन्द्रीय सदस्य सह जय झारखंड मजदूर समाज के महामंत्री बि के चौधरी के उपस्थिति मे सेकडो इस्पातकर्मी और ठेकाकमीयों ने गगनभेदी प्रबंधन बिरोधी नारे के माध्यम से अपनी बेदना बताने का काम किया। कार्यक्रम का अध्यक्षता युनियन के उपाध्यक्ष सी के एस मुण्डा ने किया जबकि संचालन संयुक्त महामंत्री अनिल कुमार ने करते हुए कहा कि अब मजदूर अपने हक अधिकार के प्रति सजग हो चूका है। इसलिए अन्य बिभागों के तरह कोक ओवेन के कर्मचारियों मे जय झारखंड मजदूर



समाज पर अटूट विश्वास है इसलिए युनियन आन्दोलन जो भी रूप रेखा का घोषणा करेगी यहाँ का मजदूर भी बढ़चढ़ कर आन्दोलन मे भाग लेगा। युनियन के महामंत्री बि के चौधरी ने कहा कि मजदूरों के बढे हुए आक्रोश को देखते हुए उनके मांगो पर सकारात्मक पहल करनी चाहिए। बर्तमान प्रबंधन के नेतृत्व मे उत्पादन मे लग रहे उछाल और छलांग के बीच हमारी युनियन भी नही चाहती कि झारखंड स्थित प्लांट को बड़ा नुकसान हो लेकिन मरता क्या नही करता इस बात को प्रबंधन को भी सोचना पड़ेगा। मजदूर आसमान और तारे नही मांग रहा वह मांग रहा अपने जान की हिफाजत, बर्षों से लटके 39 महिने का एरियर, इन्सेंटिव रिवार्ड स्कीम मे बदलाव, उच्चतम गुणवत्तायुक्त सेफ्टी उपकरण, सेफ्टी बिभाग द्वारा प्रतिदिन हर बिभाग मे मजदूरों के बीच जाकर उनका हालचाल पुछना, यू एस डब्लू को मोटर साइकिल गेट पास, एस डब्लू का जबतक ई एस आई से ईलाज शुरू नही हो जाता तबतक बी जी एच मे ईलाज, खून पसीने से कमाई गये बेतन मे से ठेकेदार को पैसा वापस नही करने, बहुत ज्यादा नही तो मिल रहे कुछ ठेकाकर्मीयों की तरह साइकिल भत्ता, केन्टीन भत्ता, रात्री पाली भत्ता तो मिलना चाहिये।

## नगर परिषद चुनाव में वार्डवार आरक्षण में भारी त्रुटि का आरोप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया** : नगर परिषद एवं नगर पंचायत चुनाव को लेकर वार्डवार आरक्षण सूची पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए भाजपा कोडरमा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य नितेश चन्द्रवंशी ने कड़ा आपत्ति पत्र जारी किया है। उन्होंने कहा कि झुमरी तिलैया नगर परिषद, डोमचांच नगर पंचायत तथा कोडरमा नगर पंचायत के लिए तैयार की गई आरक्षण सूची न केवल त्रुटिपूर्ण है, बल्कि यह पूरी तरह असंवैधानिक प्रतीत होती है।

उन्होंने कहा कि विभिन्न अखबारों एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रकाशित हुई आरक्षण सूची को देखने के बाद स्पष्ट होता है कि प्रशासन ने वार्डवार आरक्षण निर्धारण में भारी गलती की है। चन्द्रवंशी ने आरोप लगाया कि आरक्षण श्रेणी का निर्धारण किसी पूर्वाग्रह, दबाव अथवा प्रभाव में किया गया है, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था और संविधान की भावना के विरुद्ध है। चन्द्रवंशी ने प्रशासन से मांग की कि आरक्षण तय करने में जिन मापदंडों का उपयोग किया गया है उनका पुनः मूल्यांकन किया जाए और चुनाव आयोग को भेजी गई प्रस्तावित सूची की दोबारा जांच कराई जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आपत्ति दर्ज होने के बावजूद भी अधिकारियों द्वारा जानबूझकर त्रुटियों को अनदेखा किया जाता है, तो संबंधित अधिकारियों को न्यायालय का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कोडरमा जिला प्रशासन इस मामले में न्यायसंगत और पारदर्शी कार्रवाई करेगा, ताकि नगर पंचायत एवं नगर परिषद के आगामी चुनाव निष्पक्ष एवं नियमों के अनुरूप संपन्न हो सकें।

## झामुमो युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मो. सद्दाम के सहयोग से कैंसर पीड़ित को मिला मुख्यमंत्री असाध्य रोग योजना का लाभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा** : असनाबाद निवासी 36 वर्षीय मो. रियाज उद्दीन पिछले एक वर्ष से कैंसर की गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। जीभ में कैंसर का लक्षण पाए जाने के बाद वह इलाज के लिए मुंबई गए, जहाँ उपचार के दौरान उनकी पूरी जमा-पूंजी खर्च हो गई। इलाज जारी रखने के लिए परिवार को अपनी जमीन तक बेचनी पड़ी, फिर भी उपचार पूर्ण नहीं हो सका। इसी बीच मामला झारखंड मुक्ति मोर्चा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष मो. सद्दाम के संज्ञान में आया। उन्होंने तत्काल पीड़ित परिवार से मुलाकात कर मुख्यमंत्री असाध्य रोग उपचार योजना के बारे में जानकारी दी




और स्वयं आगे बढ़कर सभी आवश्यक कागजात तैयार कराने में सहयोग किया। आवेदन तैयार होने के बाद मो. सद्दाम सीधे स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी से मिले और त्वरित संज्ञान लेने का अनुरोध किया। स्वास्थ्य मंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कोडरमा सदर अस्पताल के सिविल सर्जन को शीघ्र कार्रवाई का निर्देश दिया। निर्देश प्राप्त होने के बाद मो. सद्दाम ने सिविल सर्जन से मिलकर पूरी स्थिति रखी। तत्पश्चात सिविल सर्जन ने तेजी दिखाते हुए मात्र दो दिनों के भीतर इलाजरत अब्दुल रज्जाक कैंसर हॉस्पिटल, रांची के खाते में 4,95,050 की राशि भेज दी। मो. सद्दाम ने इसके लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी, साथ ही प्रभारी सिविल सर्जन और उपाधीक्षक के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की संवेदनशील नीतियाँ गरीब मरीजों के लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं। वहीं, पीड़ित परिवार की पत्नी रौनक परवीन ने मो. सद्दाम का आभार जताते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन, सहयोग और लगातार दौड़-भाग की बदौलत ही उन्हें इस योजना का लाभ मिल पाया, जिससे उनके पति के इलाज की राह आसान हुई।

## संक्षिप्त खबरें

### मारवाड़ी युवा मंच, झुमरीतिलैया ने गौसेवा कर पेश की मिसाल



**झुमरीतिलैया** : मारवाड़ी युवा मंच, झुमरीतिलैया शाखा द्वारा गौसेवा का एक प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया। सेवा और करुणा की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए मंच के सदस्यों ने कोडरमा गौशाला पहुंचकर गायों के लिए खाद्य सामग्री का दान किया और स्वयं हाथों से गौ-भोजन कराया।कार्यक्रम के तहत मंच द्वारा 30 किलोग्राम गुड़, 50 किलोग्राम चोकर का दान गौशाला प्रबंधन को सौंपा गया। इस दौरान सदस्यों ने गौशाला परिसर का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को समझा तथा भविष्य में भी सतत सहयोग देने की प्रतिबद्धता जताई। सेवा कार्यक्रम के दौरान मंच के अध्यक्ष राहुल जैन ने कहा कि समाज सेवा और पशु सेवा, दोनों ही मंच की प्राथमिकताओं में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि आगे भी नियमित रूप से ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि गौशाला को निरंतर सहयोग मिलता रहे। कार्यक्रम में गणमान्य सदस्यों की उपस्थिति रही, जिनमें शामिल हैं: राहुल जैन अध्यक्ष, अंकित केडिया सचिव, राहुल चौधरी कोषाध्यक्ष,शुभम चौधरी प्रोजेक्ट डायरेक्टर, रितेश दुग्गड़, अरविन्द चौधरी, चन्द्रशेखर जोशी, अनुराग हिसारिया,अजय शर्मा, मनीष अग्रवाल, तुषार चौधरी गौशाला के सह सचिव अरुण मोदी तथा सज्जन शर्मा ने मंच के अध्यक्ष राहुल जैन सहित सभी पदाधिकारियों का स्वागत एवं सम्मान किया। उन्होंने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच द्वारा दिया गया सहयोग गौशाला के संचालन में महत्वपूर्ण योगदान देता है। सेवा, सहयोग और करुणा का यह कार्यक्रम समाज में सकारात्मक संदेश छोड़ गया।

### सोभिया देवी का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर



**जयनगर** : प्रखंड अंतर्गत बाघमारा में संचालित आदर्श शिशु प्लस टू विद्यालय बाघमारा के निदेशक रामदेव प्रसाद यादव के मां सोभिया देवी उम्र 90 वर्ष का निधन बुधवार सुबह 10:00 बजे उनके आवास पर हो गया। मृत्यु की खबर सुनते ही पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल छा गया। उनका दाह संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में बुधवार को ही संपन्न हुआ। मुखाग्नि निदेशक रामदेव प्रसाद यादव के द्वारा दिया गया। मृतका अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर गई है। शोक संवेदना व्यक्त करने वाले लोगों का तांता दिखा। मृतक की आत्मा की शांति के लिए विद्यालय परिवार के द्वारा शोकव्यक्त किया गया। विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने मृतक की आत्मा को श्री चरणों में स्थान के लिए 2 मिनट का मौन रखा। मंत्री अन्नपूर्णा देवी, पिछड़ा राज्य आयोग अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव, विधायक अमित कुमार यादव, प्रमुख अंजू देवी, जिप सदस्य केदारनाथ यादव, मुखिया संघ के अध्यक्ष गणपत यादव, विभिन्न पंचायत के सभी मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य, सहित डॉक्टर बैजनाथ प्रसाद बरनवाल, पुनीत यादव, वासुदेव गोप, मुस्ताक खान, विजय यादव, दिवाकर राणा, प्रियंका कुमारी,माया कुमारी, श्वेता कुमारी, रोशनी कुमारी, अनु कुमारी, आदि लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त किया है।

### झारखंड विधि महाविद्यालय में पांच से अंतर राज्यीय खेलकूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिता

**झुमरीतिलैया** : झारखंड विधि महाविद्यालय के सभागार में बुधवार को प्रेरणा स्थल पर तीन दिवसीय अंतर राज्यीय खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर एक बैठक आहूत की गई। बैठक में स्व लालन नारायण मिश्रा दिवंगत कर्मियों एवं सहयोगियों के स्मृति में झारखण्ड विधि महाविद्यालय प्रेरणा स्थल पर तीन दिवसीय अन्तर्राज्यीय खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन करने का निर्णय लिया गया। यह कार्यक्रम झारखण्ड एजुकेशनल एण्ड कल्चरल डेवल्पमेंट सोसाइटी के सचिव ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की जिसे 05, 06 एवं 07 दिसम्बर 2025 की तिथि निर्धारित की। जिसमें बिहार एवं झारखण्ड राज्य के महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं एवं समाज के प्रतिभाशाली युवाओं को भी भाग लेने का अवसर दिया गया है खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के उद्घाटन कार्यक्रम में विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के कुलसचिव डॉ सादिक राजाक एवं झारखण्ड राज्य अधिवक्ता परिषद के उपाध्यक्ष राजेश शुक्ला के कर कमलों से हो करके समापन समारोह में झारखण्ड सरकार की पूर्व शिक्षा मंत्री सह विधायिक डॉ नीरा यादव के द्वारा होना सुनिश्चित हुआ है। छात्राओं एवं युवाओं का आवाहन करते हुए महाविद्यालय के सचिव ने कहा कि आप सभी अधिक से अधिक संख्या में भाग ले करके अपने प्रतिभा को समाज एवं राष्ट्र में उजागर कर अपना एवं अपने समाज एवं राष्ट्र का नाम रोशन करे। बैठक में प्रचार्य डॉ.विकास राम, प्रो अजय श्राचार्या उपप्राचार्य, प्रधान लिपिक नीरज कुमार सिन्हा डॉ. अजय कुमार यादव, डॉ. शशि भूषण मिश्रा, प्रो मिथिलेश कुमार, अरमान हुसैन कार्यक्रम संयोजक, नीलम कन्डुलना, खुशबू कुमारी, प्रमोद कुमार सिंह, अमित कुमार आदि उपस्थित थे।

### डीएवी कोडरमा ने 'भारत को जानो' राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में रहा प्रथम




**झुमरी तिलैया** : पी.वी.एस.एस. डीएवी पब्लिक स्कूल, झुमरी तिलैया, कोडरमा के छात्रों ने भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय भारत को जानो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। एक कार्यक्रम आयोजित कर भारत विकास परिषद के द्वारा विजेता छात्रों को शील्ड और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के अध्यक्ष, एवं अधिवक्ता अरुण कुमार ओझा, सेक्रेटरी विमल पचीसिया, प्रो. सी. एल. पांडे, प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रो. कैलाश राणा, धर्मेंद्र कुमार, संपर्क प्रमुख सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रिंसिपल कृष्ण कुमार सिंह ने प्रात:कालीन सभा में भारत विकास परिषद के पदाधिकारीयो का हार्दिक स्वागत करते हुए बच्चों की सफलता पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय के विद्यार्थी प्रत्येक क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना रहे हैं। वहीं भारत विकास परिषद के अध्यक्ष अरुण कुमार ओझा ने कहा कि शिक्षा, राष्ट्र सेवा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में भारत विकास परिषद उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। उन्होंने विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी और भरोसा जताया कि क्षेत्र स्तरीय प्रतियोगिता में भी डीएवी के छात्र विजेता बनेंगे और स्कूल एवं जिले का नाम रोशन करेंगे।

# बाल विवाह पर रोक के लिए विभागीय समन्वय और जनभागीदारी अनिवार्य : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरायकेला :** बुधवार को समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त सरायकेला-खरसावाँ नितिश कुमार सिंह की अध्यक्षता में बाल विवाह उन्मूलन एवं रोकथाम विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला निवेदिता नियति, अनुमंडल पदाधिकारी चांडिल विकास राय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव तौसीफ मिराज, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सत्या ठाकुर, जिला शिक्षा पदाधिकारी कैलाश मिश्रा, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी,सभी अंचलधिकारी, सभी CDPO, सभी BEEO, विभिन्न विद्यालय एवं महाविद्यालयों के प्रधानाचार्य, सभी महिला पर्यवेक्षका उपस्थित रहे। कार्यक्रम का



उद्देश्य बाल विवाह निषेध अधिनियम से संबंधित कानूनी प्रावधानों का प्रसार, रोकथाम हेतु विभागीय समन्वय को सुदृढ़ करना तथा समाज में व्यापक जागरूकता स्थापित करना था। अपने संबोधन में उपायुक्त सिंह ने कहा कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक कुरीति है, जो बालिकाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, मानसिक विकास और भविष्य की संभावनाओं को गंभीर रूप से प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के अनुसार लड़कियों की विवाह आयु अठारह वर्ष तथा लड़कों की इक्कीस वर्ष निर्धारित है और इस कानून का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है। उपायुक्त ने बताया कि कम उम्र में विवाह होने से बालिकाओं की शिक्षा बाधित होती है, स्वास्थ्य जोखिम बढ़ते हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की संभावनाएँ सीमित हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन और समाज को मिलकर इस कुरीति के उन्मूलन के लिए समन्वित, संवेदनशील और निर्णायक प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि इन कार्यशालाओं में बालिकाओं, किशोरियों और महिलाओं के लिए संचालित केंद्र एवं राज्य सरकार की शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा, कौशल विकास तथा महिला सशक्तिकरण योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाए तथा जो लाभार्थी अब तक इन योजनाओं से वंचित हैं, उन्हें चिह्नित कर आवेदन प्रक्रिया और पात्रता संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई जाए। उपायुक्त ने कहा कि योजनाओं से अधिकाधिक लाभार्थियों को जोड़ने से समाज में सकारात्मक, व्यावहारिक और स्थायी परिवर्तन संभव हो सकेगा।

## डीसी ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**सरायकेला :** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत बुधवार को समाहरणालय परिसर, सरायकेला से उपायुक्त नितिश कुमार सिंह द्वारा व्यापक जन-जागरूकता अभियान का शुभारम्भ किया गया तथा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसी क्रम में, उपायुक्त द्वारा हस्ताक्षर अभियान का भी शुभारम्भ किया गया, जिसके माध्यम से नागरिकों को बाल विवाह उन्मूलन के प्रति जागरूक करने तथा सामाजिक प्रतिबद्धता सुनिश्चित करने का संदेश दिया गया। यह रथ 03 दिसंबर से 23 दिसंबर 2025 तक जिले के विभिन्न गांवों का भ्रमण करेगा और बाल विवाह रोकथाम से संबंधित संदेश जन-जन तक पहुँचाएगा।

## एक नजर

### बिडरा और बांगुडदा का मॉडल सोलर ग्राम में चयन



**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के दो आदर्श ग्राम बांगुडदा ओर बिडरा गांव को मॉडल सोलर ग्राम के तहत जिले में किया गया है। जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी शशि नीलिमा डुंगडुंग ने बताया कि जिले के कुल दस गांवों में से पटमदा के दो ग्राम बांगुडदा ओर बिडरा गांव का चयन मॉडल सोलर ग्राम के तहत हुआ हैं। आगामी छह माह के अंदर दोनों गांवों में सोलर से संबंधित विभिन्न योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू किया जाएगा। जिसमें ज्यादा से ज्यादा इच्छुक लाभुकों को योजना से जोड़ा जाएगा। बैठक में बीडीओ शशि नीलिमा डुंगडुंग, प्रमुख बालिका सोरेन, बांगुड़दा मुखिया कल्याणी सिंह, बिडरा मुखिया काजल सिंह, उप मुखिया गोपाल गोराई, निर्मल रजक, ग्राम प्रधान विकास महतो, सहित कई जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

### दो बाईक की टक्कर में एक युवक धायल

**सिल्ली :** मुरी ओपी अंतर्गत तुलीन हाट बगान निवासी मुकेश महतो उम्र 18 वर्ष की झारखंड मोड के समीप आमने सामने दो बाईक टक्कर होने से धटना स्थल पर धायल हो गया। जानकारी के अनुसार मुकेश महतो अपने बाईक हीरो स्पलेंडर बाईक सिल्ली से अपने घर तुलीन हाट बगान जा रहा था तभी अचानक झारखंड मोड के समीप विपरीत दिशा से दुसरी बाईक से सिधी टक्कर हो गई। जिससे मुकेश महतो धायल हो गया प्रशासन के द्वारा सिंगपुर नर्सिंग होम प्राथमिक उपचार के लिए लाया गया। जहां उपचार के एक धटा उनकी मौत हो गई।

### कारगिल शहीद नागेश्वर महतो की जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम

**ईचागढ़ :** ईचागढ़ प्रखंड के एनएच 33 नागासेरेंग चौक पर बुधवार को कारगिल वीर शहीद सुबेदार नागेश्वर महतो की जयंती मनाई गई। इस दौरान वीर शहीद सुबेदार नागेश्वर महतो की मुर्ति पर माल्ययार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इस मौके पर विस्थापित मुक्ति वाहिनी नेता नारायण गोप ने कहा कि आज हमारे देश की सेना के त्याग और बलिदान से हम सब देश बासी चैन की नींद से सो पाते है। ऐसे वीर सपूत को हमेशा ख्याल रखकर सम्मान करना चाहिए। इस मौके पर नारायण गोप,धनश्याम महतो,गणपति कैवर्त,कालू अंसारी,हेमंत गोप आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

### उपायुक्त ने की बस स्टैंड और सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण

**सिमडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह ने मंगलवार को देर रात बस स्टैंड और सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दोनों स्थानों पर व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सबसे पहले उपायुक्त बस स्टैंड पहुंचीं, जहां उन्होंने साफ-सफाई, दुकान संचालन और समग्र व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण में यह पाया गया कि कई दुकानदार द्वारा लंबे समय से किराया जमा नहीं किया जा रहा है। इस पर उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि संबंधित दुकानदार को तीन बार नोटिस जारी किया जाए और निर्धारित अवधि के बाद भी किराया जमा न होने पर दुकान को खाली कराकर किसी योग्य व्यक्ति को आवंटित किया जाए। उन्होंने बस स्टैंड परिसर में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाने और यात्रियों की सुविधाओं को और बेहतर बनाने पर जोर दिया।

# शत प्रतिशत बच्चों का नामांकन सुनिश्चित हो : सुदीप गुड़िया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** तोरपा विधान सभा के अन्तर्गत पड़ने वाले कर्रा प्रखंड के छः पंचायतो के कुल 62 विद्यालय प्रभारी शिक्षकों का गुरु गोष्ठी लुथेरन उच्च विद्यालय गोविन्दपुर में विधायक तोरपा सुदीप गुड़िया की अध्यक्षता में गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया, कार्यक्रम की शुरूआत के पूर्व विद्यालय की छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया एवं विद्यालय प्रभारी के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। गोष्ठी के पुर्व प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के द्वारा स्वागत भाषण दिया गया, आज के इस बैठक में विधायक महोदय के द्वारा कहा गया कि तोरपा विधान सभा आदर्श विधान सभा होगा इसके लिए सभी को काम करने की जरूरत है, विकास की नींव शिक्षा हीं है सबसे पहले शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना है, सभी विद्यालय अपने अपने पोषक क्षेत्र के शत प्रतिशत बच्चों का विद्यालय में नामांकन और सुनिश्चित करें और शुन्य ड्राप आउट घोषित करें, जरुरत के अनुसार हर सम्भव विद्यालय को मदद किया जाएगा इसके लिए हमेशा तत्पर हैं, सभी छात्रों को पोशाक एवं छात्रवृत्ति मिले यह सुनिश्चित हो सभी छात्रों को सरकारी लाभ मिले यह तय किया जाय। विधायक महोदय ने कहा कि पेयजल की समस्या हो, शौचालय मरम्मत कराना हो या विद्यालय मरम्मत का कार्य हो उसके लिए आवेदन दें काम पुरा होगा, कार्यक्रम का संचालन प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनमोहन साहु ने किया, इस अवसर पर प्रखंड साधन सेवी सूर्यकांत कुमार, संकुल साधन सेवी सपना कुमारी, दीपा कुमारी एवं प्रखंड एम आई एस अंकित कुमार सहीत सुजीत कुमार पाढ़ी मौजुद थे।

# 500 दिव्यांगों के बीच आजसू नेता हरे लाल महतो ने किया कंबल वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कुकडू :** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर कुकडू हाट तोला में विकलांग संरक्षण समिति द्वारा वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरे लाल महतो शामिल हुए। साथ ही पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष सह आजसू केंद्रीय सचिव अशोक साव उर्फ. माझी साव, समिति के अध्यक्ष अरुनेन्द्र नारायण सिन्हा, पूर्व शिक्षक वैद्यनाथ महतो, आजसू प्रखंड अध्यक्ष अरुण महतो, बादल महतो, सुनील महतो, बांकीम महतो एवं कृष्णा पोद्दार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर समिति की ओर से मुख्यमंत्री के नाम अंचलधिकारी के माध्यम से मांगपत्र सौंपा गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए हरे लाल महतो ने कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न अंग हैं, परंतु झारखंड सरकार द्वारा उन्हें पर्याप्त सम्मान एवं सुविधाएँ उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं, जो अत्यंत निराशाजनक है। उन्होंने कहा कि एक सामान्य व्यक्ति की तुलना में दिव्यांगजन अधिक संरक्षण और सुविधाओं के हकदार हैं। महतो ने उपस्थित दिव्यांगों से आग्रह किया कि वे स्वयं को कभी भी अक्षम न समझें, क्योंकि मजबूत इच्छाशक्ति और दृढ़ संकल्प से वे समाज में बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं। उन्होंने राज्य सरकार से दिव्यांगजन पेंशन को बढ़ाकर प्रतिमाह 5,000 रुपये किए जाने की मांग भी रखी। मौके पर अशोक साव उर्फ. माझी साव ने कहा कि दिव्यांगजन समाज की ताकत हैं और उनका संरक्षण करना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि बेसहारा एवं जरूरतमंद लोगों का सम्मान करना मानवता का मूल आधार है और हमें यह स्वीकार करना होगा कि दिव्यांगजन हमारे समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

# अनगड़ा में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस मनाया गया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** प्रखंड सह अंचल मैदान में आयोजित भव्य एवं प्रेरणादायी दिव्यांग दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से खिजरी विधानसभा क्षेत्र के यशस्वी, कर्मठ एवं जन-जन के प्रिय विधायक राजेश कच्छप शामिल हुए। विधायक ने दिव्यांग भाई-बहनों को संबोधित करते हुए हृदयस्पर्शी शब्दों में कहा-जीवन में कभी हार नहीं माननी चाहिए। जीवन संघर्षों का ही परिणाम है। जो मेहनत करेगा, सफलता उसी के कदम चूमेगी। दिव्यांगजनों को अपने हक की लड़ाई खुद लड़नी है और समाज में सिर ऊँचा करके, संघर्ष करते हुए जीना है। इस अवसर पर दिव्यांगजनों के बीच अनेक रोचक प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं-दौड़, बैसाखी रेस, मोटर ट्राइसाइकिल रेस, व्हीलचेयर रेस, कुर्सी रेस तथा गीत-संगीत के मनमोहक कार्यक्रम हुए। सभी विजेता



प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया, जिससे उनके चेहरों पर आत्मविश्वास और खुशी की चमक साफ झलक रही थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिव्यांग अध्यक्ष तबरेज अंसारी ने किया एवं संचालन सचिव लीला कुमारी, कोषाध्यक्ष रामदायल सिंह ने की। मौके पर उषा मार्टिन फाउंडेशन के डॉ. मयंक मुरारी, प्रखंड अध्यक्ष एतवा उराँव, खिजरी विधानसभा सह-प्रभारी राजेन्द्र मुण्डा, प्रमुख दीपा उराँव, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रेजाक अंसारी, जिला ग्रामीण युवा अध्यक्ष प्रत्यासी अजय उराँव, महिला अध्यक्ष सरिता देवी, विधायक प्रतिनिधि ऊर्जा विभाग छोटेलाल महतो, खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग आशीष मुण्डा, खाद्य आपूर्ति विभाग अजय करमाली, स्वास्थ्य विभाग दूतीलाल बेदिया, मत्स्य विभाग संजय नायक, महासचिव साकिर अंसारी, कांग्रेस नेता यूनुस अंसारी, आलम अंसारी, रोहित नायक, सुबोध बेदिया, मुनेश करमाली, पंचायत अध्यक्ष तिवारी भोगता, कांग्रेस नेत्री देवकी कुमारी, संगीता कैथा, लघनुराम बेदिया, रामदायल बेदिया सहित सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में एसएफसीएसी समिति की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह की अध्यक्षता में पुनरीक्षित मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत जिला स्तरीय एस एफ सी ए सी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्पॉन्सरशिप (प्रायोजन) योजना से लाभान्वित बच्चों की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी बालक-बालिकाओं की शिक्षा एवं स्वास्थ्य की नियमित मॉनिटरिंग कर संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राप्त आवंटन के तहत 14 बच्चों को जून 2025 तथा 110 बच्चों को जुलाई 2025 तक का भुगतान किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त जुलाई माह में 56 नए बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना से जोड़ा गया है। इस प्रकार वर्तमान में कुल 180 बालक-बालिकाएँ योजना का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। समिति के समक्ष उपलब्ध आवंटन एवं सदस्यों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों पर विचार करते हुए निर्णय लिया गया कि उपलब्ध बजट के अनुरूप सभी 180 लाभार्थी बच्चों को एक माह की प्रायोजन राशि का भुगतान किया जाए। बैठक में यह भी साझा किया गया कि स्पॉन्सरशिप योजना में शामिल करने हेतु 113 नए बच्चों की सूची प्रस्तुत की गई है, जिनके आवेदनों की जाँच समिति द्वारा कर ली गई है। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिन बच्चों के दस्तावेज अपूर्ण हैं उन्हें शीघ्रता से पूर्ण कराया जाए, तथा जिनके दस्तावेज अपूर्ण हैं उन्हें संबंधित पदाधिकारियों के माध्यम से समन्वय बनाकर जल्द से जल्द योजना से आच्छादित किया जाए।

# सिमडेगा में 16 दिवसीय अभियान के तहत जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम जारी




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** छोटानागपुर कल्याण निकेतन द्वारा 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक 16 दिवसीय पखवाड़ा के अंतर्गत जिले के विभिन्न स्थानों पर जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में स्कूलों, पंचायत प्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर अलग-अलग गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। अभियान के तहत संस्था की टीम ने समाहरणालय, एसपी ऑफिस और अन्य सरकारी कार्यालयों में जाकर अधिकारियों को रिस्ट बैंड बांधे और स्टीकर चिपकाए। इन स्टीकरों के माध्यम से जेंडर आधारित हिंसा को रोकने का संदेश दिया गया और यह बताया गया कि हिंसा केवल शारीरिक नहीं बल्कि डिजिटल माध्यम से भी बढ़ रही है, जिसे रोकने के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। इस क्रम में एसपी सिमडेगा एम. अर्शी को रिस्ट बैंड बांधकर महिलाओं को हिंसा मुक्त वातावरण देने का अनुरोध किया गया। तत्पश्चात एडिशनल कलेक्टर श्री ज्ञानेंद्र को भी रिस्ट बैंड और स्टीकर देकर अभियान का उद्देश्य बताया गया। उप विकास आयुक्त महोदय से भी टीम ने मिलकर उन्हें अभियान की जानकारी दी और जिले में महिलाओं के समर्थन और सुरक्षा के लिए सहयोग की अपील की। अभियान का उद्देश्य समुदाय और प्रशासन दोनों को साथ लाकर जेंडर आधारित हिंसा और बढ़ते डिजिटल अपराधों के प्रति संवेदनशील बनाना है, ताकि महिलाओं और किशोरियों के लिए सुरक्षित माहौल तैयार किया जा सके। संस्था की सचिव प्रियंका सिंह, शकुंतला सिंह, आरती देवी, मुन्नी कुमारी, राखी देवी, हीरामणि देवी और विमल बड़ाइक सहित पूरी टीम आज के कार्यक्रम में उपस्थित रही। यह अभियान जिले में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### आलम अंसारी ने हंसे उरांव से की शिष्टाचार मुलाकात, अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित



**अनगड़ा :** कांग्रेस पार्टी के युवा नेता सिरका पंचायत के नया टोली निवासी आलम अंसारी ने टाटीसिलवे थाना के नव पदस्थापित इंस्पेक्टर हंसे उरांव से शिष्टाचार मुलाकात की ओर अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

### राजकीय संपोषित केवी प्लस टू विद्यालय इटखोरी का अधूरा बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य पूरा

**इटखोरी :** राजकीय संपोषित कृष्ण बल्लभ प्लस टू विद्यालय इटखोरी का लाख विवाद के बावजूद अंततः बुधवार को जिले के उपायुक्त कृति श्री के आदेशानुसार इटखोरी केवी प्लस टू हाई स्कूल के रूके एवं अधूरे पड़े बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य पुलिस प्रशासन की देखरेख में पूरा कर लिया गया है। बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य पूरा होने के बाद केवी प्लस टू हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों तथा स्थानीय लोगों में हर्ष का माहौल है। 3 दिसंबर की सुबह 6 बजे से प्रशासनिक आदेश के बाद पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया, और शाम 6 बजे अधूरे पड़े बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया। बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य में मुख्य रूप से स्थानीय सीओ सविता सिंह, इटखोरी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह और थाना के कई अधिकारी व महिला एवं पुरुष बल, चौकीदार एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

### धान अधिप्राप्ति योजना के स्टेकहोल्डर्स के लिए जिला स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**सरायकेला :** बुधवार को जिला सहकारिता कार्यालय भवन स्थित सभागार कक्ष में खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा धान अधिप्राप्ति योजना से जुड़े स्टेकहोल्डर्स हेतु वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला आपूर्ति पदाधिकारी पुष्कर सिंह मुंडा, जिला सहकारिता पदाधिकारी, सभी एम०ओ०, सभी प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, सभी ए०जी०एम०, 27 धान अधिप्राप्ति केन्द्रों के कंप्यूटर ऑपरेटर, सभी क्रय प्रभारी (बी०एल०डब्ल्यू०), लैंप्स के अध्यक्ष/सचिव एवं राइस मिल प्रतिनिधि उपस्थित हुए। प्रशिक्षण के दौरान राज्य स्तर के मास्टर ट्रेनर द्वारा धान अधिप्राप्ति से संबंधित अति महत्वपूर्ण दिशा-निदेर्शों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसमें किसानों का सही एवं समयबद्ध ऑनलाइन निबंधन सुनिश्चित करना, धान क्रय के दौरान FAQ मानकों का अनिवार्य पालन, तौल एवं स्टॉक प्रविष्टि की पारदर्शी प्रक्रिया, किसानों की सुविधा के लिए क्रय केंद्रों पर टोकन/पंक्ति व्यवस्था का पालन, तथा किसानों को धान क्रय उपरांत एकमुश्त राशि का समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करना प्रमुख निदेर्शों में शामिल था। साथ ही राइस मिलों द्वारा समय पर धान उठाव तथा संपूर्ण क्रय प्रक्रिया के पोर्टल पर अद्यतन को अनिवार्य बताते हुए सभी पदाधिकारियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया गया।

### आयुष समिति ने आयुर्वेद एवं होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन



**पटमदा :** जिला आयुष समिति पूर्वीसिंहभूम की ओर से बुधवार को बोड़ाम के मुकरूडीह ओर दूंदू ओर पटमदा के माचा और कमलपुर में शिविर लगाकर पटमदा में कुल 387 ओर बोड़ाम में 304 मरीजों का आयुर्वेदिक और होम्योपैथ पद्धति से इलाज के साथ साथ जागरूक भी किया गया। इस दौरान मुकरूडीह में डॉ राकेश पाल, डॉ सैयदा,दूंदू में डॉ प्रियांशी और डॉ प्रदीप कु महतो,कमलपुर में डॉ रेखा दास, डॉ संचिता दत्ता,माचा में डॉ सीमा सरकार और डॉ अर्चना कुमारी ने शिविर को सफल बनाया।वही विभिन्न स्थानों पर मुख्य अतिथियो के द्वारा फीता काटकर शिविर का उद्घाटन किया।


**कार्यालय जिला परिषद्, कोडरमा।**
**ddczpkoderma@gmail.com**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यालय ज्ञापांक 812/जि0प0, दिनांक 26.11.2025 के द्वारा निकाली गई पेठियाबागी हाट बाजार, जयनगर एवं मरकच्चो हाट बाजार की बंदोबस्ती हेतु निकाली गई अति अल्पकालीन बंदोबस्ती सूचना PR NO 367205 दिनांक 27.11.2025 में अधिक से अधिक इच्छुक फर्म/संस्था/व्यक्ति भागीदारी हेतु निर्धारित तिथि की कंडिका में निम्नवत् संशोधन किया जाता है–

| क्र0 | विवरणी | पूर्व निर्धारित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | Bid जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 03.12.2025 अप0 3.00 बजे तक | 10.12.2025 अप0 3.00 बजे तक |
| 2 | Bid खोलने की तिथि एवं समय | 03.12.2025 अप0 3.00 बजे | 10.12.2025 अप0 3.00 बजे तक |

**निविदा की शेष शर्तें यथावत् रहेगी।**

आदेशानुसार
**कार्यपालक पदाधिकारी**
जिला परिषद्, कोडरमा।

PR 367653 (Panchayati Raj) 25-26 (D)

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची**

**अतिअल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं०–46/2025–26**
**Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com**

1.विभाग का नाम :–पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची।
2.विज्ञापनदाता का नाम :–कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
3.परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय :– 10.12.2025 को अपराह्न 1.00 बजे तक।
4.निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय :– 11.12..2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
5.निविदा खोलने की तिथि एंव समय :– 11.12.2025 को अपराह्न 3.30 बजे ।
6.परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची।
7.निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थान :–कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
8.कार्यो की विवरणी:–

| क | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Seepage repair & renovation of toilet and bath room, Improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work at Right Side 2nd floor, Boy's Hostel No-05 RIMS Bariyatu, Ranchi under D.W.&S. Division Gonda Ranchi. | 1485279.00 | 30000.00 | 2500.00 | 30 Days |
| 2. | Seepage repair & renovation of toilet and bath room, Improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work at Ground Floor (Right Side) Girl's Hostel No-06 RIMS Bariyatu, Ranchi under D.W.&S. Division Gonda Ranchi. | 1627175.00 | 33000.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 3. | Seepage repair & renovation of Staff, sister Dr. Chamber Toilet & General toilet and bath room (Left Side) & Improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work C-2 Block at 1st Floor Department of Medicine RIMS Bariyatu, Ranchi under D.W.&S. Division Gonda Ranchi. | 1849784.00 | 37000.00 | 5000.00 | 30 Days |

नियम एवं शर्ते सूचनापट् पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची

PR 367598 Drinking Water and Sanitation(25-26).D

## हिंदुत्व के लिए घातक है सामाजिक विभेदीकरण

अयं निजः परोवेति गणना लघुचेतसाम। उदारचरितानां तु वसुधैवकुटुम्बकम ॥ (महोपनिषद-4/71)अर्थात "यह मेरा है और वह पराया है, यह संकीर्ण सोच का लक्षण है। उदार दृष्टिकोण वाले लोग संपूर्ण पृथ्वी को अपना परिवार मानते हैं।" भारत की महान "हिन्दू संस्कृति का यह विचार भौतिक सीमाओं और भेदभाव से परे जाकर मानवता के लिए समानता, प्रेम और बंधुत्व की प्रेरणा देता है। सामाजिक समरसता का यह संदेश धार्मिक, जातिगत, भाषाई और सांस्कृतिक विविधताओं के बावजूद समाज को एकजुट करता है। हिन्दुत्व की मूल चेतना "एकत्व" की है। हिन्दू धर्म एक ऐसा दर्शन है, जो संपूर्ण सृष्टि को एक ही चेतना का विस्तार मानता है। "एक सद् विप्रा बहुदा वदन्ति" से लेकर "वसुधैव कुटुम्बका" तक, हिन्दू चिंतन का केन्द्र बिन्दु सदैव समता, करूणा, एकता और सामंजस्य रहा है। भारतीय संस्कृति के समस्त उपासकों को एक सूत्र में बांधने के लिए "हिन्दू" शब्द एकमात्र साधन है। हिन्दुत्व भारतीयता के मूल में है। भारतीय समाज में कितनी भी सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता हो, किन्तु इसका मूल स्वरूप हिन्दुत्व का ही है। भारत में रहने वाला प्रत्येक नागरिक चाहे वह किसी भी धर्म, वर्ण, जाति, समुदाय क्षेत्र या वर्ण का हो, वास्तव में वह हिन्दुत्व का ही अनुसरणकर्ता है। आसिन्धुसिन्धुपर्यंता यस्य भारतभूमिका। पितृभूः पुण्यभूश्चैव स वै हिन्दुरिति स्मृतः ।।अर्थात सिंधु नदी से लेकर समुद्र पर्यंत तक की भारत भूमि जिसकी पैतृक संपत्ति और पवित्र भूमि हो, वही हिन्दू है।

हिन्दुत्व के मूल में "बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय" और सामाजिक समरसता का भाव विद्यमान है। किन्तु जब इस व्यापक, समावेशी दर्शन और आध्यात्मिक एकात्मता पर सामाजिक विभेदीकरण, मानसिक संकीर्णता, जातिगत अहंकार और वर्ण व्यवस्था की कठोर और भ्रामक व्याख्याएं हावी हो जाती हैं, तो हिन्दुत्व का मूल चरित्र दूषित और मूल आत्मा अस्पष्ट होने लगती है। प्राचीन भारत में सामाजिक गतिशीलता और समाज के सुचारू संचालन के लिए "वर्णव्यवस्था" नियत की गई थी, यह व्यवस्था मूलतः गुण, स्वभाव और कर्म पर आधारित थी और इसका उद्देश्य समाज में कार्यों का योग्यता अनुसार विभाजन और सामाजिक संतुलन था। वर्णव्यवस्था जन्म आधारित श्रेणीकरण नहीं था, इसलिए कर्म के आधार पर इसमें उन्नति और अवनति हो सकती थी। गीता में श्री कृष्ण कहते है- चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टं गुणकर्मविभागशः। तस्य कर्तारमपि मां विद्ध्यकर्तारमव्ययम। (श्रीमद्भगवतगीता 4/17)अर्थात- प्रकृति के तीनों गुणों और उनसे संबंधित कर्म के अनुसार मेरे द्वारा मानव समाज के चार विभाग रचे गये हैं। अर्थात वर्ण निर्धारण का आधार जन्म नहीं बल्कि गुण और कर्म था। इसी प्रकार मनुस्मृति में भी कहा गया है- शूद्रो ब्राह्मणतामेति ब्राह्मणश्चैति शूद्रताम। क्षत्रियज जातमेवं तु विद्याद् वैश्यात तथैव च (मनुस्मृति 10/65)अर्थात" श्रेष्ठ और अश्रेष्ठ कर्मों के अनुसार शूद्र कुल में उत्पन्न बालक ब्राह्मण और ब्राह्मण कुल में उत्पन्न बालक शूद्र हो जाता है। इसी प्रकार क्षत्रिय कुल और वैश्य कुल में उत्पन्न बालक का भी वर्ण परिवर्तन भी समझना चाहिए। कुल मिलाकर प्राचीन वर्ण व्यवस्था कर्म के आधार पर निर्धारित एक सामाजिक संतुलन की उत्तम व्यवस्था थी। आधुनिक विज्ञान भी स्पष्ट रूप से स्थापित करता है कि, किसी भी जाति में जन्मजात श्रेष्ठता का कोई वैज्ञानिक आधार नही है। सभी मनुष्य समान आनुवांशिक क्षमता के साथ जन्म लेते है। सामाजिक प्रस्थिति, पर्यावरण और अवसर किसी व्यक्ति की क्षमता और दिशा को निर्धारित करते है। इसीलिए जातिगत श्रेष्ठता अथवा हीनता वैज्ञानिक रूप से असत्य और सामाजिक रूप से हानिकारक है। कालांतर में जब वर्ण व्यवस्था ने दूषित होकर जाति व्यवस्था का रूप ले लिया तो हिन्दू समाज में सामाजिक विभेदीकरण और जातिगत वैमनष्य उत्पन्न हो गया, जिसने "हिन्दुत्व एकात्मता" और हिन्दू समाज की समरसता को बहुत बुरी तरह से विकृत और विभेदीकृत किया। जिसका सीधा प्रभाव भारत की राष्ट्रीय भावना पर पड़ा, क्योंकि कोई भी राष्ट्र तभी सशक्त हो सकता है, जब उसके समस्त नागरिकों में एकता और समरसता की भावना विद्यमान हो।

# पुतिन की भारत यात्राः नयी विश्व राजनीति की आहट

**ललित गर्ग**



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा एक साधारण कूटनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि इतिहास के सात दशकों में बुनी एवं गढ़ी गई मित्रता का नवीन उद्घोष है। कहा जाता है कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में स्थायी मित्र और शत्रु नहीं, स्थायी हित होते हैं, किंतु भारत-रूस संबंध इस कथन की परिधि से आगे जाकर स्थायी भरोसे, नैतिक दायित्व और पारस्परिक सम्मान के प्रतीक बने हुए हैं। यह यात्रा ऐसे समय हो रही है, जब पश्चिमी देश विशेषकर अमेरिका, यूरोप एवं नाटो गठबंधन रूस पर कठोर आर्थिक और रणनीतिक प्रतिबंध लगाए हुए हैं। इसके बावजूद भारत ने रूस को न केवल कूटनीतिक स्तर पर सम्मान-साथ दिया बल्कि ऊर्जा व रक्षा क्षेत्र में उसे सबसे भरोसेमंद साझेदार माना। इसलिए यह वार्ता केवल दो नेताओं रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एवं भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मुलाकात नहीं, बल्कि एक नए युग के सूत्रपात का संकेत है, नयी विश्व राजनीतिक समीकरण की आहट है।

भारत और रूस की मित्रता का इतिहास लगभग 70 वर्षों का है। शीतयुद्ध काल में रूस (तत्कालीन सोवियत संघ) ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की संप्रभुता और सुरक्षा हितों की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बांग्लादेश मुक्ति संग्राम से लेकर पोखरण परमाणु परीक्षणों तक, रूस ने भारत का साथ दिया। आज जब यूक्रेन युद्ध ने वैश्विक राजनीति को ध्रूवीकृत कर दिया है, अमेरिका ने भारत पर रूस से दूरी बनाने का दबाव बनाया, किंतु भारत ने सामरिक स्वायत्तता की नीति को बनाए रखते हुए रूस का साथ निभाया। पश्चिम के प्रतिबंधों के बीच भारत ने भारी मात्रा में रूसी पेट्रोलियम और गैस खरीदकर अपनी ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित की तथा रूस को आर्थिक सहारा दिया। यह निर्णय महज एक वाणिज्यिक लाभ का मामला नहीं था, बल्कि भारतीय विदेश नीति की स्वयंभूता का प्रदर्शन था। दूसरी ओर, रूस ने भी भारत को कभी निराश नहीं किया। चाहे एस-400 वायु रक्षा प्रणाली हो, टी-90 टैंक हों, ब्रह्मोस मिसाइल परियोजना हो या पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान सुयू-57 से जुड़ा सहयोग, भारत की सैन्य क्षमता में रूस का योगदान निर्णायक रहा है। वहीं पाकिस्तान की शत्रुता के खिलाफ भारत के हितों को रूस का अप्रत्यक्ष समर्थन मिलता रहा। हाल ही में दक्षिण एशिया की बदलती सुरक्षा परिस्थितियों में रूस ने भारत की सामरिक चिंता को समझा और "ऑपरेशन सिंदूर" जैसे अभियानों में सहयोग की भूमिका निभाई। यह तथ्य भारत-रूस संबंधों की गहराई और विश्वास को दशार्ता है।

पुतिन और मोदी की वार्ता ऐसे समय आयोजित हो रही है, जब वैशिक शक्ति-संतुलन परिवर्तन के दौर में है। अमेरिका-चीन तनाव, यूक्रेन युद्ध, पश्चिमी प्रतिबंध, ऊर्जा बाजारों की अस्थिरता और पश्चिमी देशों की रूस के विरुद्ध एकजुटता, इन परिस्थितियों में भारत की भूमिका मध्यस्थ, संतुलक तथा स्वतंत्र धुरी के रूप में उभर रही है। पुतिन भारत को न केवल रक्षा सहयोगी मानते हैं, बल्कि एशियाई भू-राजनीति में संतुलन का स्तंभ भी। वहीं मोदी की विदेश नीति बहुध्रूवीय विश्व की अवधारणा पर आधारित है, जिसमें रूस का स्थान केंद्रीय है। इस यात्रा से ऊर्जा सहयोग और बढ़ेगा। भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता है और रूस उसके लिए सस्ता, विश्वसनीय तथा दीर्घकालिक आपूर्तिकर्ता। प्रतिबंधों के बावजूद रूस ने भारत को कच्चे तेल के साथ ही कोयला, गैस और परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं में सहयोग दिया। भारत को सस्ती ऊर्जा देने के पीछे केवल व्यावसायिक हित नहीं बल्कि मित्रता और सामरिक साझेदारी भी निहित है। रक्षा क्षेत्र में सहयोग और विस्तृत होने की उम्मीद है। भारत का लक्ष्य "मेक इन इंडिया" रक्षा उत्पादन है और रूस इसके लिए सबसे बड़ा भागीदार बना हुआ है। ब्रह्मोस मिसाइल, राइफल निर्माण, स्पेयर पार्ट सप्लाई और संयुक्त विकास कार्यक्रमों के नए विकल्प वार्ता में उभरेंगे। रूस भारत को केवल उपभोक्ता नहीं, निमार्ता के रूप में स्थापित करने में सहभागी है, जो संबंधों की परिपक्वता को दशार्ता है।

भारत-रूस दोस्ती अब एक नया अध्याय लिखने को तत्पर है। दोनों देशों की दोस्ती किसी से छिपी नहीं है, यहां तक की अमेरिका के साथ बेहतर हुए संबंधों के दौर में भी रूस हमारा विश्वस्त साझीदार बना रहा है, प्रगाढ़ दोस्ती में कोई फर्क नहीं पड़ा है। अब रूस के राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा से दोनों देशों की दोस्ती में नई गरमाहट की संभावना के साथ दोस्ती के नये स्वस्तिक उकेरने की बात सामने आ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल के वर्षों में अमेरिका के साथ अपने संबंधों को मजबूत किया है, लेकिन रूस के साथ देश के दशकों पुराने रक्षा संबंध भी बरकरार हैं। भारत ने अमेरिका और यूरोप से हथियारों की खरीद बढ़ाकर रूस पर निर्भरता को संतुलित बनाया है, लेकिन मॉस्को अभी भी भारत का सबसे बड़ा हथियार सप्लायर है। रूस दोस्ती की ओर आगे बढ़ते हुए भारत के लोगों को रोजगार देने के लिये भी एक समझौता मसौदा तैयार किया है। रूस अपने उद्योगों के लिए 10 लाख भारतीय कुशल श्रमिकों को काम पर रखना चाहता है।

भारत-रूस संबंधों का सबसे मजबूत आधार है-कूटनीतिक विश्वास और सम्मान। रूस ने कभी भारतीय आंतरिक राजनीति या नीतिगत मामलों में हस्तक्षेप नहीं किया। उसने कश्मीर, परमाणु नीति, रणनीतिक साझेदारी और पड़ोसी विवादों पर भारत की संप्रभुता का समर्थन किया। वहीं भारत ने भी रूस की सुरक्षा चिंताओं को समझाकृचाहे नाटो विस्तार का मुद्दा हो या यूक्रेन का संघर्ष। इसलिए भारत ने पश्चिमी दबावों की उपेक्षा करते हुए संवाद और शांतिपूर्ण समाधान की वकालत की। अंतरिक्ष विज्ञान, तकनीक, शिक्षा, अनुसंधान और चिकित्सा के क्षेत्र में भी रूस की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में रूस सहयोगी रहा है और भविष्य की यात्री-वाहक मिशनों में भी सहयोग की संभावनाएँ हैं। दोनों देशों की सांस्कृतिक साझेदारी भी विशेष हैरू योग, आयुर्वेद, साहित्य, रूसी नाट्यकला और भारतीय कलाकृसबने एक-दूसरे समाज में स्थान पाया। फिर भी यह संबंध चुनौतियों से खाली नहीं। चीन-रूस साझेदारी और भारत-अमेरिका निकटता के बीच संतुलन बनाए रखना दोनों देशों के लिए चुनौतीपूर्ण है। रूस चाहता है कि एशिया में भारत संतुलक भूमिका निभाए, वहीं भारत नहीं चाहता कि रूस का झुकाव चीन की ओर अत्यधिक बढ़े। इसी प्रकार रक्षा सहयोग में तकनीक हस्तांतरण, उत्पादन विलंब और आर्थिक भुगतान व्यवस्थाओं पर भी मतभेद रहे हैं। किंतु इन मतभेदों को वार्ता द्वारा समाधान के प्रयास दोनों राष्ट्रों की परिपक्वता को दशार्ते हैं।

पुतिन की इस यात्रा का महत्व इसलिए भी है कि यह बताती है कि भारत किसी वैश्विक शक्ति के दबाव में नहीं, बल्कि अपनी प्राथमिकताओं के आधार पर संबंध तय करता है। ऊर्जा सुरक्षा, रक्षा आत्मनिर्भरता, बहुध्रूवीय वैश्विक व्यवस्था और एशियाई सामरिक संतुलन की दृष्टि से भारत-रूस साझेदारी अपरिहार्य है। मोदी और पुतिन की मुलाकात इस विश्वास की प्रमाणिकता है कि संबंध केवल शीत युद्ध की स्मृतियों पर नहीं, बल्कि समकालीन हितों और भविष्य की रणनीति पर आधारित हैं। यह यात्रा एक प्रतीक है-स्वतंत्र विदेश नीति, सामरिक साझेदारी और सांस्कृतिक सम्मान की। भारत-रूस संबंध केवल दो राष्ट्रों की निकटता का परिचय नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में एक विशिष्ट वैकल्पिक शक्ति संरचना का निर्माण है।

पश्चिमी देशों की आलोचना और प्रतिबंधों के बावजूद भारत और रूस ने अपने संबंधों को न केवल जीवित रखा बल्कि सुदृढ़ किया। इस मुलाकात से भारत की ऊर्जा सुरक्षा को नई गति मिलेगी, रक्षा उत्पादन को स्वदेशीकरण का बल मिलेगा, व्यापार एवं तकनीकी सहयोग विस्तृत होगा और रणनीतिक विश्वास की डोर और मजबूत होगी। पुतिन और मोदी की यह वार्ता बताती है कि भूराजनीति केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि भरोसे और सहयोग पर भी टिकती है। अतः कहा जा सकता है कि पुतिन की भारत यात्रा एक नई ऊर्जा, नए दृष्टिकोण और नई साझेदारियों की शुरूआत है-जहाँ भारत और रूस न केवल मित्र हैं, बल्कि वैश्विक स्तर पर संतुलित, स्वाधीन और बहुध्रूवीय विश्व व्यवस्था के निमार्ता भी हैं। यह यात्रा उसी निर्माण का नवीन अध्याय है, जिसमें पुराने भरोसे से जन्म ले रहा है एक नया भविष्य।

# वामपंथी दीमक की अंतिम चीख और भारतीय जनजाति समाज का वास्तविक सत्य

**कैलाश चन्द्र**

दंतेवाड़ा में हाल ही में भाकपा (माओवादी) प्रतिबंधित नक्सली संगठन से जुड़े 37 नक्सलियों का आत्मसमर्पण हुआ, जिनमें कई उच्च इनामी भी शामिल थे। निश्चित ही यह उस वैचारिक ढांचे के विघटन का संकेत है जिसने दशकों तक जनजाति समाज को भय और हिंसा में जकड़े रखा। पिछले कुछ महीनों में यह प्रवाह और अधिक तेज हुआ है और एक अवसर पर 210 से अधिक नक्सलियों ने हथियार डालकर मुख्यधारा में लौटने की शपथ ली। नारायणपुर में भी बड़ी संख्या में नक्सलियों ने समर्पण किया। यह सम्पूर्ण स्थिति बताती है कि माओवादी हिंसक आंदोलन अब अपनी पकड़ खो रहा है और उसकी ठोस संरचना और मनोबल दोनों चरमरा चुके हैं। केंद्र और राज्य सरकारों की संयुक्त रणनीति ने इसमें निर्णायक भूमिका निभाई है।

सुरक्षा अभियानों के साथ ही पुनर्वास, सड़क, स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र, कौशल प्रशिक्षण और आजीविका कार्यक्रमों पर जोर दिया गया, जिससे उन क्षेत्रों में विकास की रोशनी पहुँची जो कभी हिंसा से अंधेरे में डूबे थे। जनजाति युवाओं को शिक्षा और अवसर मिले तो उन्होंने बंदूक छोड़कर नए जीवन की राह चुनी। इस बदलते यथार्थ के बीच एक दूसरी कथा भी गढ़ी जा रही है और वह है वामपंथी नैरेटिव की। यह वही पुरानी शैली है जिसमें शासन को क्रूर बताया जाता है और हिंसा को जन प्रतिरोध कहा जाता है।

सोशल मीडिया और शहरी वामपंथी समूहों द्वारा हिडमा मडावी जैसे कुख्यात माओवादी को "जनजाति योद्धा" के रूप में महिमामंडित करने का प्रयास इसी आखिरी छटपटाहट का हिस्सा है। वामपंथी नैरेटिव का सूत्र हमेशा दो बिंदुओं पर चलता है। पहला शासन को दमनकारी घोषित करना और दूसरा माओवादी हिंसा को स्वाभाविक प्रतिरोध की संज्ञा देना। किसी आतंकवादी की मृत्यु होते ही उसे जंगल का प्रहरी और शोषितों का नायक बना दिया जाता है, जबकि सच्चाई यह है कि माओवादी हिंसा का सबसे बड़ा शिकार स्वयं जनजाति समाज ही है।

वामपंथियों की दूसरी तकनीक है आधा सच बोलकर उसे पूरा नैरेटिव बना देना। सोनी सोरी जैसे मामलों को उदाहरण के रूप में प्रस्तुत कर पूरी कथा को भावनात्मक दिशा दे दी जाती है जबकि तथ्य, जांच, संदिग्ध कड़ियां और परिस्थितियां कभी सामने नहीं लाई जातीं। सिर्फ भावनात्मक आवरण दिखाया जाता है। इसी रणनीति का उपयोग हिडमा के मामले में भी किया जा रहा है। अब हिडमा मडावी को कुछ समूहों द्वारा जनता का योद्धा बताने की कोशिश की जा रही है, जबकि हकीकत यह है कि वह माओवादी नक्सल संगठन का सबसे हिंसक और क्रूर चेहरा था। उसके नेतृत्व में अनेक जवान मारे गए, जनजाति युवकों को जबरन भर्ती किया गया, महिलाओं का यौन शोषण हुआ, स्कूल और सड़कें उड़ाई गईं और बस्तर के विकास को दशकों पीछे धकेला गया। क्या ऐसे व्यक्ति को जन प्रहरी कहा जा सकता है? वास्तव में यह जनजातियों के नाम पर की जाने वाली सबसे बड़ी धोखाधड़ी है।

इसी के साथ एक और मिथक फैलाया जाता है कि गरीबी नक्सलवाद को जन्म देती है। यदि गरीबी ही कारण होती तो भारत के हर गरीब क्षेत्र में नक्सलवाद होता। भूटान, नेपाल की पर्वतीय जनजातियाँ और भारत के कई अत्यंत गरीब जिले इसका प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। इससे स्पष्ट है कि नक्सलवाद का असली कारण गरीबी नहीं है, वह तो वैचारिक प्रदूषण, विदेशी समर्थन और शहरों में सक्रिय अर्बन नक्सल नेटवर्क है जो भावनात्मक मुद्दों का उपयोग कर जनजातियों को भ्रमित करता है और उन्हें विकास से दूर रखता है।

जनजाति समाज के अधिकारों, वन संपदा, पंचायत व्यवस्था, शिक्षा और सुरक्षा का वास्तविक संरक्षक भारतीय राज्य ही रहा है। वनाधिकार कानून, पेसा, पंचायत प्रणाली और वन समितियां इन्हीं नीतियों का परिणाम हैं, जिसमें कि माओवादी इन सबको नष्ट करने का प्रयास करते रहे। वे स्कूल और सड़कें उड़ा देते हैं ताकि शिक्षा और प्रशासन वहाँ तक न पहुँच सके। गांवों को भय के वातावरण में रखते हैं और ग्राम सभाओं को बंदूक की नोक पर नियंत्रित करते हैं। इसके बावजूद वामपंथी इन्हें जन प्रतिरोध बताते हैं। यह सत्य से कोसों दूर की कहानी है।

वामपंथियों के दोहरे मापदंड भी किसी से छिपे नहीं। वे उद्योगपतियों पर आरोप लगाते हैं पर स्वयं करोड़ों की संपत्ति में रहते हैं। एनजीओ फंडिंग लेते हैं, विदेश दौरों पर रहते हैं, पर सेवा परियोजनाओं से उनका कोई संबंध नहीं होता। जिन राज्यों में उन्हें लम्बे समय तक शासन चलाने का अवसर मिला वहां गरीबी, हिंसा और अविकास की स्थिति और अधिक गंभीर रही। जबकि सच यही है कि समाधान का मार्ग हिंसा से नहीं, सहभागिता से निकलता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानव दर्शन में स्पष्ट कहा गया है कि समाज की प्रगति समरसता और सहयोग से होती है न कि संघर्ष और हिंसा से। जनजातियों का कल्याण विकास, शिक्षा और स्वावलंबन से ही संभव है न कि माओवादी बंदूक से।

आज जब छत्तीसगढ़ के बस्तर, झारखंड, ओडिशा और महाराष्ट्र में माओवादी प्रभाव तेजी से घट रहा है तो वामपंथी नैरेटिव अपनी अंतिम कोशिश कर रहा है। वे आतंकियों को नायक बनाकर और शासन को क्रूर बताकर पुरानी भावनात्मक पटकथाओं को पुनर्जीवित करना चाहते हैं पर अब यह कोशिश कारगर नहीं रही। दिल्ली जैसे बड़े शहरों में पर्यावरण, मानवाधिकार या क्लाइमेट जस्टिस जैसे सुनने में सार्वभौमिक मुद्दों के नाम पर आंदोलन खड़े किए जाते हैं। किंतु यहां अनेक बार देखा गया है कि इन प्रदर्शनों में अर्बन नक्सल और वैचारिक समूह अपनी मौजूदगी दर्ज कराते हैं। वे सामान्य और सकारात्मक मुद्दों के भीतर अपना राजनीतिक बीज रोपते हैं। नारे धीरे-धीरे बदलते हैं और पर्यावरण से आगे बढ़कर राज्य विरोध और व्यवस्था विरोध की दिशा में चले जाते हैं।

पर्यावरण इन आयोजनों के लिए केवल बहाना बन जाता है, जबकि लक्ष्य वैचारिक विस्तार और राजनीतिक अस्थिरता की जमीन तैयार करना होता है। यही वह दीमक है जो वर्षों से भारतीय समाज की दरारों में घुसने की कोशिश करती रही है और अब जब नक्सलवाद कमजोर हो चुका है तो यह वैचारिक दीमक अपनी अंतिम चीख पुकार कर रही है।

ऐसे में कहा यही जा सकता है कि माओवादी हिंसा का अंत जरूरी है, यह किसी सरकार या उनसे लोहा ले रहे सुरक्षा बलों की जीत से कहीं अधिक जनजाति समाज की ही जीत है और लोकतंत्र तथा मानवता की भी विजय है। सड़कें बन रही हैं, शिक्षा पहुँच रही है, स्वास्थ्य सेवाएं बढ़ रही हैं और संवाद मजबूत हो रहा है, यही नक्सलवाद और हिंसक माओवादी आन्दोलन के अंत की सफलता है। यह हम सभी के लिए आनन्द का विषय है कि आज जनजाति समाज अब अराजकता नहीं बल्कि सम्मान, स्थिरता और भविष्य की राह चुन रहा है। यही सच्चा विमर्श है और यही आज के बस्तर तथा भारत का वास्तविक सत्य है। जिसके साथ हर भारतीय को आज पूरे मनोयोग के साथ खड़े होने की आवश्यकता है।

**(लेखक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्यक्षेत्र प्रचार प्रमुख हैं।)**

### सूडोकू नवताल- 7633

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | |
| 8 | 4 | | | 6 | | 9 | | 5 |
| 5 | | 6 | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 1 | 5 | 6 | 3 | | | 9 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 3 | 6 | | | 9 | 7 | 1 | 4 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | 7 | | 6 |
| 9 | | 4 | | 7 | | | 2 | 1 |
| | | | 2 | | | | 8 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल -7632 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 6 | 1 | 9 |
| 6 | 7 | 1 | 9 | 5 | 4 | 3 | 2 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 8 | 6 | 1 | 7 | 5 | 4 |
| 4 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 4 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 2 |
| 3 | 2 | 6 | 5 | 9 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 6 |

# भारत की आर्थिक रफ्तार में स्टार्टअप क्रांति ने लिख दी विकास की नई गाथा

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

भारत 2025 के इस मोड़ पर एक ऐसे आर्थिक दौर से गुजर रहा है, जिसकी गति केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं मानी जा सकती है, वह उसके सामाजिक ढांचे और नवाचार संस्कृति में स्पष्ट दिखाई दे रही है। वैश्विक स्तर पर अनिश्चितताओं, महंगाई के दबाव, भू-राजनीतिक तनाव और निवेश बाजारों की अस्थिरता के बीच भारत ने 2025-26 की दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज करके यह साबित किया है कि उसकी अर्थव्यवस्था अब किसी एक पहिए पर निर्भर संरचना नहीं है, कई आधारों पर चलने वाला मजबूत और संतुलित मॉडल बन चुकी है।

वस्तुतः विकास का यह नया चरण श्रम-सुधारों, उद्योगों में डिजिटलीकरण, उत्पादन बढ़ोतरी और सेवाक्षेत्र की स्थिर ऊर्जा से निर्मित हुआ है; किंतु इस समूचे परिदृश्य में जिस शक्ति ने भारत को अभूतपूर्व गति दी है, वह है देश का तेजी से उभरता स्टार्टअप इकोसिस्टम। उद्यमशीलता आज भारत में एक आर्थिक गतिविधि के साथ ही नई राष्ट्रीय चेतना का रूप ले चुकी है। यही कारण है कि उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग द्वारा 31 अक्टूबर 2025 तक 1,97,692 स्टार्टअप्स को दी गई मान्यता आज भारत की नई आर्थिक संस्कृति की पहचान बन चुकी है।

कहना होगा कि ये सभी स्टार्टअप्स जीएसआर अधिसूचना 127(ई) के तहत तय मानदंडों के अनुसार पंजीकृत हुए हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि स्टार्टअप की अवधारणा कागजी घोषणाओं तक सीमित नहीं रहेगी, वह वास्तविक नवाचार, उत्पाद-विकास और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने का आधार होंगे। यही कारण है कि 2016 में शुरू हुई स्टार्टअप इंडिया पहल हमें वर्तमान में एक राष्ट्रीय आर्थिक आंदोलन का रूप ले चुकने के रूप में दिखाई देने लगी है। अब इसे लेकर देश में विपक्ष द्वारा जो नकारात्मक माहौल बनाया जा रहा था, उसका भी जवाब संसद में वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद द्वारा आ ही गया है, जिसमें उन्होंने साफ बताया है कि 31 अक्टूबर 2025 तक केवल 6,385 स्टार्टअप्स बंद श्रेणी में दर्ज हैं, जोकि एक सक्रिय और प्रतिस्पर्धी बाजार अर्थव्यवस्था की स्वाभाविक वास्तविकता है।

यह भी एक तथ्य है, जिस पर सभी को गौर करना चाहिए कि दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं अमेरिका, यूरोप और एशिया के अन्य दशों में भी स्टार्टअप सफलता-दर 10-15 प्रतिशत से अधिक नहीं होती। भारत में यह स्थिति इसलिए भी संतुलित मानी जाएगी क्योंकि यहाँ नए स्टार्टअप्स के पंजीकरण का वेग और नवाचार का स्पेक्ट्रम दोनों वैश्विक औसत से कहीं अधिक है।

भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम की सबसे बड़ी शक्ति यह है कि इसके पीछे एक संगठित और दूरदर्शी नीतिगत ढांचा मौजूद है। सरकार ने तीन प्रमुख योजनाओं फंड ऑफ फंड्स, स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम और क्रेडिट गारंटी स्कीम के माध्यम से स्टार्टअप विकास के अलग-अलग चरणों के लिए पूँजी, सुरक्षा और संरचनात्मक सहयोग उपलब्ध कराया है। फंड ऑफ फंड्स 10,000 करोड़ रुपये की कोषीय संरचना के साथ सिडबी के माध्यम से वैकल्पिक निवेश कोषों में निवेश करता है। वस्तुतः इस प्रणाली में सरकार सीधे स्टार्टअप में निवेश नहीं करती, बल्कि बाजार-आधारित पेशेवर निवेश ढांचे को मजबूत बनाती है। निवेश की गुणवत्ता में सुधार और पेशेवर मूल्यांकन की संस्कृति ने भारत को वैश्विक निवेशकर्ताओं के लिए आकर्षक गंतव्य बनाया है।

स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम ने उन स्टार्टअप्स के लिए जीवनरेखा का कार्य किया है जो अपने शुरूआती चरणों में धनाभाव का सामना करते हैं। अप्रैल 2021 में 945 करोड़ रुपये की संरचना के साथ शुरू हुई यह योजना देश भर के इनक्यूबेटरों के माध्यम से हजारों नए उद्यमों तक पहुँची है। भारत में आज जिस तेज गति से डीप-टेक, बायोटेक, क्लीन-टेक, एग्री-टेक और स्वास्थ्य-तकनीक आधारित स्टार्टअप उभर रहे हैं, उसका मूल बल इसी प्रारंभिक पूँजी-प्राप्ति के अवसरों में निहित है।


क्रेडिट गारंटी स्कीम उन स्टार्टअप्स को बिना संपार्श्विक सुरक्षा के ऋण दिलाने का माध्यम बनी है, जिनके लिए पारंपरिक बैंकिंग संरचना तक पहुँचना सबसे कठिन होता है। अप्रैल 2023 से चालू इस योजना ने बैंकिंग प्रणाली को जोखिम-संतुलित ऋण देने के लिए प्रेरित किया है और हजारों स्टार्टअप्स को वित्तीय पहुँच प्रदान की है। यह परिवर्तन भारतीय बैंकिंग इतिहास में महत्वपूर्ण माना जाएगा क्योंकि यह छोटे उद्यमों के लिए क्रेडिट के नए रास्ते खोल रहा है।

जब इन नीतिगत हस्तक्षेपों को भारत की 8.2 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि के साथ देखा जाता है तो यह साफ हो जाता है कि आर्थिक उछाल केवल उपभोग या निर्यात वृद्धि का परिणाम नहीं, यह तो केंद्र की मोदी सरकार की एक समन्वित नीतिगत मॉडल की उपलब्धि है। श्रम-सुधारों ने उत्पादन में दक्षता बढ़ाई, सेवाक्षेत्र की मजबूती ने आर्थिक स्थिरता दी और स्टार्टअप्स ने वह नवाचार शक्ति दी जिसने भारत को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में नई ऊँचाई पर पहुँचा दिया।

यही कारण भी है जो आज भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा इंटरनेट बाजार, तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम और नए उद्यमों की संख्या के मामले में अग्रणी देशों में शामिल है। यह एक देश के रूप में भारत के लिए आर्थिक उपलब्धि तो है ही साथ में सामाजिक परिवर्तन का संकेत भी है, जिसमें कि युवा भारत अब रोजगार पाने से अधिक रोजगार पैदा करने को प्राथमिकता दे रहा है।

## दैनिक पंचांग

**4 दिसम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में | धनु | 07.25 बजे से |
| चंद्र | वृष में | मकर | 09.30 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | कुंभ | 11.16 बजे से |
| बुध | तुला में | मीन | 12.49 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | मेष | 14.20 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | वृष | 16.00 बजे से |
| शनि | मीन में | मिथुन | 17.58 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कर्क | 20.11 बजे से |
| केतु | सिंह में | सिंह | 22.28 बजे से |
| राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक | | कन्या | 00.39 बजे से |
| | | तुला | 02.50 बजे से |
| | | वृश्चिक | 05.05 ब.से |

**गुरुवार** 2025 वर्ष का 338 वा दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** मृगशीर्ष **पक्ष** शुक्ल **तिथि** चतुर्दशी 08.38 बजे तदनन्तर पूर्णिमा 04.44 बजे प्रात: को समाप्त। **नक्षत्र** कृत्तिका 14.54 बजे को समाप्त। **योग** शिव 12.34 बजे को समाप्त। **करण** वणिज 08.38 बजे, विष्टि 18.41 बजे तदनन्तर बव 04.44 बजे प्रात: को समाप्त। **चन्द्रायु** 13.7 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 22° 14' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872548 **जूलियन दिन** 2461013.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** जमादि उस्सानी **तारीख** 12 **विशेष** कार्तिगाई दीपम, दत्तात्रेय जयंती, अन्नपूर्णा जयंती, त्रिपुर भैरवी जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से | 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से | 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से | 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से | 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से | 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से | 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ**- **शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### अनुकम्पा के आधार पर पांच आश्रितों को सौंपा गया नियुक्ति पत्र

**पाकुड़** : ज़िले में समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में आज मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों को अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। उपायुक्त मनीष कुमार ने व्यक्तिगत रूप से नियुक्ति पत्र सौंपते हुए नई जिम्मेदारियों के लिए सभी को शुभकामनाएँ दीं। दिनांक 02.12.2025 को अनुकम्पा समिति द्वारा की गई अनुशंसा के आधार पर कुल 5 अभ्यर्थियों को नियुक्ति दी गई है, जिसमें 1 निम्नवर्गीय लिपिक, 4 अनुसेवक शामिल हैं। उपायुक्त ने कहा कि सरकार की यह मंशा रही है कि सेवा के दौरान दिवंगत हुए कर्मचारियों के परिवारों को जल्द से जल्द आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाए। अनुकम्पा नियुक्ति से आश्रित परिवारों को नया संबल मिलता है और यह प्रयास मानवीय संवेदना को सशक्त करता है। नियुक्ति पत्र वितरण के दौरान उपायुक्त ने सभी नव-नियुक्त कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि कार्यस्थल पर अनुशासन, समयपालन और कर्तव्यनिष्ठा सर्वोपरि है। आप सभी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और सजगता के साथ अपने कार्य का निर्वहन करें।

### एमजीआर लाइन पार करने के क्रम में युवक का पैर कटा

**साहिबगंज:** जिला के बोरियो थाना क्षेत्र के पथरा ओवर ब्रीज के नीचे एमजीआर लाईन पार करने के क्रम में एमजीआर ट्रेन के चपेट में आने से बुधवार को तेलो मांझी टोला निवासी बसारथ अंसारी के पुत्र सगीर अंबारी (16) का दाहिना पैर कट गया। जहां आनन-फानन में परिजनों ने घायल युवक को बेहतर ईलाज के लिए मालदा ले गए। बसारत अंसारी ने बताया कि उसका पुत्र लाईन क्रॉस करने के क्रम में ट्रेन के चपेट में आने से घायल हो गया है।

### जहरीले सांप के काटने से वृद्ध हुआ मूर्छित

**साहिबगंज:** जिला के राजमहल प्रखंड क्षेत्र के मनसिंघा गांव में बुधवार को खेत में काम करने के दौरान एक वृद्ध व्यक्ति को जहरीले सांप के काटने से मूर्छित हो गया। मिली जानकारी के अनुसार मनसिंघा निवासी अहमद हुसैन (53) घर से कुछ दूरी पर खेत में काम कर रहा था। तभी एक जहरीले सांप ने पैर में काट लिया,जिससे वह मूर्छित हो गया। वहीं आस-पास काम कर रहे परिजनों को पता चलते ही आनन-फानन में इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया गया। जहां ड्यूटी में मौजूद डॉक्टर सादिक अंसारी के द्वारा इलाज किया गया। फिलहाल अस्पताल में ही उक्त व्यक्ति का इलाज चल रहा है।

### अखंड ज्योति कलश रथ पहुंचा राजमहल श्रद्धालुओं ने किया दर्शन

**साहिबगंज:** जिला के राजमहल प्रखंड में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज, हरिद्वार के तत्वाधान में अखंड ज्योति कलश रथ शांतिकुंज से चलकर राजमहल पहुंचने पर बुधवार को रथ के साथ गायत्री परिवार के सदस्यों ने नगर भ्रमण किया। रथ सूर्य देव घाट गायत्री मंदिर से निकल कर नील कोठी दुर्गा मंदिर, महाजन टोली दुर्गा मंदिर, सिंघी दलान स्थित स्वर्ण जयंती पार्क, मुख्य बाजार होते हुए दुर्गा मंदिर नया बाजार तक भ्रमण किया। सभी जगह श्रद्धालु एवं भक्त जनों ने अखंड ज्योति कलश का पूजन दर्शन किया। मौके पर शांतिकुंज प्रतिनिधि डॉक्टर अशोक कुमार सिंह ने बताया कि आगामी 21 जनवरी से 23 जनवरी 2026 को शांतिकुंज में वृहद रूप से अखंड ज्योति के 100 वर्ष पूर्ण होने पर एवं माता भगवती देवी शर्मा के जन्म दिवस पर जन्म शताब्दी वर्ष मनाने को लेकर 150 अखंड ज्योति कलश रथ शांतिकुंज हरिद्वार से पूरे भारत वर्ष का भ्रमण कर रहा है इसी क्रम में राजमहल में भी रत्त का आगमन हुआ है।

# रजरप्पा थाना क्षेत्र में चोरी हुई रकम और विदेशी मुद्रा बरामद, दो गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रामगढ़ :** दिनांक-27.11.2025 को आवेदिका वाजदा तबस्सुम, उम्र 12 वर्ष, पति मुर्तजा अली, सा०-बेलाल नगर चितरपुर, थाना-रजरप्पा, जिला-रामगढ़ के द्वारा रजरप्पा थाना में एक लिखित आवेदन दिया गया था। जिसमें उल्लेख किया गया था कि दिनांक-25.11.2025 को शाम 04.00 बजे ये अपने रिश्तेदार की शादी में शामिल होने के लिये अपनी तीनों बेटियों के साथ टाटा, जमशेदपुर गयी थी। इनके घर में कोई नहीं था। दिनांक-27.11.25 को इनका छोटा भाई जाहिद आलम, पिता-खुर्शीद आलम एवं इनकी माँ मेहर फातमा, पति-खुर्शीद आलम, दोनो सा०-बेलाल नगर चितरपुर, थाना-रजरप्पा, जिला-रामगढ़ घर की देखभाल के नियत से वादिनी के घर गये तो देखा कि घर में चोरी हो गयी है एवं घर का सारा सामान बिखरा पड़ा है।

आवेदिका के आवेदन के आधार पर रजरप्पा थाना कांड सं0-189/2025, दिनांक-27.11.2025, धारा-331 (4)/305 (ए) बी०एन०एस० के अंतर्गत दर्ज किया गया। उक्त घटना के उदभेदन हेतु अजय कुमार, (मा०पु०से०) पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा परमेश्वर प्रसाद, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़ के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल के द्वारा कांड के अनुसंधान एवं तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण के आधार पर उक्त कांड में चोरी हुई नगद एवं जेवरातों की बरामदगी के लिये रामगढ एवं बोकारो जिला अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर छापामारी किया जा रहा था। इसी के क्रम में दिनांक-02.12.2025 को पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ को गुप्त सूचना मिली कि दो युवक रजरप्पा मोड पर चोरी हुइ विदेशी रूपया (दिरहम एवं रियाल) को चितरपुर स्थित विदेशी मुद्रा एक्सचेंज करने वाले दुकान पर जाने वाले है। पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा विशेष छापामारी दल को प्राप्त गुप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। विशेष छापामारी दल के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए रजरप्पा मोड पर दो संदिग्ध युवकों को पकडा गया। उनके पास से 1000 का 30 दिरहम, 500 का 03 दिरहम, 100 का 01 दिरहम एवं 500 का 01 रियाल एवं 100 का 01 रियाल बरामद किया गया।

## सौतेले पिता पर दुष्कर्म के आरोप में मामला दर्ज, पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला के राजमहल थाना क्षेत्र के एक गांव में सौतेले पिता पर दुष्कर्म का आरोप उसकी पत्नी सह किशोरी की मां ने लगाया है। घटना को लेकर महिला की शिकायत पर पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत थाने में केस दर्ज कर त्वरित कार्रवाई कर आरोपी सौतेले पिता को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के संबंध में नाबालिग लड़की की मां ने पुलिस के सामने आरोप लगाया है कि आठ साल पहले पति की मृत्यु हो जाने के कारण उसने दूसरा विवाह कर लिया। उसने बताया कि विवाह के बाद पति-पत्नी के रूप में रहते हुए वैवाहिक जीवन सामान्य रूप से चल रहा था। बीते 30 नवंबर की रात करीब 9:00 बजे हमलोग खाना खाकर सोने चले गए। 13 साल की छोटी पुत्री हम लोगों के साथ ही सो गई थी। इसी दौरान मेरा दूसरा पति मेरी नाबालिग पुत्री के साथ जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। विरोध करने पर मुझे और मेरी पुत्री को मारपीट कर घर में बंद कर दिया। सुबह 5:30 बजे पुनः मेरी पुत्री के साथ दुष्कर्म किया एवं इसके बारे में किसी को भी बताने से मना किया। सौतेले पिता को मां ने जब ऐसा करने पर विरोध जताया तो आरोपी ने उसके साथ भी मारपीट की। इस बीच थाना प्रभारी हसनैन अंसारी ने बताया कि मामले को लेकर महिला की शिकायत पर उसके वर्तमान पति गोविंदो मंडल के विरुद्ध केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से जब्त सामग्रियों को जांच के लिए एफएसएल जांच के लिए रांची भेज दिया है।

## अतुल्य गंगा की दो सदस्यीय टीम पहुंची साहिबगंज, चार स्थानों से कलेक्ट किया सैम्पल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** गंगा नदी के प्रदूषण स्तर की जांच करने अतुल्य भारत की दो सदस्यीय टीम साहिबगंज पहुंची। अतुल्य गंगा टीम के झारखंड प्रभारी सह भूवैज्ञानिक डॉ रणजीत कुमार सिंह के मार्गदर्शन में टीम ने साहिबगंज, मसकलैया, मोकिमपुर व राजमहल में गंगा जल का सैम्पल कलेक्ट किया। इसके पूर्व टीम बिहार के पटना, मुंगेर, भागलपुर व कहलगांव से नमूना लेकर यहां पहुंची थी। अतुल्य गंगा टीम में दिल्ली के टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी से पीएचडी शोधार्थी अविनाश कुमार व आनंद सेबेस्टियन शामिल हैं। टीम आज राजमहल होते हुए बंगाल में प्रवेश करेगी। डॉ रणजीत सिंह ने बताया कि टीम ने यहां गंगा में डीओ मीटर के 17 पैरामीटर पर जल में ऑक्सीजन की जांच की। डॉ रणजीत ने बताया कि साहिबगंज में गंगा जल में डीओ 6.78, पीएच 8.10, ईसी 502, टीडीएस 251 पाया गया है। जबकि मोकिमपुर में डीओ 5.97, पीएच 9.01, ईसी 377 व टीडीएस 189, शोभापुर घाट में डीओ 7.63, ईसी 360, टीडीएस 180, पीएच 8.49 एवं राजमहल में डीओ 5.83, ईसी 357, पीएच 8.41 व टीडीएस 179 पाया गया है। डॉ रणजीत ने बताया कि सबका साथ, हो गंगा साफ की भावना के साथ गंगा नदी के जल नमूना संग्रहण किया जा रहा है। यह मेजर जनरल वी. के. भुट्ट एवं प्रो. कर्नल के. सी. तिवारी के मार्गदर्शन में चल रहा है। जल नमूना संग्रहण निरंतर जारी है। अंतिम चरण में गंगासागर तक पहुँचकर संपूर्ण जल गुणवत्ता परीक्षण को पूरा किया जाएगा।इस महत्वपूर्ण वैज्ञानिक प्रयास का उद्देश्य गंगा एवं यमुना नदियों की वर्तमान जल गुणवत्ता का समग्र मूल्यांकन करना तथा इसके आधार पर उपग्रह-आधारित जल गुणवत्ता निगरानी प्रणाली का विकास करना है। जिससे भविष्य में नदी संरक्षण और जल प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

## रामगढ़ पुलिस ने डीजल चोरी गिरोह का किया पदार्फाश, तीन आरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** बुधवार को अजय कुमार, (भा०पु० से०). पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ को समय करीब 23.30 बजे रात्रि में गुप्त सुचना प्राप्त हुआ कि रामगढ़ जिला के लाईन होटलो के पास खड़ी हाईवा/ट्रकों के तेल टैंकर से लॉक तोड़कर तेल चोरी करने वाला गिरोह एक अल्टो कार से गोला थाना अन्तर्गत भ्रमणशील है। उक्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु परमेश्वर प्रसाद, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़ के नेतृत्व में एक विशेष छापमारी दल का गठन किया गया उक्त छापामारी टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम हेमतपुर प्रेम लाईन होटल के पास (रिलांयस पेट्रोल पम्प के सामने) वाहन चेकिंग अभियान करना प्रारम्भ किया गया। कुछ देर वाहन चेकिंग करने के उपरांत एक अल्टो कार दिखाई दिया, जिससे रोकने का प्रयास किया गया तो वाहन को तेजी से भागने लगा, जिसे खदेडकर पकड़ा गया। उक्त अल्टो कार में तीन व्यक्ति सवार थे, अल्टो कार का तलाशी लेने पर अल्टो कार के पीछे वाली सीट एवं डिक्की में ब्लु रंग का 05 जार दिखा, जिसे देखकर एवं सुंघकर प्रतीत हुआ की यह डीजल जैसा द्रव्य है। अल्टो कार में बैठे व्यक्तियों को गाड़ी से नीचे उतारकर बारी-बारी से नाम पता पुछने पर अपना-अपना क्रमशः 1. गोपी मुंडा उम्र करीब 28 वर्ष, पिता लक्ष्मण मुण्डा, ग्राम मिन्झार, अरगडा रोड, थाना जिला रामगढ स्थायी पत्ता ग्राम ओटार, थाना चक्रधरपुर, जिला पश्चिम सिंहभुम 02. सागर बेदिया, उम्र करीब 25 वर्ष, पिता प्रकाश बेदिया, ग्राम बड़का चुम्बा पडरिया थाना कुज्जु जिला रामगढ एवं 03. विजय बेदिया, उम्र करीब 28 वर्ष, पे० बुलका बेदिया सा० रेलिगढा, थाना गिद्दी, जिला हजारीबाग बताये। तत्पश्चात अल्टो कार में रखे ब्लु रंग 05 गैलेन में डीजल जैसा द्रव्य के बारे में पूछताछ किया तो इन लोगों के द्वारा बताया गया कि ब्लु रंग के जार में डीजल भरा हुआ है। जिसके बाद डीजल के संबंध में वैद्य कागजात प्रस्तुत करने को कहा गया तो उन लोगो के द्वारा डीजल से सम्बंधित कोई वैद्य कागजात प्रस्तुत नहीं किया। पकड़ाये व्यक्तियो से सख्ती से पूछताछ करने पर उन लोगो के द्वारा बताया गया कि हम लोग गोला टोल के पहले होटल के सामने सडक पर लगे हाईवा/ट्रक का तेल टैंकर को तोड़कर उससे डीजल (तेल) चोरी किये है।

## रेलवे का पारदर्शी कदमः जल्द लागू होगा ओटीपी आधारित तत्काल टिकट सिस्टम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** भारतीय रेल ने यात्रियों की सुविधा और पारदर्शिता को और मजबूत करने के उद्देश्य से खिड़की से मिलने वाले तत्काल टिकटों के लिए ओटीपी आधारित टिकटिंग प्रणाली लागू करने का निर्णय लिया है। यह नई व्यवस्था अगले कुछ दिनों में देशभर के सभी आरक्षण काउंटरों पर लागू कर दी जाएगी। रेलवे ने जुलाई 2025 में ऑनलाइन तत्काल टिकटों के लिए ह्यआधारह्ल ओटीपी सिस्टम लागू किया था। इसके बाद अक्टूबर 2025 में सभी सामान्य आरक्षण बुकिंग के लिए ओटीपी आधारित ऑनलाइन टिकटिंग प्रणाली शुरू की गई। इन दोनों पहल को यात्रियों ने व्यापक रूप से स्वीकार किया, जिससे टिकटिंग प्रक्रिया अधिक पारदर्शी बनी। रेलवे द्वारा नवंबर 2025 को काउंटर बुकिंग के लिए ओटीपी आधारित तत्काल टिकट प्रणाली का पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया था। वर्तमान में यह सिस्टम 52 ट्रेनों पर लागू किया जा चुका है। इस व्यवस्था के तहत काउंटर पर तत्काल टिकट बुक कराते समय यात्री के फॉर्म में दर्ज मोबाइल नंबर पर ओटीपी भेजा जाता है और वेरिफिकेशन के बाद ही टिकट जारी किया जाता है। आगामी दिनों में इस सिस्टम को शेष सभी ट्रेनों पर लागू कर दिया जाएगा। यह कदम तत्काल टिकटों के दुरुपयोग पर रोक लगाने और वास्तविक यात्रियों को अधिक सहज, पारदर्शी और भरोसेमंद टिकटिंग सेवा प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# साहिबगंज व्यवहार न्यायालय में महिला और परिवार पर हमला, सभी बुरी तरह घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज:** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत व्यवहार न्यायालय में मेडियेसन सेंटर में महिला और उनके पूरे परिवार को मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार अनिता देवी (50), पति अशोक रजक, ग्राम कुमरत कॉलोनी, थाना कजरैली, जिला भागलपुर (बिहार) की रहने वाली पीड़िता महिला की अपनी पुत्री आरती कुमारी के साथ 03 दिसंबर 25 को साहेबगंज मुफ्फसिल थाना कांड संख्या 96/25, धारा 85, 115(2), 352,3 (5), 3/4 दहेज प्रतिशोध अधिनियम के तहत दर्ज मुकदमा में एबीपी-547/25 में मध्यस्थता हेतु समय 02 बजे दोपहर के लगभग में मिडीयेटर मुनिलाल मंडल के साथ उक्त वाद के विपक्षीगण, मंगल कुमार रजक पिता विनोद रजक, विनोद रजक, पिता नामालूम, मुकेश रजक, पिता नामालूम सभी का साकिन हाजीपुर दियारा, थाना मुफ्फसिल, जिला साहेबगंज वालो के साथ उक्त मध्यस्थता के क्रम में ही सभी अभियुक्तगण एकमत होकर गन्दी-गन्दी, गाली-गलौज देते हुए मारपीट शुरू कर दिया। जिससे मंगल कुमार रजक अपने हाथ में लिए ईट से उक्त महिला के सर पर मारा जिससे महिला का सर फट गया और लहूलुहान हो गई और उक्त महिला के पुत्री आरती कुमारी को मुक्के से मुह पर मारा जिससे दांत से उसका ओठ फट गया और खून बहने लगा। उक्त महिला को बचाने उनका बेटा दीपक कुमार आया तो सभी विपक्षीगण मिलकर न्यायालय परिसर में ही पटककर उसका आँख में वार किया और घायल कर दिया, तथा उनकी बेटी आरती कुमारी के गोद में लिए छोटे बच्चे हिमांशु राज उम्र -06 माह को भी मारते हुए जमीन पर पटक दिया जिससे बच्चा बेहोश हो गया। जिससे उक्त महिला और उनकी बेटी, बेटा व नाती बुरी तरह से घायल हो गए। तथा गन्दी-गन्दी, गाली-गलौज करते हुए उक्त महिला के गले से 02 भर का सोने का खींच लिया। खिचातानी में उक्त लोकेट कहाँ गिरा नहीं मिला जिसके वजह से उक्त महिला और उनके बच्चे बुरी तरीके से डर गए हैं। उक्त महिला और उनके परिवार को वे लोग खुलेआम धमकी देने लगे कि दुबारा हमपे केस करोगे तो जान से मार देंगे। आस पास के लोगों द्वारा हल्ला सुनकर आने पर सभी का जान बच सका। जज साहब के आदेश पर साहेबगंज व्यवहार न्यायालय स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में सभी लोगों का ईलाज हुआ। उक्त महिला ने न्यायालय में जज से सभी विपक्षीगणों के विरुद्ध गुहार लगाते हुए उचित कानूनी कार्यवाई करने की मांग की है।

## संक्षिप्त खबरें

### अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस' पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**साहिबगंज :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा), रांची के तत्वावधान में और माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में 'अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस' के अवसर पर एक विशेष और प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन साहेबगंज स्थित नेत्रहीन एवं स्पैस्टिक दिव्यांग आवासीय विद्यालय, साहेबगंज में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत ने दिव्यांग बच्चों और उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांग होना कतई कमजोरी नहीं है, बल्कि यह एक अलग तरह की क्षमता और विशिष्टता है। भगत ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि दिव्यांग व्यक्ति भी आम नागरिकों की तरह ही पूरी तरह सक्षम हैं। उन्हें स्वयं को किसी से कम नहीं आंकना चाहिए, क्योंकि वे भी समाज के हर दायित्व और जिम्मेदारी को उतनी ही मजबूती और सक्षमता से निभाने में सक्षम हैं, जितने कि कोई सामान्य नागरिक। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि वह दिव्यांग व्यक्तियों को समान अवसर प्रदान करें ताकि वे अपनी क्षमताओं का पूरी तरह से उपयोग कर सकें और अपनी प्रतिभा को निखार सकें। दिव्यांग बच्चों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन किया। बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, खेल-कूद और अन्य गतिविधियों में अत्यंत उत्साहपूर्वक भाग लिया। उनके प्रदर्शन ने प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत व अन्य द्वारा बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी संजय कुमार दास, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल अरविंद गोयल, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी व अन्य शामिल थे।

### पोखरिया स्थित कुआं में डूबने से युवक का मौत, जांच में जुटी पुलिस

**साहेबगंज:** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के पोखरिया स्थित कुंआ में डूबने से छोटू रविदास नामक युवक की मौत हो गई। जहां मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कुंआ से निकालकर उसका पोस्टमार्टम कराने के लिए सदर अस्पताल लेकर आई। उधर घटना को लेकर पुलिस को दिए गए अपने बयान में मृतक युवक के बड़े भाई शालू रविदास ने बताया कि उसका भाई मानसिक रूप से विक्षिप्त था। जहां सदर अस्पताल में चिकित्सक ने शव का पोस्टमार्टम किया उसके उपरांत पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### रामगढ़ में 962 अभ्यर्थी रिक्रूट्स ने लिया देश सेवा की शपथ



**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले के पंजाब रेजिमेंटल सेंटर, रामगढ़ छावनी में आज एक ऐतिहासिक कार्यक्रम के दौरान 962 अभ्यर्थी रिक्रूट्स के 31 सप्ताह के कठिन शारीरिक और मानसिक प्रशिक्षण के सफल समापन पर गौरवशाली पासिंग आउट परेड आयोजित की गई। इस परेड की समीक्षा पंजाब रेजिमेंटल सेंटर के कार्यवाहक कमांडेंट कर्नल मानवेन्द्र सिवाच, विशिष्ट सेवा मेडल द्वारा की गई। उन्होंने इस महत्वपूर्ण अवसर पर सभी अभ्यर्थियों तथा उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी और प्रशिक्षण स्टाफ व इंस्ट्रक्टरों के उत्कृष्ट प्रयासों की सराहना की, जिन्होंने इन युवाओं को सक्षम, जिम्मेदार और भविष्य के दूरदर्शी सैनिकों के रूप में तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कर्नल सिवाच ने कहा कि सैनिकों में कर्तव्य, अनुशासन और समर्पण जैसे मूल्यों का स्थापित होना राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अनिवार्य है.....संबोधन.....कमांडेंट कर्नल मानवेन्द्र सिवाच, विशिष्ट सेवा मेडल ( कार्यवाहक कमांडेंट, पंजाब रेजीमेंट सेंटर रामगढ़ ) पत्रकारों से बात करते हुए कार्यवाहक कमांडेंट कर्नल मानवेन्द्र सिवाच, विशिष्ट सेवा मेडल ने बताया कि कुल 31 हफ्तों की ट्रेनिंग इन्हें दी जाती है पंजाब रेजिमेंटल केंद्र में इसके अंदर इन्हें शारीरिक प्रशिक्षण के साथ-साथ मानसिक प्रशिक्षण और सामरिक प्रशिक्षण जिसमें फौज से रिलेटेड हथियारों का इस्तेमाल लड़ाई युद्ध कौशल युद्ध नीति एक टीम वर्क में काम करना इसके अलावा फौज की टास्क के बारे में जानकारी दी जाती है इसके अलावा फौज में जो नई-नई टेक्नोलॉजी आ रही है जैसे की वक्त बदल रहा है उनके बारे में भी इनको अवगत कराया जाता है ताकि जब यहां से ये लोग एक प्रशिक्षित सैनिक के तौर पर निकल कर अपनी अपनी यूनिट में जाएं तो वहां पर जाकर यूनिट में तुरंत शामिल हो जाएं और इनसे जो उम्मीद की जाती है वह एक सोल्जर की तरह अपनी ड्यूटी बखूबी निभा सके।

### राधा गोविन्द विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ भव्य आयोजन

**रामगढ़:** बुधवार को राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में विधि विभाग द्वारा राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। राष्ट्रीय संगोष्ठी का विषय एक राष्ट्र एक चुनाव था कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि झारखंड उच्च न्यायालय रांची के पूर्व न्यायधीश माननीय जस्टिस डॉ एस एन पाठक ,ब्ल्यू फाउंडेशन रांची के चेयरमैन डॉ पंकज सोनी , झारखंड उच्च न्यायालय प्रवक्ता विनोद कुमार, विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह,सचिव प्रियंका कुमारी, कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार, समाजसेवी सी पी संतन एवं मीडिया प्रभारी डॉ संजय कुमार उपस्थित थे।

### विश्व दिव्यांग दिवस पर जिंदल स्टील पतरातू में भव्य आयोजन

**पतरातू :** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर जिंदल स्टील पतरातू में जिंदल फाउंडेशन के तत्वावधान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिंदल आशा केंद्र के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों द्वारा नृत्य, गीत-संगीत, नाटक और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का प्रदर्शन किया गया, जिसने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज को यह संदेश देना था कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चे प्रतिभा, क्षमता और आत्मविश्वास में किसी से कम नहीं हैं और समाज एवं परिवार के सहयोग से वे मुख्य धारा में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। इस अवसर पर प्लांट प्रमुख कृष्ण बल्लभ सिंह ने कहा कि समाज के विकास में दिव्यांगजन हमारी शक्ति है हमें उनके अधिकारों, सम्मान और अवसरों को सुनिश्चित करने की दिशा में गंभीर प्रयास करने होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामगढ़ सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद ने संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांग जनों को समाज के मुख्य धारा में शामिल करना हम सभी का दायित्व। डॉ मंजू मिश्रा महिला रोगी विशेषज्ञ ने अपने संबोधन में कहा कि जन्मजात दिव्यांगता को रोकने में गर्भधारण से पहले गर्भावस्था के दौरान और उसके बाद सावधानियां पर विस्तार पूर्वक लोगों को बताया।

# बीएनसीएपी क्रैश टेस्ट में मारुति ई-विटारा ने किया धमाका..........5-स्टार सेफ्टी रेटिंग हासिल की

मुंबई।

भारत में गाड़ियों के लिए अब माइलेज के साथ सुरक्षा भी बड़ा मानदंड बन चुका है, और इसी बीच मारुति सुजुकी ने बड़ा कारनामा किया है। कंपनी की नई इलेक्ट्रिक एसयूवी 2025 मारुति ई-विटारा ने भारत एनसीएपी क्रैश टेस्ट में धमाकेदार 5-स्टार सेफ्टी रेटिंग पाई है। यह मारुति की चौथी कार है, जिसने बीएनसीएपी में इतनी शानदार रेटिंग हासिल की है। इसके पहले डिज़ायर, विक्टोरिस और इनविक्टो भी फुल 5-स्टार रेटिंग ले चुकी हैं।

हालांकि दिलचस्प बात यह है कि यूरो एनसीएपी टेस्ट में यही ई-विटारा 4-स्टार स्कोर पर रुकी थी, लेकिन भारत में हुए क्रैश टेस्ट में ई-विटारा ने रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन किया है। एडल्ट ऑक्यूपेंट प्रोटेक्शन (एओपी) में एसयूवी ने 32 में से 31.49 और चाइल्ड ऑक्यूपेंट प्रोटेक्शन (सीओपी) में 49 में से 43 अंक हासिल किए।

64 किमी/घंटा की स्पीड पर किए गए फ्रंटल ऑफसेट टेस्ट में ई-विटारा को 16 में से 15.49, जबकि 50 किमी/घंटा पर साइड इम्पैक्ट टेस्ट में 16/16 स्कोर किया। डायनामिक टेस्ट में बच्चों की सुरक्षा के लिए स्कोर 24/24 रहा, जिससे यह साबित होता है कि एसयूवी बच्चों और बड़ों दोनों को बेहतर सुरक्षा देती है।

सुरक्षा फीचर्स के हिसाब से ई-विटारा में 7 एयरबैग, लेवल-2 एडीएएस, 360-डिग्री कैमरा, इलेक्ट्रॉनिक पार्किंग ब्रेक, ईएससी, आईएसओएफआईएक्स माउंट्स और पार्किंग



सेंसर जैसे फीचर्स से लैंस हैं। अगस्त 2025 से इसका प्रोडक्शन गुजरात प्लांट में शुरू हो गया है और कीमत करीब 17 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) रहने की उम्मीद है। लांच पर यह महिंद्रा बीई.6, हुंडई क्रेटा ईवी, एमजी जेएस ईवी और टाटा कर्व ईवी को कड़ी चुनौती देगी।

# ट्रंप के टैरिफ अटैक के कारण टूट रहा रुपया........90 रुपये प्रति डॉलर के स्तर से नीचे

नई दिल्ली।

भारतीय रुपया बुधवार को 90 रुपये प्रति डॉलर के अहम मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे पहुंच गया। व्यापार और निवेश के लिए डॉलर का निकलना और कंपनियों द्वारा आगे की कमजोरी से बचाव (हेजिंग) की होड़ ने मुद्रा पर दबाव बनाया है और इस तरह आठ महीने से जारी गिरावट को बढ़ा दिया है। रुपया इस साल अब तक डॉलर के मुकाबले 5 प्रतिशत गिरकर एशिया की सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली मुद्राओं बन गया है। भारत के सबसे बड़े बाजार अमेरिका द्वारा भारतीय सामानों पर 50 प्रतिशत तक के उच्च शुल्क (टैरिफ) के कारण निर्यात प्रभावित हुआ है, इससे विदेशी निवेशकों के लिए भारतीय शेयरों का आकर्षण कम हुआ है।

वैश्विक स्तर पर पोर्टफोलियो निवेश बहिर्वाह (पैसे की निकासी) से सबसे ज्यादा प्रभावित बाजारों में भारत शामिल है।

इस साल अब तक विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयरों में करीब 17 अरब डॉलर की शुद्ध बिक्री की है। पोर्टफोलियो निवेश में कमजोरी के साथ ही प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में भी मंदी आई है, जिससे दबाव और बढ़ा है।

हाई अमेरिकी टैरिफ और सोने के आयात में तेज उछाल ने अक्टूबर में भारत का व्यापार घाटा (मर्चेंडाइज ट्रेड डेफिसिट) रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचाया है। साथ ही, घरेलू कंपनियों के विदेशी कर्ज और बैंकों में गैर-निवासी भारतीयों (एनआरआई) के जमा खातों से होने वाली डॉलर आपूर्ति भी कम हुई है।

बैंकरों और व्यापारियों का कहना है कि रुपये में गिरावट के हर चरण ने, विशेष रूप से आयातकों की तरफ से, ताजा डॉलर मांग पैदा की है, जबकि निर्यातक डॉलर बेचने से अभी भी हिचकिचा रहे हैं। सार्थक पूंजी प्रवाह के अभाव में यह असंतुलन रुपये को असुरक्षित छोड़ रहा है।

हालांकि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने रुपये में गिरावट की रफ्तार धीमी करने के लिए बीच-बीच में हस्तक्षेप किया है, लेकिन बैंकरों का मानना है कि डॉलर की मांग का पैमाना और उसकी निरंतरता मुद्रा पर दबाव बनाए हुए है। आरबीआई के रुपये को सहारा देने के प्रयास विदेशी मुद्रा भंडार में कमी और फॉरवर्ड बाजार में शॉर्ट डॉलर पोजीशन के 5 महीने के उच्च स्तर (63.4 अरब डॉलर) पर पहुंचने में परिलक्षित होते हैं।

# अडाणी एयरपोर्ट कारोबार को शेयर बाजार में लिस्ट करने की तैयारी में

## कंपनी करीब 1 लाख 25 हजार करोड़ रुपए का बड़ा निवेश करेगी



**नई दिल्ली।** अडाणी ग्रुप अगले पांच साल में अपने सभी एयरपोर्ट पर यात्री क्षमता बढ़ाने की तैयारी कर रहा है। कंपनी करीब 1 लाख 25 हजार करोड़ रुपए का बड़ा निवेश करेगी। इस निवेश के बाद अडाणी समूह के एयरपोर्ट हर साल 200 मिलियन यानी 20 करोड़ यात्रियों को संभाल सकेंगे। यह कदम इसलिए भी अहम माना जा रहा है कि भारत में हवाई यात्रा बहुत तेजी से बढ़ रही है और कंपनी अपने एयरपोर्ट कारोबार को शेयर बाजार में लिस्ट करने की तैयारी कर रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अडाणी ग्रुप नवी मुंबई एयरपोर्ट में बड़े पैमाने पर काम कर रहा है। यह एयरपोर्ट 25 दिसंबर को शुरू हो सकता है। यहां नए यात्री टर्मिनल बनाए जा रहे हैं, टैक्सीवे को बढ़ाया जाएगा और एक नई रनवे भी बनाई जाएगी ताकि ज्यादा उड़ानों को सुरक्षित तरीके से संचालित किया जा सके। इसके साथ ही कंपनी अहमदाबाद, जयपुर, तिरुवनंतपुरम, लखनऊ और गुवाहाटी एयरपोर्ट की क्षमता भी बढ़ाएगी। इन एयरपोर्ट पर यात्रियों के लिए और बेहतर सुविधाएं, ज्यादा स्पेस और सुचारू संचालन के लिए जरूरी ढांचे में सुधार किए जाएंगे। इस पूरे विस्तार प्रोजेक्ट के लिए जो 15 बिलियन डॉलर की राशि चाहिए, उसमें से करीब 70 फीसदी पैसा कर्ज के रूप में जुटाया जाएगा। कंपनी यह कर्ज अगले पांच साल के दौरान लेगी। बाकी का पैसा कंपनी अपनी ओर से लगाएगी जिसे इक्विटी कहा जाता है। इस तरह बड़े पैमाने पर स्ट्रक्चर सुधार का खर्च पूरा किया जाएगा। भारत में अगले वर्षों में हवाई यात्रा काफी तेजी से बढ़ने वाली है। उम्मीद है कि 2030 तक देश में हर साल 300 मिलियन यानी तीस करोड़ लोग उड़ान भरेंगे। अडाणी ग्रुप अपनी क्षमता को 200 मिलियन तक बढ़ाकर इस पूरे विकास में बहुत बड़ी भूमिका निभाएगा। इससे कंपनी की पकड़ भारतीय विमानन बाजार पर मजबूत होगी और उसकी एयरपोर्ट यूनिट का आईपीओ और भी आकर्षक बन जाएगा। इस बड़े प्लान में नवी मुंबई एयरपोर्ट की 20 मिलियन यात्रियों की क्षमता और गुवाहाटी एयरपोर्ट की 11 मिलियन क्षमता शामिल नहीं है। मतलब ये दोनों एयरपोर्ट पहले से अलग गिने गए हैं, और जो नया विस्तार हो रहा है वह इस अलग हट कर है।

# आम आदमी को आरबीआई दे सकती है राहत, बैठक में रेपो रेट पर होगा फैसला

## 5 दिसंबर को आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा फैसला सुनाएंगे

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक बुधवार से शुरू हो गई है और ये बैठक 5 दिसंबर चलेगी। छह सदस्यों वाली इस समिति की अध्यक्षता नए आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा कर रहे हैं। इस बैठक में रेपो रेट, बाजार में पैसे की स्थिति आने वाले समय में महंगाई का अनुमान और देश की आर्थिक वृद्धि के लक्ष्य पर फैसला लेंगे और इसके बारे में 5 दिसंबर को आरबीआई गवर्नर फैसला सुनाएंगे। अगर इस बार रेपो रेट कम होता है तो इससे आम आदमी की जेब पर बोझ घट जाएगा। अक्टूबर वाली एमपीसी बैठक में आरबीआई की समिति ने रेपो रेट को 5.5फीसदी पर ही रखने का फैसला किया था यानी कोई बदलाव नहीं हुआ था। गवर्नर ने कहा कि महंगाई काफी कम हो गई है, इसलिए समिति को भरोसा है कि रेट अभी ऐसे ही रखना सही रहेगा। मतलब अक्टूबर में लोन की ईएमआई और कर्ज की किस्तों में फिलहाल कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ। पिछली बैठक में आरबीआई ने इस वित्त वर्ष के लिए महंगाई का लक्ष्य अनुमान घटाकर सिर्फ 2.6फीसदी कर दिया था, जो पहले 3.1फीसदी था यानी महंगाई पहले के हिसाब से काफी कम रहने वाली है। अगस्त की बैठक में भी अनुमान 3.7 फीसदी से घटाकर 3.1फीसदी किया गया था। मतलब लगातार महंगाई के आंकड़े नीचे आ रहे हैं, जिससे आम आदमी को चीजों के दाम बढ़ने की कम चिंता होगी और ब्याज दरें भी जल्दी कम होने की उम्मीद है। एक नई रिपोर्ट में कहा गया है कि दिसंबर की आरबीआई मौद्रिक नीति बैठक पर सबसे बड़ा असर महंगाई के बहुत तेज़ी से नीचे आने का है। घरेलू हालात अभी भी मजबूत हैं, लेकिन अमेरिका ने भारत के सामान पर 50फीसदी तक टैरिफ लगा रखा है और ट्रेड डील पर अभी भी बात चल रही है, ये बड़ी चिंता की बात है यानी अंदर से सब ठीक दिख रहा है, लेकिन बाहर का दबाव रेपो रेट घटाने के फैसले को प्रभावित कर सकता है।

# एपिस इंडिया के शेयरधारकों की बल्ले-बल्ले......... हर 1 शेयर पर 24 फ्री शेयर देगी

## एपिस इंडिया ने बोनस शेयर की रिकॉर्ड डेट 5 दिसंबर 2025 तय

मुंबई ।

मल्टीबैगर कंपनी एपिस इंडिया अपने शेयरधारकों को बड़ा तोहफा देने वाली है। एफएमसीजी कंपनी एपिस इंडिया अपने शेयरधारकों को 24ः1 के रेशियो में बोनस शेयर बांटने वाली है। यानी, कंपनी हर 1 शेयर पर 24 फ्री शेयर बांटेगी। एपिस इंडिया ने बोनस शेयर की रिकॉर्ड डेट 5 दिसंबर 2025 तय की है। कंपनी अपने निवेशकों को दूसरी बार बोनस शेयर का तोहफा दे रही है। एपिस इंडिया के शेयरों में पिछले कुछ साल में तूफानी तेजी आई है। कंपनी के शेयर 5500 प्रतिशत से ज्यादा उछल गए हैं। मल्टीबैगर कंपनी एपिस इंडिया के शेयर 5593 प्रतिशत उछल गए हैं। कंपनी के शेयर 13 अक्टूबर 2022 को 20.25 रुपये पर थे।

एपिस इंडिया के शेयर 1 दिसंबर 2025 को बीएसई में 1152.75 रुपये पर बंद हुए हैं। पिछले 3 साल में कंपनी के शेयरों में 4376 प्रतिशत की जोरदार तेजी देखने को मिली है। वहीं, पिछले दो साल में एपिस इंडिया के शेयर 1303 प्रतिशत उछल गए हैं। इस साल 11 अप्रैल के बाद से कंपनी के शेयरों में 311 प्रतिशत की तेजी आई है। एपिस इंडिया के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 1152.75 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 280.40 रुपये है। एपिस इंडिया अपने शेयरधारकों को पहले भी बोनस शेयर का तोहफा दे चुकी है।

कंपनी ने दिसंबर 2010 में अपने निवेशकों को 323ः100 के अनुपात में बोनस शेयर दिए थे। यानी, कंपनी ने हर 100 शेयर पर 323 बोनस शेयर बांटे थे। कंपनी में प्रमोटर्स की हिस्सेदारी 74.72 प्रतिशत है, जबकि पब्लिक शेयरहोल्डिंग 25.28 पर्सेंट है। एपिस इंडिया का मार्केट कैप 635 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है।

## रुपया अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंचा



**नई दिल्ली ।** भारतीय रुपया बुधवार को 25 पैसे की गिरावट के साथ ही अपने अब तक के सबसे निचले स्तर 90.19 पर बंद हुआ। आज सुबह रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले आज पहली बार 90 रुपये के स्तर के ऊपर पहुंच गया। आज शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 9 पैसे नीचे आकर 90.05 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर फिसल गया। इससे वह और कमजोर हुआ है। अमेरिका के साथ व्यापार और पोर्टफोलियो में आई कमजोरी के साथ ही कारोबारी करार नहीं होने से भी बाजार पर दबाव पड़ा है। इससे पहले मंगलवार को रुपया इंट्रा-डे कारोबार में 89.94 के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचा और नियमित स्पॉट ट्रेडिंग के बाद इंटरबैंक ऑर्डर-मैचिंग प्लेटफॉर्म पर 90 प्रति डॉलर के स्तर से भी आगे निकल गया। भारतीय रिजर्व बैंक पांचवें कारोबारी सत्र में डॉलर के मुकाबले रुपया नीचे आया है।



## 17 को व्यापारिक सम्मेलन में हजारों व्यापारियों को संबोधित करेंगी सीएम ममता

### -सरकार चुनाव से पहले छोटे व्यवसायों व सभी वर्गों से समर्थन हासिल करना चाहती है

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी 17 दिसंबर को व्यापारिक सम्मेलन 2025 में 12,000 से ज्यादा व्यापारियों को संबोधित कर सकती हैं। उद्योग प्रतिनिधियों के साथ बातचीत को सुविधाजनक बनाने के लिए 18 दिसंबर को एक व्यापार बैठक निर्धारित की गई है। यह व्यवसायी सम्मेलन 2025 इसलिए अहम है क्योंकि राज्य सरकार 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले छोटे व्यवसायों समेत सभी वर्गों से समर्थन हासिल करना चाहती है। पश्चिम बंगाल व्यापार संघ परिसंघ (सीडब्ल्यूबीटीए) के अध्यक्ष ने कहा कि इस कार्यक्रम में ममता बनर्जी मुख्य अतिथि होंगी। यह सीएम को हजारों छोटे व्यापारियों से जुड़ने का मंच प्रदान करेगा जो बंगाल की आपूर्ति श्रृंखला की रीढ़ हैं। उन्होंने कहा कि व्यापारी पश्चिम बंगाल में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से एक करोड़ से ज्यादा लोगों के लिए आजीविका के अवसर पैदा करते हैं। हमें उम्मीद है कि सीएम ममता व्यापार को आसान बनाने और जमीनी स्तर की चुनौतियों का समाधान करने के लिए प्राथमिकताएं तय करेंगी। इस कार्यक्रम में प्रमुख वाणिज्यिक केंद्रों और सीमावर्ती व्यापार केंद्रों समेत सभी 23 जिलों के प्रतिनिधिमंडलों के शामिल होने की उम्मीद है।

## एसबीआई बैंक के शेयरों में 2025 की शुरुआत से अब तक 25 फीसदी की बढ़त

### ब्रोकरेज का अनुमान एसबीआई शेयर में तेजी आगे भी जारी रह सकती है

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों ने 2025 में निवेशकों को अच्छा रिटर्न दिया है। देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक ने 2025 की शुरुआत से अब तक करीब 25 फीसदी की बढ़त दर्ज की है और इसने निफ्टी 50 इंडेक्स में शामिल प्राइवेट सेक्टर के सभी बैंकों को पीछे छोड़ दिया है। एसबीआई शेयर में तेजी पिछले कुछ सालों से जारी है। साल 2023 में इस शेयर में 5फीसदी का उछाल आया था तो 2024 इसने 23फीसदी रिटर्न दिया था। एसबीआई शेयर में तेजी आगे भी जारी रह सकती है, ऐसा ब्रोकरेज का अनुमान है। यही वजह है कि ब्रोकरेज हाउस सीएलएसए, एचएसबीसी, एक्सिस सिके योरिटीज और नोमूरा ने एसबीआई शेयर को 'बाय' रेटिंग दी है। एसबीआई शेयर में आई तेजी की वजह बैंकिंग सेक्टर में मौलिक सुधार, आर्थिक स्थिरता और बेहतर क्रेडिट साइकल है। घरेलू और वैश्विक स्तर पर संस्थागत निवेशकों की बढ़ती दिलचस्पी भी एसबीआई की वैल्यूएशन को सपोर्ट कर रही है। बाजार जानकारों का कहना है कि भारतीय अर्थव्यवस्था के मजबूत बने रहने, हाल में हुए जीएसटी स्लैब कटौती से उपभोक्ता खर्च में उछाल की संभावना और भारतीय रिजर्व बैंक का 2026 में जीडीपी ग्रोथ 6.8फीसदी और 2027 में 6.6 फीसदी रहने का अनुमान बैंकिंग सेक्टर के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार कर रहा है और इसका सबसे ज्यादा फायदा एसबीआई को होगा। फोर्ट कैपिटल के पराग ठक्कर का कहना है कि एसबीआई बैंक की 43 लाख करोड़ की लोन बुक भारत की कुल लोन बुक का करीब 23-24 फीसदी है, जबकि एसबीआई अभी भी 12-14फीसदी की गति से बढ़ रहा है और क्रेडिट कॉस्ट मात्र 50 बेसिस पॉइंट है।

# शेयर बाजार हल्की गिरावट पर बंद

मुम्बई ।

भारतीय शेयर बाजार बुधवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही मुनाफावसूली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 31.46 अंक टूटकर 85,106.81 अंकों पर बंद हुआ। इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 46.20 अंक फिसलकर 25,986.00 अंकों पर बंद हुआ। आज ज्यादातर कंपनियों के शेयर नुकसान के साथ ही नीचे आये। वहीं गत दिवस भी बाजार नीचे आया था।

बुधवार को सेंसेक्स की 30 में से केवल 10 कंपनियों के शेयरों में ही बढ़त रही। वहीं शेष सभी 20 कंपनियों के शेयर नीचे आये। इसी तरह निफ्टी की 50 में से केवल 13 कंपनियों के शेयर बढ़त पर बंद हुए जबकि बची हुई सभी 37 कंपनियों के शेयर गिरावट पर बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल टीसीएस के शेयर सबसे ज्यादा 1.41 फीसदी बढ़त के साथ बंद हुए। जबकि बीईएल के शेयर आज सबसे ज्यादा 2.13 फीसदी नीचे आये।

सेंसेक्स की अन्य कंपनियों में आज आईसीआईसीआई बैंक , एचडीएफसी बैंक , इंफोसिस, एक्सिस बैंक , टेक महिंद्रा , पावरग्रिड , एचसीएल टेक के शेयर बढ़त पर बंद हुए जबकि आज महिंद्रा एंड महिंद्रा , टाइटन , एनटीपीसी, एसबीआई , अडाणी पोर्ट्स 1.13 , टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स , बजाज फिनसर्व आदि के शेयर गिरावट पर बंद हुए। वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार तेजी के साथ खुलने के बाद नीचे आये। सेंसेक्स हल्की तेजी के साथ ही 85,150 अंक पर खुला। खुलने के कुछ ही देर में इसमें गिरावट आने लगी। सुबह ये 197.27 अंक करीब 0.23 फीसदी फिसलकर 84,941 पर कारोबार कर रहा था।

वहीं दूसरी ओर निफ्टी सपाट रुख के साथ तकरीबन 26,004



अंक पर खुला। यह 26 हजार के स्तर से नीचे आया है। सुबह यह 57.85 अंक करीब 0.22 फीसदी की गिरावट के साथ ही 25,974 पर कारोबार कर रहा था। ज्यादातर एशियाई बाजार बुधवार को हरे निशान पर थे। वॉल स्ट्रीट में टेक्नोलॉजी शेयरों में उछाल और क्रिप्टोकरेंसी में तेजी से एशियाई बाजारों पर भी दिखा। जापान का निक्केई 225 0.76 फीसदी बढ़ा। हालांकि व्यापक टॉपिक्स 0.31 फीसदी गिरा। दक्षिण कोरिया में कोस्पी 1.06 फीसदी ऊपर आया जबकि ऑस्ट्रेलिया के एसएंडपी/एएसएक्स में 200 0.32 फिसदी मजबूती आई।अमेरिकी स्टॉक फ्यूचर्स एशिया के शुरुआती कारोबार में स्थिर रहे। प्रमुख अमेरिकी बेंचमार्क आज उछाल के बाद टिके रहे। डॉव 0.39 फीसदी बढ़ा, एसएंडपी 500 में 0.25 फीसदी की बढ़त हुई और नैस्डैक 0.59 फिसदी उछला।

## दिसंबर माह में कर लें टैक्स रिटर्न से लेकर पैन तक सभी काम, नहीं तो होंगे परेशान



**नई दिल्ली।** दिसंबर माह में कई अहम वित्तीय और टैक्स संबंधी तारीखें करीब आ गई हैं। इन पर ध्यान न दिया जाए तो बाद में दिक्कत हो सकती है। सीबीडीटी ने टैक्स ऑडिट केस वाले करदाताओं के लिए आयकर रिटर्न फाइल करने की अंतिम तारीख 31 अक्टूबर 2025 से बढ़ाकर 10 दिसंबर 2025 की थी जो अब करीब आ रही है। यह उन करदाताओं के लिए राहत है जिनकी रिटर्न में ऑडिट और वित्तीय विवरण शामिल है। अगर आपने 1 अक्टूबर 2024 या उससे पहले आधार बनवाया था, तो इसे अपने पैन कार्ड के साथ लिंक करना 31 दिसंबर 2025 तक जरूरी है। लिंक न करने पर आपका पैन कार्ड अप्रचलित हो जाएगा और बैंकिंग, निवेश और आईटीआर फाइलिंग में परेशानी आएगी। विलंबित रिटर्न अगर आपने मूल समयसीमा मिस की थी, तो 31 दिसंबर तक फाइल कर सकते हैं। लेट फीस 5,000 तक (5 लाख रुपए से कम आय वालों के लिए 1,000 रुपए) और बकाया कर पर ब्याज देना होगा। संशोधित रिटर्न पहले फाइल किए गए रिटर्न में गलती सुधारने के लिए भी 31 दिसंबर तक मौका है। इसके बाद केवल अपडेटेड रिटर्न फाइल किया जा सकता है, जिसमें 25 फीसदी से 50फीसदी तक अतिरिक्त दंड लग सकता है। इसलिए दिसंबर 2025 अंतिम और सबसे किफायती मौका है रिटर्न सुधारने या विलंबित रिटर्न फाइल करने का।

# अमेरिका में की 18 ट्रिलियन डॉलर निवेश की घोषणा, महंगाई में आएगी कमी

## -ट्रंप का दावा- उनके कार्यकाल में अर्थव्यवस्था में अब तक का सबसे बड़ा सुधार हुआ

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उनके कार्यकाल में देश की अर्थव्यवस्था में अब तक का सबसे बड़ा सुधार हुआ है। अमेरिका में अभी तक करीब 18 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा के निवेश की नई घोषणाएं की गई हैं। उन्होंने दावा किया कि महंगाई में कमी आ रही है और टैक्स को लेकर बड़े बदलाव हुए हैं। यह सब अमेरिका में रहने वाले भारतीय मूल के पेशेवरों, कारोबारियों और टेक्नॉलॉजी क्षेत्र के लोगों के लिए खास महत्व रखता है। एक लम्बी कैबिनेट बैठक में ट्रंप ने पिछली सरकार की आर्थिक स्थिति की तुलना अपने कामकाज से की और कहा कि यह साल कई रिकॉर्ड तोड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सिर्फ 10 महीने में 18 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा के निवेश कमिटमेंट हासिल हुए हैं, जो इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ। ट्रेजरी सेक्रेटरी ने कहा कि देश में कंपनियों और निवेशकों का पैसा तेजी से आ रहा है, जिससे कंपनियों का पूंजी खर्च करीब 15 फीसदी बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि सरकार के बड़े टैक्स सुधार जिसे ट्रंप ने ÷वन बिग, ब्यूटिफुल बिल÷ कहा है। उसके कारण कंपनियों को 100 फीसदी खर्च घटाने की सुविधा मिली है और टिप, ओवरटाइम और सोशल सिक्योरिटी पर टैक्स हटा दिया गया है। ट्रेजरी सेक्रेटरी के मुताबिक इससे आम अमेरिकियों की जेब में ज्यादा पैसा जाएगा और महंगाई से राहत मिलेगी। भारतीय-अमरीकी कारोबारी, इंजीनियर, आईटी विशेषज्ञ, छोटे मैन्युफैक्चरर और डॉक्टर अमेरिका के उच्च-कौशल क्षेत्रों में बड़ी संख्या में हैं। वे इन टैक्स सुधारों, नियमों में ढील और बड़े निवेश पर नजर रखे हुए हैं। कॉमर्स सेक्रेटरी ने उन बदलावों के बारे में बताया जो ऑटो, टेक्नोलॉजी, सेमीकंडक्टर और फार्मास्यूटिकल्स सहित उन इंडस्ट्रीज़ पर सीधे असर डाल सकते हैं जिनमें इंडियन अमेरिकन की अहम हिस्सेदारी है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने वैश्विक व्यापार का नक्शा बदल दिया है और सेमीकंडक्टर उद्योग में 300 बिलियन डॉलर का निवेश घोषित हो चुका है, जो अगले 60 दिनों में 750 बिलियन डॉलर पहुंच सकता है।

## स्विगी अगले सप्ताह तक 10,000 करोड़ जुटने की तैयारी में




**मुंबई।** भारतीय फूड डिलीवरी कंपनी स्विगी अगले सप्ताह तक संस्थागत निवेशकों से 10,000 करोड़ (करीब 1.1 अरब डॉलर) तक जुटाने की तैयारी कर रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, सूत्रों ने बताया कि कंपनी फंड जुटाने की प्रक्रिया को जल्दी शुरू कर सकती है। स्विगी ने शेयर बेचने के इस कदम को संभालने के लिए तीन बड़े बैंकों को चुना है है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह निर्णय अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है, इसलिए सूत्रों ने अपना नाम गोपनीय रखने को कह दिया है। स्विगी के बोर्ड ने 7 नवंबर को यह योजना मंजूर की थी कि कंपनी क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) के जरिए अधिकतम 10,000 करोड़ जुटाएगी। हालांकि सूत्रों का कहना है कि फंडिंग का सही समय और राशि में आगे बदलाव भी हो सकता है।

# विधान मंडल में राज्यपाल बोले- सरकार एक करोड़ नौकरी-रोजगार देने के लिए प्रतिबद्ध है



पटना। 18वीं विधानसभा के शीतकालीन सत्र का आज तीसरा दिन है। आज राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने अभिभाषण दिया। उन्होंने बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों को संयुक्त रूप से संबोधित किया। हालांकि, अभिभाषण की शुरूआत होते ही कुछ देर के लिए साउंड सिस्टम में खराबी आ गई थी। इस कारण किसी को उनकी आवाज ठीक से सुनाई नहीं रही थी। इसके बाद तकनीकी टीम ने इसे ठीक किया। राज्यपाल ने नई सरकार की आगामी योजना और नीतियों को सामने रखा। उन्होंने कहा कि मैं बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन में आप सभी का स्वागत करता हूं तथा हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ। मैं राज्य की खुशहाली एवं बहुआयामी विकास की कामना करता हूँ। साथ ही मैं विधानसभा के सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई भी देता हूं। मुझे विश्वास है कि नव गठित बिहार विधान सभा का कार्यकाल बिहार को विकसित बनाने एवं जन-जन तक खुशहाली लाने में अपनी रचनात्मक भूमिका निभायेगा।राज्यपाल ने आगे कहा कि अभी हमारे यहाँ शांतिपूर्ण, स्वतंत्र तथा निष्पक्ष चुनाव हुए है। राज्य की जनता ने विकास के एजेंडे को स्वीकार करते हुए सरकार को व्यापक समर्थन दिया है। इस चुनाव में बिहार के लोगों ने विशेषकर महिलाओं ने अभूतपूर्व मतदान किया है। मैं सभी मतदाताओं को इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने के लिए बधाई देता हूं एवं इस प्रक्रिया को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु भारत निर्वाचन आयोग तथा निर्वाचन में संलग्न सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को भी धन्यवाद देता हूँ। विकास के प्रति राज्य के सभी वर्गों में विशेषकर महिलाओं एवं युवाओं में विशेष जागरूकता दिखाई दे रही है। सरकार द्वारा राज्य के विकास के लिए किये जा रहे प्रयासों के लिए आप सभी का सहयोग अपेक्षित है। राज्य सरकार आगामी पांच वर्षों में एक करोड़ नौकरी और रोजगार देने के लिए प्रतिबद्ध है। द्वितीय अनुपूरक बजट पेश किया गयाइधर, राज्यपाल के अभिभाषण से पहले सरकार वित्तीय वर्ष 2025-26 का द्वितीय अनुपूरक बजट भी पेश किया गया। वित्त मंत्री विजेंद्र यादव ने कहा कि इस अनुपूरक बजट में कुल 91,717.1135 करोड़ रुपये के अतिरिक्त व्यय का प्रावधान किया गया है। कुल 91,717.11 करोड़ रुपये के इस अनुपूरक बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला रोजगार, पेयजल, सड़क, ऊर्जा, पेंशन, सिंचाई, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, मेट्रो रेल और अन्य सामाजिक कल्याण योजनाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। यह प्रावधान राज्य की विकास परियोजनाओं और सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों को गति देने के उद्देश्य से किया गया है। इधर, दूसरे दिन भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. प्रेम कुमार ने विधानसभा अध्यक्ष के आसान पर बैठ गए। पहले दिन अनुपस्थित रहे चार विधायकों ने भी शपथ ले लिया। बाहुबली अनंत सिंह और अमरेंद्र पांडेय शपथ लेने के लिए नहीं पहुंच पाएं। अनंत सिंह जेल में हैं और अमरेंद्र पांडेय अपने भतीजे का इलाज करवा रहे हैं। इधर, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष का पद भाजपा के पास जाने के बाद उपाध्यक्ष पद जदयू के पास चला गया है। आज जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता और प्रोटेम स्पीकर नरेंद्र नारायण यादव ने उपाध्यक्ष पद पर नामांकन दाखिल कर दिया है। उनके अलावा किसी और ने इस पद के लिए नामांकन नहीं किया है इसीलिए उनका निर्विरोध उपाध्यक्ष चुना जाना तय है। हालांकि नरेंद्र नारायण यादव पहले भी उपाध्यक्ष थे।

## समस्तीपुर में ललित उद्यान का शुरू हुआ जीर्णोद्धार



समस्तीपुर। रेलवेकर्मी के साथ ही शहर वासियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा ललित उद्यान को एक बार फिर से पुनर्जीवित करने की कवायद शुरू हो गई है। पिछले दिनों दैनिक भास्कर में खबर प्रकाशित होने के बाद रेलवे प्रशासन की ओर से उद्यान का जीर्णोद्धार कार्य शुरू किया गया है। कार्य पूर्ण होने के बाद एक बार फिर से इस उद्यान को आम लोगों के लिए खोला जाएगा। जहां लोग फुर्सत का समय बिता सकेंगे।2018 में तत्कालीन पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक एसके द्विवेदी ने इस उद्यान का उद्घाटन किया था। उद्यान खोले जाने के पीछे का उद्देश्य था कि यहां पर रेलवे कर्मियों के अलावा शहर वासी फुर्सत के समय में यहां पर समय बिता सकेंगे।इसका उपयोग हर खास से लेकर आम तक कर सकेगा। शुरूआती दिनों में इसे आम लोगों के लिए भी खोला गया, लेकिन बाद के दिनों में इसे आम लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई और सिर्फ रेलवे अधिकारी इसका उपयोग करने लगे। फिर धीरे-धीरे यह उद्यान रखरखाव के अभाव में जंगल झाड़ में तब्दील हो गया।रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जीर्णोद्धार कार्य संपन्न होने के बाद इसे पुनः आम शहर वासियों के लिए भी खोला जाएगा। जहां पर सुबह में लोग मॉर्निंग वॉक कर सकेंगे, वहीं शाम के समय में अपने बच्चों के साथ यहां पर समय व्यतीत कर सकेंगे।उद्यान परिषद में झाड़ की कटाई की जा रही है। वॉक पथ की मरम्मत की जा रही है। इसके साथ ही बीच में आरामदायक घास लगाने की योजना बनाई गई है। लाइटिंग की व्यवस्था को ठीक किया जा रहा है। सीमेंटेड कुर्सियों को भी फिर से रंग रोगन कर उसे बैठने योग्य बनाया जा रहा है।

## डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती, बच्चों ने निकाली प्रभात फेरी



समस्तीपुर। भारत के प्रथम राष्ट्रपति स्वर्गीय डॉ. राजेंद्र प्रसाद की 141वीं जयंती के मौके पर बुधवार सुबह स्कूली बच्चों ने शहर में प्रभात फेरी निकाली। इस दौरान बच्चे शहर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा पर लोगों ने माल्यार्पण किया। मौके पर बच्चों द्वारा परेड का भी आयोजन किया गया। डॉ. राजेंद्र प्रसाद जयंती समारोह समिति के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम में शहर के विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया। इस मौके पर समिति के सदस्य जाने-माने शिक्षाविद् एके लाल ने कहा कि डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती के मौके पर विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली। कलेक्ट परिसर स्थित उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया है। इसके साथ ही आज दिनभर कार्यक्रमों का आयोजन है। दोपहर में बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता होगी। जिसमें डीआरएम समेत कई वरीय पदाधिकारी शामिल होंगे। शाम में प्रतिभागियों को शील्ड दिया जाएगा। एके लाल ने कहा कि इस मौके पर बच्चों के बीच डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला गया और उनके बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में आयोजन समिति के सदस्य शामिल हुए। जयंती समारोह को लेकर सरकारी संस्थाओं के साथ ही गैर सरकारी संस्थान और स्कूलों में भी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। वीमेंस कॉलेज में भी इस मौके पर कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है इसके अलावा डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय किसी विश्वविद्यालय में भी कार्यक्रम हैं।

## यूपी की टीचर की बिहार में गोली मारकर हत्या




अररिया। यूपी की टीचर की बिहार में गोली मारकर हत्या कर दी गई है। अररिया जिले के खाबदा कन्हैली मध्य विद्यालय की टीचर शिवानी कुमारी (28) को बदमाशों ने स्कूल जाने के दौरान गोली मारी है। घटना सुबह करीब 8:30 बजे की बताई जा रही है। खेत में काम रहे किसान सुधीर यादव ने बताया कि वो स्कूटी से जा रही थीं। तभी बाइक से 2 लड़के आए और पास से गोली मार कर भाग गए। गोली लगते ही वो जमीन पर गिर पड़ी। इसके बाद मैंने आसपास के लोगों को बुलाया और सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटनास्थल से अररिया सदर अस्पताल 70 किमी दूर है।शिवानी कुमारी कुछ महीने पहले ही इस स्कूल में नियोजित शिक्षिका के रूप में पदस्थापित हुई थीं। वे उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले की निवासी थीं और किराए के मकान में रहकर नरपतगंज में नौकरी कर रही थीं। ग्रामीण ने बताया कि शिक्षिका की कुछ दिन पहली ही सगाई हुई थी। कुछ दिन में उसकी शादी होनी थी।अररिया एसपी अंजनी कुमार ने बताया कि कटहल बारी विद्यालय में एक शिक्षिका थी जो यूपी की रहने वाली थी। वो फारबिसगंज में रहती थी। डेली स्कूल आती-जाती थी। इसी क्रम में आज सुबह जब वो स्कूल जा रही थी खवदा पंचायत में मंदिर के पास बदमाशों ने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा।

## आग में जिंदा जलने से भाई-बहन की मौत



सुपौल। में घर में आग लगने से भाई-बहन की जिंदा जलकर मौत हो गई। आग ने आसपास के 6 घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया। 18 मवेशी जिंदा जल गए। घरों में रखा सामान जलकर खाक हो गया। मृतकों की पहचान भीखन सरदार के पोते मानव कुमार (10) और पोती साक्षी कुमारी (12) के रूप में हुई है। घटना सरायगढ़ भपटियाही प्रखंड के मुरली वार्ड नंबर 6 की है। आग में बुचाय सरदार के दो घर, भीखन सरदार का एक घर, प्रेम सरदार उर्फ पप्पू सरदार का एक घर, चंद्रदेव सरदार और इंद्रदेव सरदार के एक-एक घर पूरी तरह जलकर राख हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बुधवार सुबह BDO अच्युतानंद, CO धीरज कुमार और राजस्व कर्मचारी मोहम्मद इजराफिल घटनास्थल पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया। मृतक बच्चों के दादा भीखन सरदार ने बताया, मेरी बहू ने मुझे सबसे पहले रात 10 बजे खाना खिलाकर सुला दिया। इसके बाद बहू-बेटे और बच्चों ने खाना खाया और अपने-अपने कमरे में रात 11 बजे तक सोने चले गए। रात 1 बजे के करीब मेरी अचानक नींद खुली।इस दौरान मैंने देखा की घर में आग लग गई है। मैंने चिल्लाना शुरू किया, इसपर बहू-बेटे जगे और बच्चों के कमरे की तरफ बढ़े।

## पूरी कार जल गई, बाल-बाल बचा PMCH का डॉक्टर



पटना। में बुधवार को PMCH के हड्डी विशेषज्ञ डॉ. सौरव कुमार की बाल-बाल जान बची। वो अस्पताल से गाड़ी स्टार्ट कर के अपने घर बोरिंग रोड की ओर जा रहे थे। कार स्टार्ट करते ही उन्हें स्मेल आई। वो तुरंत गाड़ी से उतर गए। उनके उतरते ही गाड़ी धू-धू कर जल उठी। बताया जा रहा है कि गाड़ी से डीजल लीक हो रहा था। जिसकी वजह से गाड़ी स्टार्ट होते ही आग लग गई। ये घटना ढटउल्ल के पास जेपी गंगा पथ एलिवेटेड रोड पर हुई। आग लगने के बाद 30 फीट ऊपर तक काला धुआं उठा। अस्पताल की पूरी बिल्डिंग को काले धुएं ने घेर लिया। आग लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गंगा पाथ वे पर 3 किलोमीटर जाम लग गया। इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया।इस गाड़ी के पीछे एक क्रेटा कार खड़ी थी। उस पर भारत सरकार का लोगो लगा था। गाड्र्स ने इस गाड़ी का शीशा तोड़कर कार का गेयर उतारा और गाड़ी को पीछे किया। नहीं तो और भी गाड़ियां इस आग की चपेट में आ सकती थीं।
लोग बोले- जैसे ही वो कार से उतरे आग लग गई मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि मैंने गाड़ी को स्टार्ट करते तो नहीं देखा, लेकिन वो बहुत घबराकर गाड़ी से उतरे। जैसे ही नीचे आए गाड़ी में आग लग गई। 20 सेकेंड में ये सब हो गया। अगर वो गाड़ी में थोड़ी देर और रुक जाते तो बड़ा हादसा हो जाता। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी भीम सिंह ने बताया कि, मैं PMCH के गेट पर खड़ा था तभी एकाएक देखा की 100 मीटर दूर खड़ी गाड़ी में भीषण आग लग गई। देखते-देखते लोग की भीड़ इक्कठा हो गई। घटना करीब साढ़े 12 बजे की हैं, फिलहाल हालात सामान्य है। फायर ब्रिगेड के अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि, सूचना मिली की एक डॉक्टर की गाड़ी में आग लगी है।अचानक गाड़ी से स्मेल आया और देखते ही देखते गाड़ी से धुआं निकलने लगा। आग इतनी भयावह थी काफी दूर तक इसकी लपटे दिखाई दे रही थीं। आग में जलने के कारण काफी पूरी तरह जलकर खाक हो गई है। फिलहाल डॉक्टर पूरी तरह से सही सलामत है।

# बिहार के 7 जिलों में चला बुलडोजर

### मोतिहारी में 6 पक्के मकान गिराए गए, नालंदा में हथौड़े से हटाया कब्जा; समस्तीपुर में माले का प्रदर्शन







पटना। बिहार में नई सरकार बनने के साथ बुलडोजर एक्शन जारी है। राज्य के 8 जिले पटना, गोपालगंज, छपरा, मोतिहारी, भागलपुर, समस्तीपुर, नालंदा और बेगूसराय में सुबह से बुलडोजर चल रहा है। मोतिहारी में 6 पक्के मकानों को गिराया गया है। नालंदा की बिहार शरीफ नगर निगम के सोहसराय इलाके से भी आज अतिक्रमण हटाया गया। सड़क पर लगे शेड और चबूतरों को हथौड़े से तोड़ा गया। भागलपुर में पुलिस ने माइकिंग कर दुकानदारों को खुद सड़कों से हटने को कहा। बेगूसराय में लोहिया नगर झोपड़पट्टी में अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाया गया।इधर, पुलिस-प्रशासन की कार्रवाई के खिलाफ समस्तीपुर में माले ने प्रदर्शन किया है। बेगूसराय में अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन का ऑपरेशन बुलडोजर लगातार दूसरे दिन भी जारी है। प्रशासन की ओर से आज जिला प्रशासन और पुलिस टीम के सहयोग से लोहिया नगर झोपड़ पट्टी में अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाया गया। इस दौरान बड़े पैमाने पर देसी शराब के कारोबार का खुलासा हुआ है। पटना के बाढ़ में अतिक्रमण की कार्रवाई के डर से लोग अपने अवैध कब्जे को खुद हटा रहे हैं। मोतिहारी जिले में अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन की सख्त कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में केसरिया थाना क्षेत्र में सरकारी जमीन पर अवैध रूप से बने छह पक्के मकानों को ध्वस्त कर दिया गया। यह कार्रवाई अदालत के निर्देश पर की गई। जिन छह लोगों के पक्के मकान हटाए गए, उनमें इलमदार, शेख कसमदार, सैफुल्लाह, सफी अहमद, रुबैरा खातून और मन मंजूर आलम शामिल हैं। इन सभी ने सरकारी रास्ते को घेरकर पक्का निर्माण कर लिया था, जिससे आम लोगों को आने-जाने नमें समस्या हो रही थी। बिहार शरीफ में सड़क पर लगी गुमटियों को हटाया गया। पुलिस ने लोगों को हिदायत दी है कि आगे से इसे सड़क पर ना लगाएं। बिहार शरीफ में पुलिस के एक्शन के दौरान युवक ने कहा कि ये लोग कुछ भी तोड़ रहे हैं। अंदर की दुकानों में भी तोड़फोड़ की जा रही है। ये बिल्कुल गलत है। बिहार शरीफ में कार्रवाई के दौरान जहां बुलडोजर नहीं पहुंच पाया वहां हथौड़े से अवैध कब्जे को तोड़ा गया। बिहार शरीफ नगर निगम ने सोहसराय इलाके में अतिक्रमण हटाया। पिछले 27 नवंबर से यह कार्रवाई चल रही है। उपनगर आयुक्त शम्स रजा के नेतृत्व में 2 जेसीबी की मदद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है।


## संक्षिप्त डायरी

### हाजीपुर में युवक को लाठी-डंडों से पीटा, छत से फेंका



हाजीपुर। में भीड़ ने एक युवक की बेरहमी से पिटाई कर दी। छत पर 4 से 5 लड़कों ने घेरकर पीटा। इसके बाद उसे ऊपर से नीचे फेंक दिया। कुत्ते से कटवाया गया। गंभीर रूप से घायल युवक को पटना के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत स्थिर बनी हुई है। ये मारपीट एक दिसंबर को राजेंद्र चौक के पास हुई। इसका वीडियो आज सामने आया है। युवक की पहचान सुभाष चौक के रहने वाले सरोज कुमार के बेटे राहुल कुमार के रूप में हुई है। उस पर आरोप है कि उसने राजेंद्र चौक स्थित पातालेश्वर मिष्ठान का शीशा पत्थर मारकर तोड़ दिया और कुछ लोगों पर भी हमला किया। बताया जा रहा है कि आरोपी युवक मानसिक रूप से बीमार है।राहुल के 2 वीडियो वायरल हुए हैं। पहले वीडियो में छज्जे पर 4 युवक लाठी और लात से बेहरमी से उसकी पिटाई करते दिख रहे है। इसके बाद वे उसे छज्जे से नीचे फेंक दिया। इतना ही नहीं इसके बाद उन्होंने मानसिक रूप से कमजोर युवक को सड़क पर घसीटा फिर उसे कुत्ते से कटवा दिया। वहीं दूसरे वीडियो में युवक आतंक मचाते और ई-रिक्शा को नुकसान पहुंचाते दिख रहा है। दुकान के मालिक ने युवक के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस और डायल-112 की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस भीड़ के बीच से घायल युवक राहुल कुमार रंजन को सुरक्षित छुड़ाकर अस्पताल में भर्ती कराया। आरोपियों की पहचान में जुटी पुलिस सदर SDPO सुबोध कुमार ने बताया कि, हाजीपुर नगर थाना क्षेत्र से कल एक वीडियो सामने आया था। जिसमें एक युवक के साथ कुछ लोग मारपीट करते दिख रहे है। वो मानसिक रूप से विक्षिप्त है। वो लोहे की दबिया लेकर शहर में आतंक मचाए हुए था। जिसे तुरंत पुलिस हिरासत में लेकर सदर अस्पताल हाजीपुर इलाज के लिए भेजा गया है। उन व्यक्तियों की पहचान की जा रही है जो उसे पीट रहे हैं। पहचान कर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### शादी के मंडप से LLB का एग्जाम देने पहुंची दुल्हन



मुंगेर। में शादी के मंडप से दुल्हन एग्जाम सेंटर आर.डी. एंड डी.जे. कॉलेज पहुंची। परीक्षा खत्म होने के बाद दूल्हे के साथ दुल्हन ससुराल पहुंची। फिर शाम में रिसेप्शन का आयोजन किया गया। दरअसल, बांका जिले के राजगृह बुद्ध कॉलोनी निवासी मनोज कुमार शर्मा की बेटी संजना शर्मा (दुल्हन) LLB चौथे सेमेस्टर की छात्रा है। एक दिसंबर को उसकी शादी पटना जिले के खुसरूपुर निवासी जगन्नाथ शर्मा के बेटे सत्य प्रकाश से हुई। 2 दिसंबर को विदाई हुई तो वो ससुराल पहुंचने से पहले एग्जाम देने परीक्षा केंद्र पहुंची। संजना ने सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक परीक्षा दी। इसके बाद वह अपने पति के साथ पटना स्थित ससुराल पहुंची। मंगलवार को उनका रिसेप्शन था। संजना के पिता मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि, बेटी की शादी सोमवार को धूमधाम से हुई थी। मंगलवार सुबह विदाई के बाद ससुराल पक्ष ने संजना की परीक्षा को प्राथमिकता दी और उसे पहले परीक्षा दिलाई, फिर अपने साथ घर ले गए। उन्होंने कहा कि, हमारी बेटी ऐसे परिवार में गई है, जहां उसकी इच्छाओं को महत्व दिया गया। ससुराल पक्ष के सहयोग की सराहना करते हुए कहा- हमारी बेटी वहां बहुत खुश रहने वाली है।आरडी एंड डीजे कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो बिजेंद्र कुमार ने बताया कि, संजना ने महिला सशक्तिकरण का उदाहरण पेश किया है। वो अपनी शादी समाप्त करने के बाद सीधे परीक्षा देने एग्जाम सेंटर पर पहुंची।अब महिला सिर्फ गृहिणी का काम नहीं संभालती है, बल्कि अपने करियर के उत्थान में आगे बढ़ रही है। संजना शर्मा एमए (इंग्लिश) की है और छछइ चौथे सेमेस्टर की स्टूडेंट है। वहीं संजना के पति सत्य प्रकाश शर्मा सॉफ्टवेयर इंजीनियर है।

### समस्तीपुर में पैथोलॉजी लैब मालिक की मिली लाश



समस्तीपुर। के बिथान थाना क्षेत्र के हसनपुर सखवा सड़क के गंगासागर पुल के पास बुधवार को पैथोलॉजी लैब के मालिक की लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान बिथान थाना क्षेत्र के सखवा गांव निवासी भिखु यादव के पुत्र अनीश कुमार 20 वर्ष के रूप में की गई है।घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए और सड़क पर शव रखकर सड़क जाम कर दिया। करीब 3 घंटे तक सड़क जाम के कारण सड़क के दोनों और वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मृतक के परिजन और स्थानीय लोगों ने इसे हत्या का मामला बताया और घटनास्थल पर एसपी को बुलाने की मांग की।परिजन के मुताबिक, अनीश करीब 2 सालों से हसनपुर बाजार में पैथोलॉजी लैब चला रहा था। मंगलवार की रात रोजाना की तरह बुलेट बाइक से घर की ओर लौट रहा था। रात करीब 9 बजे तक जब घर नहीं पहुंचा तो अनीश को कॉल किया गया, लेकिन उसका मोबाइल बंद था। परिवार के लोगों को चिंता हुई, उसके काफी तलाश की गई, लेकिन देर रात तक अनीश के बारे में कुछ जानकारी नहीं मिल पाई। बुधवार को गंगासागर पुल के पास झाड़ियों में अनीश की बुलेट लोगों ने देखी, जिसके बाद परिजन को भी इसकी जानकारी मिली। परिवार के लोग घटनास्थल पर पहुंचे और जहां बाइक पड़ी थी, उसके आसपास खोजबीन की जाने लगी। कुछ ही देर में बाइक से कुछ दूर झाड़ियों में ही अनीश की लाश भी मिली। शव मिलने की सूचना के बाद आसपास के लोग घटनास्थल पर जुट गए। अनीश की मौत को संदिग्ध बताते हुए हत्या का आरोप लगाया और झाड़ी से शव को लाकर सड़क पर रख दिया और सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम की सूचना पर स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची तो लोगों के विरोध का उन्हें सामना करना पड़ा। सड़क जाम कर रहे लोगों ने मौके पर एसपी को बुलाने की मांग की। लोगों का कहना था कि ये हत्या का मामला है, दोषी की जल्द से जल्द गिरफ्तारी हो। हीं, घटनास्थल पर पहुंचे रोसरा के डीएसपी संजय सिन्हा ने कहा कि बिथानथाना क्षेत्र में सड़क किनारे युवक की लाश मिली है। स्थानीय पुलिस पदाधिकारी को मौके पर भेजा गया है। लोगों ने सड़क जाम कर रखा है।



# नदी पर बनाया जाता है बर्फ का होटल, दूर-दूर से ठहरने आते हैं पर्यटक!

**दुनियाभर में कई तरह के घुमक्कड़ होते हैं जो तरह-तरह की जगह जाना पसंद करते हैं। इनमें से कुछ ऐसे भी होते हैं जिन्हें अजीबो-गरीब होटल देखना या वहां ठहरना भी पसंद होता है। अगर आप भी कुछ ऐसा ही शौक रखते हैं तो आज हम आपको एक ऐसे ही अजीबो-गरीब होटल के बारे में बताने जा रहे हैं जो पूरी दुनिया में अपनी खासियत के लिए मशूहर है।**



कुछ अलग दिखने की सूची में स्वीडन में मौजूद आइस होटल शमिल है। ये अपने हटके प्रस्तुति के कारण पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। काफी पुराना होने के बावजूद भी ये होटल अपने कलाकारी के लिए लोगों के बीच आकर्षित है। यहां हर साल कलाकार अलग-अलग कलाकारियां करते हैं। आइए आपको आइस होटल की अन्य खासियत के बारे में बताते हैं, जो आपको हैरान कर सकती हैं...

### नदी पर बना हुआ होटल

स्वीडन के टॉर्न नदी के ऊपर आइस होटल बना हुआ है। ये होटल पूरी तरह से बर्फ का बना हुआ होता है। इसकी खासियत है कि ये पिघलकर नदी का रूप ले लेता है। तय समय तक ये आइस होटल रहता है और फिर हर साल इसे बनाया जाता है। हर साल ये अलग-अलग आकर और कलाकारियों के साथ बनाया जाता है। जिसे देखने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। यहां ठहरने के लिए पर्यटकों को 1 साल पहले ही बुकिंग करनी होती है।

### अप्रैल के बाद पिघलना शुरु हो जाता है होटल

जब तक मौसम ठंडा और बर्फदार रहता है तब तक ये होटल अपने ठोस आकार में नदी पर मौजूद रहता है। वहीं, तापमान गर्म होने पर ये पिघलकर पानी में बदल जाता है। इसे हर साल नए-नए डिजाइन में बनाया जाता है। यहां आकार दुनियाभर के कलाकार अपनी कलाकारियां दिखाते हैं।


### काफी कम तापमान के होते हैं कमरे

सोलर पॉवर कूलिंग की मदद से होटल के कमरों को बनाया जाता है। यहां ज्यादातर लाइट्स या अन्य उपकरणों को सौर ऊर्जा से ही चलाया जाता है। ये होटल इकोफ्रेंडली होने के कारण लोगों के लिए पहली पसंद में से एक है। यहां के कमरों का तापमान काफी कम होता है। बर्फ की मोटी-मोटी परत को काटकर कमरा बनाया जाता है। गर्मी आने तक ये होटल बर्फ के तौर पर रहता है और फिर अप्रैल के बाद पिघलना शुरु हो जाता है।

### बर्फ के सेरेमनी हॉल और रेस्त्रां भी मौजूद

साल 1992 में पहली बार ये होटल खोला गया था। यहां मौजूद रेस्त्रां, सेरेमनी हॉल और कॉम्प्लेक्स को बर्फ से ही बनाया जाता है। इतना ही नहीं, होटल के फर्नीचर, दीवार, बार समेत अन्य चीजों को भी बर्फ से ही बनाया जाता है। यहां एक से एक डिजाइनिंग वाले कमरे मौजूद हैं।

# कम से कम खर्च में घूमने के लिए अपनाएं यह टिप्स, जेब पर नहीं पड़ेगा जोर




**घूमना** आखिरकार किसे अच्छा नहीं लगता। हर दिन के तनाव और रूटीन से ब्रेक लेते हुए नई जगहों को एक्सप्लोर करने का अपना एक अलग ही आनंद है। लेकिन फिर भी मध्यम वर्गीय परिवार चाहकर भी घूमने नहीं जा पाते और उसकी वजह होती है बजट। चार-पांच महीने में अगर एक बार भी घूमने का प्लॉन बनाया जाए तो इससे पूरा बजट बिगड़ जाता है और सेविंग भी काफी हद तक खर्च हो जाती है। हो सकता है कि आप भी पैसों के चक्कर में घूमने ना जा रहे हों। लेकिन आज हम आपको कुछ ऐसे तरीके बता रहे हैं, जिसे अपनाकर आप ट्रेवलिंग के दौरान पैसों की भी बचत कर सकते हैं-

### प्लान करें ट्रिप

जब आप किसी नई जगह पर घूमने का विचार कर रहे हैं और चाहते हैं कि उसमें आपके काफी सारे पैसे खर्च ना हो तो इसके लिए आपको अपनी ट्रिप को प्लॉन करना चाहिए। आप जहां जा रहे हैं, इसके लोगों, संस्कृति, रीति-रिवाजों और भोजन आदि के बारे में थोड़ा-बहुत जानना आपको बहुत परेशानी से बचाएगा। इसके अलावा रिसर्च आपको उन महंगे शहरों के बारे में बताएगा जिनसे आप बचना चाहते हैं। रिसर्च के जरिए आप उस जगह की सस्ती जगहों व लोकल फूड के बारे में जान पाएंगे।

### सोच-समझकर चुनें एयरलाइन

यदि आप अपनी यात्रा के लिए सही एयरलाइन नहीं चुनते हैं तो आपको फ्लाइंग पर अतिरिक्त पैसा खर्च करना पड़ सकता है एक बजट एयरलाइन आपको कुछ पैसे बचा सकती है, इसलिए ट्रेवल के लिए आप सोच-समझकर एयरलाइन बुक करें। साथ ही अलग-अलग समय पर फ्लाइंग के चार्जेस अलग होते हैं, इसलिए उस पर भी फोकस जरूर करें।


### ऑफ-सीजन में यात्रा करें

यह एक ऐसी ट्रिक है, जो ट्रेवल के दौरान आपके काफी सारे पैसे खर्च होने से बचा सकती है। पीक सीज़न के दौरान यात्रा करने से आपको अधिक पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं, इसलिए पीक सीज़न की यात्रा से बचना समझदारी है। एयरलाइंस, होटल और फूड प्राइस आदि छुट्टियों के दौरान और क्रिसमस, ईस्टर, ईद और दिवाली जैसे अवसरों पर बढ़ जाती है। ऐसे में आप ऑफ सीजन में घूमने का प्लॉन करें। इससे आपके पैसे भी कम खर्च होंगे और भीड़ कम होने के कारण आप अच्छी तरह एंजॉय भी कर पाएंगे।

### खाएं लोकल फूड

अगर आप बजट में घूमना चाहते हैं तो आपको अपने फूड पर भी फोकस करना चाहिए। ओवरप्राइज्ड कैफ़े और रेस्तरां में आपको बहुत सारे पैसे खर्च करने पड़ सकते है जिन्हें आप स्थानीय स्थानों पर जाकर बचा सकते हैं जो ताजा भोजन परोसते है। इससे एक लाभ यह भी होगा कि आपको उस जगह के ऑथेंटिक फूड का स्वाद चखने का मौका मिलेगा।

## हैप्पी हनीमून



# करना है पॉकेट फ्रेंडली हैप्पी हनीमून तो घूमें इन जगहों पर

**शादी** के बाद हनीमून किसी भी नवविवाहित जोड़े के लिए एक यादगार वक्त होता है। हनीमून ट्रिप को लेकर कपल्स के मन में कई तरह की एक्साइटमेंट होती है। लेकिन बहुत से कपल्स सिर्फ इसलिए हनीमून पर नहीं जा पाते, क्योंकि वह उनकी पॉकेट से बाहर होता है। हो सकता है कि आपकी भी जल्द शादी होने वाली है और आप कम बजट में हैप्पी हनीमून ट्रिप प्लॉन करना चाहते हैं तो ऐसे में आप इन जगहों पर जा सकते हैं-

### हिमाचल प्रदेश

दिल्ली से 400 किलोमीटर की दूरी पर हिमाचल प्रदेश एक बेहद ही खूबसूरत जगह है, जहां पर आप कम बजट में अपने पार्टनर के साथ घूमने जा सकते हैं। यह आध्यात्मिक गुरु, दलाई लामा का घर है और इसमें कई जगह हैं, जैसे कि भागसू फॉल्स, शिव कैफ़े आदि जगहों पर जा सकते हैं और ट्रेकिंग और अन्य एडवेंचर्स एक्टिविटीज कर सकते हैं। यहां पर आपको व्यक्ति प्रति दिन 300 रूपए में ठहरने की जगह मिल सकती है।

### केरल


केरल एक बेहद ही खूबसूरत राज्य है और न्यू कपल्स के लिए इसे एक बेहतरीन घूमने की जगह माना जाता है। यहां की नेचुरल ब्यूटी हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करती है। केरल को भगवान का अपना देश माना जाता है, जिस कारण हर व्यक्ति केरल के मंदिरों को देखना चाहता है। यहां बहुत सिद्ध मंदिर हैं। कुछ मंदिरों में पद्मनाभस्वामी मंदिर, गुरुवायुर मंदिर, वडक्कुन्नत मंदिर, अनंतपुरा झील मंदिर, थिरुमन्धाकुन्नु मंदिर, पडियानूर देवी मंदिर आदि प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है। यह पद्मनाभस्वामी मंदिर है जो यहाँ बहुत प्रसिद्ध है।

### उदयपुर

राजस्थान राज्य में कई बेहतरीन घूमने की जगहे हैं, लेकिन आप कम बजट में राजस्थान में हनीमून पर जाना चाहते हैं तो ऐसे में आपको उदयपुर जाना चाहिए। यह अपेक्षाकृत काफी सस्ता है। आप यहां पर सिटी पैलेस से लेकर पिचोला झील आदि कई खूबसूरत जगहों का लुत्फ उठा सकते हैं।

### आगरा

आगरा के ताजमहल को दुनिया के सात अजूबों में शामिल किया गया है। यह बेमिसाल प्यार की निशानी है। ऐसे में आपके लिए आगरा से बेहतर घूमने की जगह कौन सी होगी। यहां घूमने में आपको 5000 रूपए से भी कम का खर्च आएगा। आगरा में आप ताजमहल के अलावा आगरा का किला, फतेहपुर सिकरी आदि घूम सकते हैं। वैसे अगर आप आगरा जा रहे है तो वहां का फेमस पेठा खाना ना भूलें।



# रायपुर में 'किंग कोहली' का जलवा, 53वें शतक से रचा इतिहास, गायकवाड़ ने भी दिखाया दम




**रांची (एजेंसी)।** विराट कोहली ने बुधवार को रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे वनडे के दौरान अपना 53वां वनडे शतक लगाया। यह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे श्रृंखला में लगातार दूसरा शतक भी था। पहले वनडे में, कोहली ने रांची में भारत की 17 रनों की जीत में 120 गेंदों पर 11 चौकों और सात छक्कों की मदद से 135 रन बनाए थे।

37 वर्षीय दिग्गज बल्लेबाज ने 90 गेंदों में अपना 53वां वनडे शतक पूरा किया। कुल मिलाकर, यह भारतीय महान का 84वां अंतरराष्ट्रीय शतक था। वह सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय शतकों के मामले में महान सचिन तेंदुलकर से पीछे हैं। तेंदुलकर के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 शतक हैं। उन्होंने रुतुराज गायकवाड़ के साथ चौथे विकेट के लिए 195 रनों की शानदार साझेदारी की। रुतुराज गायकवाड़ ने भी अपना पहला वनडे शतक जड़ा। रायपुर में इस स्टार बल्लेबाज़ ने 77 गेंदों में शतक पूरा किया।

उन्होंने 83 गेंदों पर 105 रन बनाकर अपना पहला वनडे शतक जड़ा। कोहली की तरह, गायकवाड़ ने भी स्ट्राइक रेट से समझौता नहीं किया और बीच में कुछ बेहतरीन शॉट खेले। मैच के 36वें ओवर में मार्को जेनसन ने उन्हें आउट कर दिया। गौरतलब है कि दोनों ने 195 रनों की साझेदारी की, जिससे भारत दूसरे वनडे में बढ़त बना पाया। वे बल्ले से भी अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद करेंगे और इसी के लिए केएल राहुल को पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतारा गया है।

कोहली ने 93 गेंदों पर सात चौकों और दो छक्कों की मदद से 102 रन बनाए। इससे पहले, यशस्वी जायसवाल (22) और रोहित शर्मा (14) सस्ते में आउट हो गए। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने भारत के खिलाफ दूसरे वनडे में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बावुमा और महाराज को पहले मैच में आराम दिया गया था, लेकिन इस मैच में दोनों की वापसी हुई है।

## हार्दिक टी20 में 300 छक्के लगाने वाले धोनी के बाद दूसरे खिलाड़ी बने



**मुम्बई (एजेंसी)।** अनुभवी ऑलराउंडर पांड्या ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 में एक अहम रिकार्ड अपने नाम किया। हार्दिक ने पंजाब के खिलाफ एलीट ग्रुप सी मैच में अपनी 42 रनों की पारी में चार छक्के लगाने के साथ ही टी20 क्रिकेट में अपनी 300 छक्के पूरे कर लिए। इसी के साथ ही हार्दिक भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी के बाद ये उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरी खिलाड़ी बन गये हैं। यह उपलब्धि हार्दिक की पावर-हिटिंग क्षमता और लगातार सुधारते प्रदर्शन को दर्शाती है।

हार्दिक बड़ौदा की ओ से इस टूर्नामेंट में खेल रहे हैं। पंजाब के खिलाफ मैच में पहला छक्का लगाते ही उनके 300 छक्के पूरे हो गये। हार्दिक का यह प्रदर्शन दिखाता है कि अब वह फिट हो गये हैं। हार्दिक अब भारत के दूसरे खिलाड़ी हैं जिन्होंने टी20 क्रिकेट में बिना एक भी शतक लगाए 300 या उससे अधिक छक्के लगाए हैं। उनका टी20 करियर का सर्वोच्च स्कोर 91 रन है, और अब तक वे 268 पारियों और 309 मैचों में कुल 303 छक्के उनके नाम हैं। यह उपलब्धि बताती है कि हार्दिक सिर्फ एक ऑलराउंडर नहीं, बल्कि एक दमदार फिनिशर और पावर-हिटर भी हैं। वही धोनी ने 355 टी20 पारियों में बिना शतक लगाए 350 छक्के लगाए थे।

## आईपीएल 2026 नीलामी : इस ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर पर होगी पैसों की बारिश, बन सकते हैं सबसे महंगे खिलाड़ी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** IPL 2026 के मिनी ऑक्शन से ठीक पहले ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन सबसे चर्चित नामों में शामिल हो गए हैं। माना जा रहा है कि इस बार वह ऑक्शन के सबसे महंगे खिलाड़ियों में से एक बन सकते हैं। टीम इंडिया के सीनियर स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने भी भविष्यवाणी की है कि ग्रीन इस सीजन में बड़ी बोली हासिल कर सकते हैं।

### अश्विन ने बताया ग्रीन को 'जैकपॉट खिलाड़ी'

अश्विन के अनुसार, इस साल आंद्रे रस्सेल और ग्लेन मैक्सवेल जैसे विस्फोटक विदेशी ऑलराउंडर उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में फ्रेंचाइजियां तेज गेंदबाजी करने वाले और मिडिल ऑर्डर में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करने वाले खिलाड़ी की तलाश में सीधे कैमरन ग्रीन पर नजरें टिकाएंगी। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'कैमरन ग्रीन को कह दो कि सिडनी हार्बर के पास 4-5 एकड़ जमीन बुक कर लें। इस बार ऑक्शन में न रस्सेल हैं, न मैक्सवेल। ऐसे में ग्रीन और लियाम लिविंगस्टोन दोनों के लिए बड़ा जैकपॉट तैयार है।'

### क्यों है ग्रीन की वैल्यू इतनी ज्यादा?

कैमरन ग्रीन इस समय दुनिया के सबसे 'कम्प्लीट' टी20 खिलाड़ियों में गिने जाते हैं- धाकड़ मिडिल-ऑर्डर हिटर, 140+ किमी/घं. की रफ्तार से गेंदबाजी, शानदार फील्डिंग, युवा और लॉन्ग-टर्म इन्वेस्टमेंट। 2025 में उनके लगातार उत्कृष्ट टी20 प्रदर्शन ने उनके मूल्य को और बढ़ा दिया है। ग्रीन ने 40+ की औसत और तेज स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं, जो टी20 में बेहद दुर्लभ है।

### आईपीएल में अब तक का प्रदर्शन

सिर्फ दो सीजन में ही कैमरन ग्रीन ने अपना दम दिखा दिया है: 29 मैच, 707 रन, 1 शतक, 16 विकेट। ग्रीन ने प्रेशर सिचुएशन में भी मैच जिताने वाली पारियां खेली हैं और जरूरत के हिसाब से आक्रामक या एंकर दोनों भूमिकाएं निभाई हैं। यही वजह है कि कई टीमें उन्हें अपने 'ड्रीम साइनिंग' के रूप में देख रही हैं।

## हार्दिक पांड्या की वापसी, सूर्यकुमार यादव की कप्तानी: दक्षिण अफ्रीका टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया घोषित



**मुम्बई (एजेंसी)।** बीसीसीआई की सीनियर पुरुष चयन समिति ने 9 दिसंबर से कटक में शुरू हो रही दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टी20आई श्रृंखला के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। सूर्यकुमार यादव टीम इंडिया की कप्तानी करेंगे, जबकि ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या, जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20आई श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे, टीम में वापसी कर चुके हैं। पांड्या सितंबर में एशिया कप 2025 में श्रीलंका के खिलाफ भारत के सुपर फोर मुकाबले के बाद अपना पहला अंतरराष्ट्रीय टी20आई खेलेंगे। पांड्या चोट के कारण पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप 2025 के फाइनल और ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के दौरे से चूक गए थे।

हाल ही में, भारतीय ऑलराउंडर पांड्या ने मंगलवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बड़ौदा के लिए खेलते हुए अपनी फिटनेस साबित की। रिंकू सिंह, जो ऑस्ट्रेलिया के टी20आई के लिए टीम का हिस्सा थे, को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी टी20आई श्रृंखला के लिए टीम से बाहर कर दिया गया है। कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज़ के पहले टेस्ट के दौरान गर्दन में चोट लगने वाले शुभमन गिल को चोट के कारण दूसरे टेस्ट और तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर रहने के बाद टीम में शामिल किया गया है।

हालांकि, गिल को घरेलू मैदान पर प्रोटियाज के खिलाफ पांच मैचों की टी20आई सीरीज़ में भाग लेने के लिए बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) से अपनी फिटनेस मंजूरी लेनी होगी। भारतीय टीम पांच मैचों की सीरीज़ का पहला टी20आई 9 दिसंबर को कटक में प्रोटियाज के खिलाफ खेलेगी। मुलनपुर 11 दिसंबर को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरे टी20आई की मेजबानी करेगा। तीसरा टी20आई 14 दिसंबर को धर्मशाला में और चौथा 17 दिसंबर को लखनऊ में खेला जाएगा। अहमदाबाद 19 दिसंबर को सीरीज़ के पांचवें और अंतिम मैच की मेजबानी करेगा। इससे पहले, दक्षिण अफ्रीका ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज़ में टीम इंडिया का 2-0 से सफाया कर दिया था। भारत तीन मैचों की वनडे सीरीज़ में 1-0 से आगे चल रहा है।

### दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज़ के लिए भारतीय टीम:

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उप-कप्तान)*, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, वाशिंगटन सुंदर।

## भारतीय टीम ने 20 वीं बार टॉस हारने का रिकार्ड बनाया



रायपुर । भारतीय क्रिकेट टीम ने 20 वीं बार टॉस हारने का रिकार्ड बनाया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच में भारतीय टीम के टॉस हारते ही ये नया रिकार्ड बना। भारतीय टीम के टॉस हारने का यह सिलसिला 2023 वर्ल्ड कप फाइनल से शुरू हुआ था और दो साल बाद भी नहीं टूटा है जबकि इस बीच कप्तान भी बदल गये हैं। कप्तान चाहे रोहित शर्मा हों, शुभमन गिल हों या केएल राहुल, टॉस लगातार हारते गये है। हैरानी की बात है कि टॉस 20 बार लगातार हारने की संभावना सिर्फ 0.00000095, यानी 10 लाख में एक मानी जा रही है। टॉस हारने के बाद मैच में कप्तानी कर रहे के एल राहुल ने मजाकिया लहजे में कहा, ईमानदारी से कहूं तो सबसे ज्यादा दबाव टॉस का ही है। हम काफी समय से टॉस नहीं जीते। मैं अभ्यास रहा हूं, लेकिन साफ है कि यह काम नहीं कर रही।

## केकेआर को खलेगी रसेल की कमी, बेहद प्रभावशाली रहे हैं आंकड़े




जैमैका । वेस्टइंडीज ऑलराउंडर आंद्रे रसेल अब आईपीएल में खेलते नजर नहीं आयेंगे। रसेल आईपीएल में कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) की ओर से खेलते थे और उनके आंकड़े काफी प्रभावी रहे हैं। ऐसे में उनके नहीं होने की कमी टीम को खेलेगी। इसी कारण टीम के मालिक शाहरुख खान ने सोशल मीडिया पर लंबा और भावुक संदेश लिखकर उनकी सेवाओं को सलाम किया है। रसेल ने आईपीएल के 140 मुकाबलों की 115 पारियों में कुल 2651 रन बनाये हैं। इनका स्ट्राइक रेट 174.17 रहा है। उन्होंने 186 चौके, 223 छक्के लगाये हैं और गेंदबाजी के दौरान 123 विकेट लिए हैं। रसेल साल 2014 से ही केकेआर में शामिल रहे और अपनी आक्रामक बल्लेबाज़ी व कसी हुई गेंदबाज़ी से मैच विजेता साबित हुए। 174.17 के जबरदस्त स्ट्राइक रेट की बदलौत वह टी 20 के सबसे खतरनाक फिनिशर बने। उन्होंने अपने करियर में 12 अर्धशतक, 186 चौके और 223 छक्के लगाये। केवल बल्लेबाज़ी ही नहीं, गेंदबाज़ी में भी रसेल ने अपनी ताकत दिखायी। उन्होंने आईपीएल में कुल 123 विकेट हासिल किए और कई अवसरों पर टीम को परेशानी से निकाला। उनके इसी ऑलराउंड प्रदर्शन के कारण ही केकेआर की टीम में वह गेम-चेंजर के तौर पर भी जाने जाते हैं। रसेल अब केकेआर में पावर कोच के तौर पर दिखेंगे। इसी को देखते हुए शाहरुख ने कहा कि तुम हमेशा हमारे योद्धा रहोगे। अब पावर कोच के रूप में टीम के खिलाड़ियों को अपनी ताकत, अनुभव और सफलता के राज़ सिखाओ।

## ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच दिन-रात का दूसरा एशेज टेस्ट आज से




**गाबा (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच गुरुवार से यहां के गाबा मैदान में गुलाबी गेंद से शुरु होने वाले एशेज के दिन-रात के दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में दोनो ही टीमें जीत के इरादे से उतरेंगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम पहले टेस्ट में जीत के साथ ही सीरीज में 1-0 से आगे है। ऐसे में इंग्लैंड का लक्ष्य जीत दर्ज कर सीरीज बराबरी पर लाना रहेगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम इस मैच में सलामी बल्लेबाज अनुभवी ओपनर उस्मान ख्वाजा के फिट नहीं होने के कारण उनकी जगह पर विकेटकीपर-बल्लेबाज जोश इंग्लिस को शामिल कर सकती है। इंग्लिस अच्छे बल्लेबाज हैं औरा टीम के मध्य क्रम को मजबूती देंगे। वहीं ट्रैविस हेड और नये बल्लेबाज जेक वेदराल्ड पारी शुरु करेंगे। इस मैच में भी टीम की कप्तानी स्टीव स्मिथ के पास ही रहेगी। स्मिथ ने माना है कि ख्वाजा का नहीं होना टीम के लिए बड़ा झटका है पर उनका मानना है कि ख्वाजा जल्द वापसी के लिए मेहनत कर रहे हैं। स्मिथ ने यह भी जोड़ा कि गाबा टेस्ट के बाद ख्वाजा के भविष्य को लेकर चयनकर्ता फैसला लेंगे। हालांकि स्मिथ ने विश्वास जताया कि ख्वाजा अभी भी टीम के लिए अहम भूमिका निभा सकते हैं। इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम नई रणनीति और नए खिलाड़ियों के साथ मैदान में उतरेगी।

दूसरी ओर, इंग्लैंड की राह भी आसान नहीं है। तेज गेंदबाज मार्क वुड घुटने की चोट के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह ऑलराउंडर विल जैक्स को शामिल किया गया है, जिससे इंग्लैंड पिंक बॉल की परिस्थितियों में गेंदबाजी में विविधता लाने की कोशिश करेगा। इंग्लैंड का लक्ष्य सीरीज को बराबरी पर लाना होगा, जबकि ऑस्ट्रेलिया अपनी बढ़त को बनाये चाहेगी। गाबा की उछलभरी पिच पर इस मैच में एक रोमांचक मुकाबले की उम्मीद है।

**ऑस्ट्रेलिया टीम:** स्टीव स्मिथ (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), ब्रेंडन डॉगेट, कैमरून ग्रीन, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, माइकल नेसर, मिचेल स्टार्क, जेक वेदराल्ड, ब्यू वेबस्टर।

**इंग्लैंड टीम:** बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), विल जैक्स, गस एटकिंसन, ब्रायडन कार्स, जोफ्रा आर्चर।

## जूनियर विश्व कप हॉकी 2025 के क्वार्टर फाइनल में पहुंची भारतीय टीम, शुक्रवार को बेल्जियम से खेलेगी

चेन्नई । भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जूनियर विश्व कप 2025 के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया है। यहां भारतीय हॉकी टीम का सामना बेल्जियम से होगा इससे पहले भारतीय टीम ने राउंड रॉबिन लीग स्तर में स्विट्जरलैंड पर 5-0 से जीत दर्ज करने के साथ ही अपने अब तक के सभी मुकाबले जीत लिए। अब भारतीय टीम का सामना 5 दिसंबर को बेल्जियम से होगा। वहीं इससे पहले हुए मुकाबलों में भारतीय टीम ने चिली को 7-0 से जबकि ओमान को 17-0 से हराया। स्विट्जरलैंड के खिलाफ भारतीय टीम ने शुरुआत में ही गोल दाग दिया। मनमीत सिंह ने दूसरे ही मिनट में एक गोल कर भारतीय टीम को बढ़त दिलायी। उन्होंने 11वें मिनट में एक और शानदार मैदानी गोल कर इस बढ़त को 2-0 कर दिया। इसके बाद शारदा नंद तिवारी ने 13वें मिनट में एक गोल कर टीम को 3-0 की बढ़त दिला दी। वहीं 28वें मिनट अर्शदीप सिंह ने गोल दागते हुए भारत को 4-0 से आगे कर दिया। अर्शदीप ने इससे पहले ओमान के खिलाफ हैट्रिक लगाई थी। स्विट्जरलैंड की टीम ने भी हमले किये जिसे भारतीय रक्षापंक्ति और गोलकीपर ने विफल कर दिया। भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चौथे क्वार्टर में भी अपनी लय बरकरार रखी। शारदा नंद ने मुकाबले के 54वें मिनट में पेनाल्टी कॉर्नर के जरिए अपना दूसरा गोल किया। इसी के साथ भारतीय टीम ने 5-0 से बढ़त हासिल कर ली। वहीं एक अन्य मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने कोरिया को 3-1 से हराया, जबकि इंग्लैंड ने मलेशिया को भी इसी अंतर से पराजित किया।


## बेहतर ऑलराउंडर बनकर उभरे हैं यानसन



रांची । ऑलराउंड मार्को यानसन अपने प्रदर्शन से अब दक्षिण अफ्रीका के एक प्रमुख खिलाड़ी बनकर उभरे हैं। कुछ समय पहले वह एक गेंदबाज के तौर पर टीम में आये थे पर अब वह टीम के लिए जरुरत के अनुसार रन भी बना रहे हैं। यानसन अपनी तेज उछाल वाली गेंदों से विरोधी बल्लेबाजों के लिए परेशानी खड़ी कर देते हैं। फुल लेंथ गेंद और बेहतर नियंत्रण से उनकी गेंदों की धार और बढ़ती है। यानसन अब केवल निचले क्रम के बल्लेबाज नहीं रहे। अब वह बेहतर बल्लेबाजी करके टीम को कठिन हालात से बाहर निकालने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। यानसन ने कहा, 'जब शीर्ष पांच बल्लेबाज अच्छी फॉर्म में हों तब मैदान पर उतरना अच्छा लगता है। मेरी नजर केवल गेंद पर होती है और मैं उसी के अनुसार बल्लेबाजी करता हूं। अभी मेरी यह रणनीति कारगर साबित हो रही है। उन्होंने भारतीय टीम के खिलाफ गुवाहाटी टेस्ट में शानदार प्रदर्शन किया था। उसमें उन्होंनेनौवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 91 गेंदों में 93 रन बनाकर दक्षिण अफ्रीका को संकट से बाहर निकाला था। यानसन ने इस तरह की आक्रामक पारी पहले भी खेली हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ वेलिंगटन में 59 रन की पारी खेलकर अपनी टीम के संभाला था। ऐसे समय में जबकि सीमित ओवरों के क्रिकेट में छोटी-छोटी पारियों का महत्व बढ़ता जा रहा है तब उन्होंने दिखाया कि वह दक्षिण अफ्रीका के लिए कितने उपयोगी हैं।

## गुलाबी गेंद वाले प्रारुप के नाकाम होने के कारण सामने आये, ऑस्ट्रेलिया तक ही सीमित रह गये हैं ये मुकाबले

ब्रिस्बेन । यहां ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच गुरुवार को गुलाबी गेंद से दिन रात का टेस्ट मैच शुरु होगा। ये गुलाबी गेंद से 24 वां मैच होगा। गुलाबी गेंद से मैच की शुरुआत साल 2015 से हुई थी और तब लग रहा था कि खेल में एक नयापन आयेगा पर ऐसा नहीं हो पाया। एक दशक के बाद भी अब तक काफी कम मैच हुए है। जो हुए हैं उनमें से अधिकतर ऑस्ट्रेलिया में हुए हैं। अन्य देशों में से सफल नहीं रहे हैं। इसके पीछे कई कारण रहे हैं। इसी को लेकर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया में इवेंट्स और ऑपरेशंस के



एग्जीक्यूटिव जनरल मैनेजर जोएल मॉरिसन ने कहा, ऑस्ट्रेलिया में दिन-रात का प्रारुप इसलिए सफल रहा क्योंकि गर्मियों में मौसम बहुत अच्छा होता है। वहीं विश्व स्तर के स्टेडियम और सुविधाएं यहां हैं। फ्लड लाइटिंग भी बहुत अच्छी होती है। इसके अलावा इस प्रारुप की सफलता के लिए कई अन्य उपाय भी किये गये हैं जिससे गुलाबी गेंद के मुकाबले हालात के अनुरुप हों। पिछले कुछ सालों में यह बात सामने आयी है कि दिन-रात मैच के लिए आदर्श स्थल तैयार करना आसान नहीं होता है। इसके लिए आपको कुछ खास तरह के बदलावों की जरुरत होती है। इनमें ओस का कम असर, ऐसी पिच जो गुलाबी गेंद को लंबे समय तक सहायता करें बनानी होती है। ओस को देखते हुए पिच कुछ सख्त बनायी जाती है पर ऐसी भी नहीं कि हालात खेलने लायक न रहें। वहीं इंग्लैंड में मौसम की समस्या है, जबकि भारत में ओस से परेशानी है। दक्षिण अफ्रीका में एक गुलाबी गेंद से मैच खेला गया था पर वहां लाइट्स की समस्या होती है। श्रीलंका में फ्लडलाइट्स नहीं हैं जबकि पाकिस्तान में अभी तक इसका आयोजन नहीं हुआ है। न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज भी सही स्थल नहीं साबित हुए हैं। हालांकि इस प्रारुप की शुरुआत धमाकेदार रही थी। एक दशक पहले 27 नवंबर 2015 को मार्टिन गप्टिल ने एडिलेड में मिचेल स्टार्क की पहली गेंद का सामना किया था। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला गया, ये मैच काफी मनोरंजक तो था पर इसमें कुछ विवाद भी हुए, जिसे ऑस्ट्रेलिया ने 3 विकेट से जीता। बहुत सारे दर्शक मैच देखने के लिए आए। टीवी रेटिंग्स भी दमदार थी पर इसके बाद भी ये प्रारुप अधिक विकास नहीं कर पाया और ऑस्ट्रेलिया का ही होकर रह गया है।

## विराट कोहली घरेलू क्रिकेट में धमाकेदार वापसी के लिए तैयार, ऋषभ पंत भी दिल्ली के लिए खेलेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट फैंस के लिए अच्छी खबर यह है कि विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली दोनों ने आगामी विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 में खेलने की पुष्टि कर दी है। यह फैसला न केवल घरेलू क्रिकेट के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि दिल्ली की टीम को भी बड़ा फायदा देगा। पंत लगभग सात साल बाद इस टूर्नामेंट में वापसी करेंगे, जबकि कोहली 14 साल बाद फिर से दिल्ली की ओर से लिस्ट- मुकाबले खेलते नजर आएंगे। दोनों के खेलने से दिल्ली का बल्लेबाजी क्रम पहले से कहीं अधिक मजबूत होगा।

### ऋषभ पंत की धमाकेदार वापसी तय

सूत्रों के अनुसार, ऋषभ पंत ने DDCA को अपनी उपलब्धता की औपचारिक पुष्टि कर दी है। 2018 के बाद पहली बार पंत विजय हजारे ट्रॉफी में दिखाई देंगे। पंत ने 2015 से अब तक दिल्ली के लिए 19 लिस्ट-ए मैच खेले हैं, जिनमें उन्होंने 531 रन बनाए। उनकी पारी में एक शतक, दो अर्धशतक और 109.48 का बेहतरीन स्ट्राइक रेट शामिल है। पंत की वापसी खास इसलिए भी है क्योंकि उनकी आक्रामक बैटिंग शैली दिल्ली के लिए मैच-विनिंग साबित हो सकती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उन्होंने 31 ODI मुकाबलों में 871 रन बनाए हैं, जिसमें एक शानदार सेंचुरी और पांच फिफ्टी शामिल हैं। उनकी फिटनेस और फॉर्म को देखते हुए दिल्ली के लिए यह एक बड़ा प्लस पॉइंट है।

### विराट कोहली भी विजय हजारे ट्रॉफी में उतरने को तैयार

35 वर्षीय भारतीय सुपरस्टार विराट कोहली ने भी DDCA को टूर्नामेंट के लिए अपनी उपलब्धता का भरोसा दिला दिया है। कोहली अब टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं और ODI फार्मेट में विशेषज्ञ बल्लेबाज की भूमिका निभा रहे हैं। 2010 के बाद यह पहला मौका होगा जब कोहली विजय हजारे ट्रॉफी में दिल्ली की जर्सी पहनकर उतरेंगे। 2010 में खेले गए पांच मैचों में कोहली ने 45.80 की औसत से 229 रन बनाए थे और दो अर्धशतक भी लगाए थे। उनकी मौजूदा फॉर्म शानदार है और वह घरेलू गेंदबाजों पर हावी होते नजर आ सकते हैं। कोहली कर्नाटक के मैदानों पर दिल्ली के मुकाबलों में हिस्सा लेंगे, क्योंकि इस बार दिल्ली के कोटे में कोई होम ग्रुप मैच नहीं है।

### दिल्ली के अभियान को मिलेगा बड़ा फायदा




पंत और कोहली के आने से दिल्ली का लाइन-अप बेहद प्रभावशाली हो जाएगा। दोनों खिलाड़ी बड़े मैचों में टीम का मोमेंटम बदलने की क्षमता रखते हैं। उनकी मौजूदगी युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक होगी और टीम संयोजन को भी संतुलित बनाएगी। विजय हजारे ट्रॉफी के सभी ग्रुप स्टेज मुकाबले 8 जनवरी तक खत्म हो जाएंगे, जिससे पंत और कोहली दोनों के पास अंतरराष्ट्रीय शेड्यूल से पहले पर्याप्त गेम टाइम मिलेगा। 11 जनवरी से भारत-न्यूज़ीलैंड की ODI सीरीज शुरू होगी, जहां कोहली को फिर एक्शन में देखा जा सकता है।

## एसआईआर : उन्नाव में एक घर से थे 45 मतदाता, सत्यापन के बाद बचे मात्र 3 वोटर

उन्नाव (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जिले में यह मामला सामने आने के बाद जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया। कमलेश कुमार, आशीष और माधुरी देवी, जो अपने दो नाबालिग बच्चियों के साथ रहते हैं। इन तीनों ने अपना एसआईआर फॉर्म भरकर जमा कर दिया था। बाकी 42 लोगों का नाम, जो उसी पते पर दर्ज हैं, कौन हैं और कहां रहते हैं, यह अब तक स्पष्ट नहीं है। सदर तहसील के पूरन नगर मोहल्ला के 57 नंबर घर के पते पर वोटर लिस्ट में 45 लोगों के नाम दर्ज थे। जब क्षेत्र के बीएलओ राजीव त्रिपाठी निर्वाचन निर्वाचक नामावली 2025 की वोटर लिस्ट लेकर एसआईआर वोटर सत्यापन के लिए गए, तो उन्होंने पाया कि इस घर में केवल तीन लोग मौजूद हैं। एडीएम सुशील कुमार गौड़ ने कहा कि यह मामला निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और वोटर लिस्ट की सटीकता पर सवाल खड़ा करता है। प्रशासन इस मामले को गंभीरता से ले रहा है और पूरी तरह जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई करेगा। मामले के सामने आने के बाद एडीएम ने बताया कि मामले की टीम बनाकर जांच कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि एआरओ (असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर) को टीम बनाकर जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्नाव जिले में कई फैक्ट्रियां भी हैं, संभव है कि किसी की जानकारी गलती से इस पते पर दर्ज हो गई हो। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## यात्री की तबीयत बिगड़ी... तिरुवनंतपुरम जा रहे विमान को मंगलुरु में उतारा गया


तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)। यात्री के अचानक स्वास्थ्य खराब होने के कारण तिरुवनंतपुरम जा रहे एअर इंडिया एक्सप्रेस के विमान को मंगलुरु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतारना पड़ा। सोमवार देर रात तिरुवनंतपुरम जा रहे विमान में एक लगभग 35 वर्षीय यात्री को स्वास्थ्य संबंधी समस्या हुई। विमान के चालक दल ने तुरंत मंगलुरु हवाई अड्डे के संचालन नियंत्रण केंद्र को सूचित किया। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने तुरंत आपातकालीन प्रोटोकॉल लागू किए और चिकित्सा दल, सीआईएसएफ, आव्रजन और सीमा शुल्क विभाग के साथ समन्वय किया। विमान के उतरते ही हवाई अड्डे के चिकित्सा कर्मियों ने यात्री की स्थिति का आकलन किया और उन्हें तत्काल शहर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। यात्री के रिश्तेदार भी उनके साथ विमान से उतरे। चालक दल की समय पर मदद से यात्री को स्थिर करने में मदद मिली। स्थिति नियंत्रण में आने के बाद, विमान देर रात दो बजकर पांच मिनट पर तिरुवनंतपुरम के लिए रवाना हुआ। एयरलाइन एक प्रवक्ता ने इस समन्वित प्रतिक्रिया को हवाई अड्डे की तत्परता और यात्री सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया। यह घटना दर्शाती है कि विमानन और हवाई अड्डा अधिकारी किस तरह चिकित्सा संबंधी आकस्मिकताओं से प्रभावी ढंग से निपटते हैं।

## दो कॉलेजों को मिली बम से उड़ाने की धमकी, पुलिस और बम स्क्वॉड ने ली तलाशी


नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली यूनिवर्सिटी के दो कॉलेजों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी के बाद कैंपस में तलाशी शुरु की गई। बता दें इन दो कॉलेजों में रामजस कॉलेज और देश बंधु कॉलेज का नाम सामने आया है। कॉलेजों को यह धमकी मेल के जरिए दी भेजी गई थी। सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए दोनों कॉलेजों के कैंपस में सघन सर्च ऑपरेशन शुरु हुआ। पुलिस और बम स्क्वॉड टीमों ने चप्पे-चप्पे की तलाशी ली, लेकिन किसी भी तरह की संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। अधिकारी फिलहाल स्थिति पर नजर रख रहे हैं। यह पता लगाने के लिए जांच की जा रही है कि यह धमकी महज एक अफवाह थी या इसके पीछे कोई वास्तविक मंशा। यह पहली बार नहीं है जब राजधानी के शैक्षणिक संस्थानों को ऐसी धमकियां मिली हैं। पिछले महीने 18 नवंबर को भी दिल्ली के द्वारका और प्रशांत विहार स्थित दो स्कूलों को ईमेल के ज़रिए बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इसके अलावा साकेत कोर्ट, रोहिणी कोर्ट और पटियाला कोर्ट समेत तीन अदालत परिसरों को भी धमकी भरे संदेश मिले थे। उन सभी मामलों में भी गहन जांच के बाद कोई विस्फोटक सामग्री नहीं मिली थी और धमकियां फर्जी निकलीं। इन घटनाओं के कारण सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं और वर्तमान मामले को भी पूरी गंभीरता से लिया जा रहा है।

## इंडिगो एयरलाइंस की उड़ानों में तकनीकी खराबी से हड़कंप... रात भर से परेशान हो रहे यात्री

हैदराबाद( एजेंसी)। हैदराबाद के शमशाबाद एयरपोर्ट पर बीती रात से इंडिगो एयरलाइंस की उड़ानों में तकनीकी खराबी ने हड़कंप मचाया हुआ है। तकनीकी समस्या के कारण मुंबई, अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई और दिल्ली के लिए उड़ानें प्रभावित हो गई हैं। इसके चलते करीब 1000 यात्री एयरपोर्ट पर लंबी प्रतीक्षा कर रहे हैं और उनकी यात्रा योजनाएं बाधित हो गई हैं। विशेष रूप से बेंगलुरु जाने वाली उड़ानें ज्यादा प्रभावित हुईं। मंगलवार-रात 2 बजे निर्धारित एक उड़ान को रनवे पर ही दो घंटे तक रोका गया। बढ़ती चिंता और तनाव के बीच यात्रियों को विमान से उतारकर एयरपोर्ट टर्मिनल में इंतजार करने के लिए कहा गया। सबसे बड़ी परेशानी उन यात्रियों को हो रही है जिन्हें विदेश जाने वाली कनेक्टिंग फ्लाइट पकड़नी थी या वीजा इंटरव्यू के लिए विभिन्न शहरों का सफर तय करना था। एयरपोर्ट पर मौजूद इंडिगो कर्मचारी तकनीकी गड़बड़ी पर संतोषजनक जानकारी नहीं दे पा रहे हैं। एक यात्री ने बताया, 'हमें कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही। खाने-पीने की कोई व्यवस्था भी नहीं हुई।' इंडिगो एयरलाइंस प्रवक्ता ने कहा कि तकनीकी खराबी की समस्या सामने आई है और जल्द से जल्द ठीक करने का प्रयास हो रहा है। उन्होंने यात्रियों से धैर्य रखने की अपील की और उन्हें हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया। विमानन क्षेत्र के विशेषज्ञों का मानना है कि यह घटना देश के सबसे बड़े विमानन संचालकों में से एक के लिए चिंता का विषय है। इंडिगो को हाल के महीनों में तकनीकी विश्वसनीयता को लेकर कई बार आलोचना का सामना करना पड़ा है।




# मुस्लिम महिला को तलाक दिया है तो निकाह में मिला सामान और उपहार भी लौटाना पड़ेगा: कोर्ट



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों से जुड़े एक अहम मामले में फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया कि तलाकशुदा मुस्लिम महिला को निकाह के समय अपने मायके से लाया गया पूरा सामान, सोना-चांदी, नकदी तथा रिश्तेदारों-दोस्तों से मिले सभी उपहार वापस लेने का पूर्ण कानूनी अधिकार है। न्यायमूर्ति संजिव खन्ना की अगुवाई वाली पीठ ने यह भी कहा कि इन वस्तुओं को महिला की निजी संपत्ति माना जाएगा और तलाक के बाद इन्हें वापस करना बाध्यकारी होगा। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच ने मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 3 की नई एवं व्यापक व्याख्या की। कोर्ट ने कहा कि इस धारा को केवल सिविल विवाद के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि संविधान द्वारा प्रदत्त लैंगिक समानता, गरिमा और आर्थिक स्वायत्तता के सिद्धांतों के अनुरूप समझा जाना चाहिए।

पीठ ने 2001 के डैनियल लतीफी बनाम भारत संघ मामले का हवाला देते हुए कहा कि इस कानून का मूल उद्देश्य तलाक के बाद मुस्लिम महिला को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है।

मामला कोलकाता की एक तलाकशुदा महिला का था, जिसने अपने पूर्व पति के खिलाफ 1986 के कानून के तहत याचिका दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने महिला के दावे को पूरी तरह न्यायोचित मानते हुए पूर्व पति को 17,67,980 रुपये छह हफ्तों के अंदर महिला के बैंक खाते में जमा करने का निर्देश दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने 2022 में कलकत्ता हाई कोर्ट के उस फैसले को पूरी तरह पलट दिया, जिसमें महिला के दावे को खारिज कर दिया गया था। शीर्ष अदालत ने हाई कोर्ट की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि हाई कोर्ट ने मामले को महज सिविल वाद की तरह देखा और निकाहनामे में दर्ज प्रविष्टियों के आधार पर सबूतों की गलत व्याख्या की। कोर्ट ने टिप्पणी की कि हाई कोर्ट ने कानून के सामाजिक न्याय के उद्देश्य को नजरअंदाज कर दिया और संवैधानिक मूल्यों से विमुख निर्णय दिया। यह फैसला देश भर में लाखों तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के लिए राहत की खबर है। अब वे न सिर्फ मेहर व गुजारा भत्ता, बल्कि शादी में अपने मायके से लाया सामान और मिले सभी उपहार कानूनी रूप से वापस प्राप्त कर सकेंगी। कानूनी विशेषज्ञों ने इसे लैंगिक न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।

## बाल विवाह मुक्त भारत 100 दिवसीय अभियान का शुभारंभ आज




नई दिल्ली (एजेंसी)। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा शुरू किए जा रहे बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ गुरुवार को, बाल विवाह को समाप्त करने के राष्ट्रीय मिशन के एक साल पूरे होने के अवसर पर विज्ञान भवन, नई दिल्ली में होगा। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर इसका शुभारंभ करेंगी। मूल अभियान की शुरुआत 27 नवंबर 2024 को की गई। 100 दिन के अभियान की रणनीति तीन चरणों में होगी। पहला चरण (31 दिसंबर 2025 तक) स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में जागरूकता गतिविधियां (डिबेट, निबंध, शपथ ग्रहण)। दूसरा चरण (31 जनवरी 2026 तक) धार्मिक नेताओं, सामुदायिक प्रभावकारों और विवाह सेवा प्रदाताओं के साथ मिलकर बच्चों के अधिकारों का संदेश फैलाना। तीसरा/अंतिम चरण (1 फरवरी से 8 मार्च 2026 तक) ग्राम पंचायतों और नगर निकायों के सहयोग से स्थानीय स्तर पर बाल विवाह मुक्त क्षेत्र घोषित करने के प्रस्ताव पारित करना। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, पंचायती राज, ग्रामीण विकास और शिक्षा मंत्रालय। यह अभियान नागरिकों, संस्थाओं और सामुदायिक नेताओं से सहयोग की अपील करता है ताकि बाल विवाह को समाप्त करने के भारत के संकल्प को पूरा किया जा सके।

## यदि वक्फ की संपत्तियां छीनी गईं, तो मुसलमान चुप नहीं बैठेंगे: चौधरी

**-कबीर के बयान पर कहा मस्जिद पवित्र स्थान है, राजनीति का माध्यम नहीं**

**कोलकाता (एजेंसी)।** राज्य सरकार द्वारा केंद्र के नए वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 को लागू करने की स्वीकृति देने के बाद पश्चिम बंगाल में राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। टीएमसी सरकार में मंत्री और जामिया उलेमा-ए-हिंद पश्चिम बंगाल शाखा के अध्यक्ष सिद्दीकुल्लाह चौधरी ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि यदि वक्फ की संपत्तियां छीनी गईं, तो मुसलमान चुप नहीं बैठेंगे। चौधरी ने केंद्र पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि एसी कमरे में बैठकर बहुत बातें की जा सकती हैं, लेकिन क्या कोई गांव में जाकर लोगों से कह सकता है कि वक्फ संपत्ति अब उनकी नहीं रही? यह फैसला मुसलमानों पर जबरदस्ती थोपा गया है। हम इसे नेक नीयत से उठाया गया कदम नहीं मानते। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने महीनों तक इस कानून को लागू करने से इनकार किया था, लेकिन पिछले सप्ताह पश्चिम बंगाल सरकार ने केंद्र के निर्देश मानते हुए राज्य की 82,000 वक्फ संपत्तियों का विवरण 5 दिसंबर तक केंद्र के पोर्टल पर अपलोड करने का आदेश दिया है।

चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार पहले कुछ और सोच रही थी। अब सीएम ममता बनर्जी कुछ और सोच रही होंगी। वक्फ संपत्तियां बेहद अहम हैं। आगे क्या होगा, हम नहीं जानते, लेकिन लड़ाई लंबी और कठिन होगी। हमायूं कबीर के बाबरी मस्जिद निर्माण वाले बयान पर चौधरी ने कहा कि यह कदम बेहद संवेदनशील है और इससे अवांछित तनाव पैदा हो सकता है। उन्होंने कहा कि एक राजनीतिक नेता ने ऐसी बातें कही हैं, जिससे लोगों के मन में कई सवाल उठे हैं। हम कोई भी काम बिना सोचे-समझे नहीं करते। मस्जिद एक पवित्र स्थान है, राजनीति का माध्यम नहीं।

# दो दिन बाद मौसम लेगा करवट: पड़ेगी हाड़ कंपाने वाली ठंड, कई इलाकों में भारी बारिश



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आने वाले दो दिनों में मौसम करवट लेने जा रहा है। जिसके चलते दिल्ली-एनसीआर में हाड़ कंपाने वाली ठंड की आहट सुनाई दे रही है। भारत मौसम विज्ञान ने चेतावनी जारी की है कि आने वाले दिनों में हाड़ गलाने वाली ठंड के साथ कोहरा भी कहर बरपाएगा। वहीं दक्षिण भारत में तमिलनाडु समेत कई राज्यों में भारी बारिश की भी चेतावनी जारी की गई है।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार अगले कुछ दिनों में पारा तेजी से नीचे आएगा और शीत लहर का प्रकोप और बढ़ेगा। दिल्ली में न्यूनतम तापमान लुढ़ककर 7.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है और कोहरे की चादर ने दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अपनी आगोश में ले लिया है। आईएमडी ने 5 दिसंबर को शीत लहर की चेतावनी दी है जिसके साथ न्यूनतम पारा गिरकर 6 डिग्री तक जा सकता है। दिसंबर का पहला दिन 5.7 डिग्री के साथ अभी तक का सबसे सर्द दिन रहा था। मौसम विभाग का कहना है कि 5 दिसंबर से मौसम फिर बदलेगा और गलाने वाली ठंड का अहसास राजधानी के लोगों को हो सकता है।

दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण की मार कम नहीं हुई है। आनंद विहार और चांदनी चौक जैसे इलाकों में एक्यूआई लगातार 400 के पार बना हुआ है। चूंकि दिल्ली-एनसीआर में अभी बारिश के कोई आसार नहीं हैं इसलिए वायु प्रदूषण से फिलहाल राहत मिलने के संकेत नहीं हैं। 6 दिसंबर से कोहरा और घना होने की चेतावनी जारी की गई है। मेटियोरोलॉजी एंड क्लाइमेट चेंज के हेड महेश पलावत का कहना है कि अगले 1-2 दिनों में तापमान में तेज गिरावट आएगी। दिसंबर के दूसरे हफ्ते से शीत लहर का दौर शुरू होगा जिससे ठिठुरन का अहसास बढ़ेगा। कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी के नए दौर के साथ दिल्ली-एनसीआर में शीत लहर का असर बढ़ेगा। पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से हिमालय के ऊपरी इलाकों में हल्की बर्फबारी के आसार हैं।

**तमिलनाडु में भारी बारिश का अलर्ट**

मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि तमिलनाडु के आसपास विक्षोभ बन रहा है। चक्रवात दित्वाह भी कमजोर होते हुए दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उत्तरी तमिलनाडु तथा पुडुचेरी से होते हुए आगे बढ़ रहा है। नेल्लोर, कडलोर से लेकर चेन्नई जैसे तटीय इलाकों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

# महापुरुषों की जयंती-पुण्यतिथि पर उनसे जुड़े स्थलों पर नहीं जाएंगी मायावती

**-बसपा सुप्रीमो ने कहा- उनकी सुरक्षा के चलते लोगों को होती है परेशानी**



**कोलकाता (एजेंसी)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती ने महापुरुषों की जयंती-पुण्यतिथि पर उनसे जुड़े स्थलों पर न जाकर अपने निवास स्थान पर या पार्टी कार्यालय में ही श्रद्धा सुमन अर्पित करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर की छह दिसम्बर को पुण्यतिथि है। इसके पहले बुधवार को उन्होंने एक पोस्ट में कहा कि महापुरुषों की जयंती-पुण्यतिथि पर उनसे जुड़े स्थलों पर जाने पर उनकी (यानी मायावती) की सुरक्षा के व्यवस्था के चलते लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसी वजह से उन्होंने यह तय किया है कि अब उन स्थलों पर नहीं जाएंगी। निवास स्थान या कार्यालय पर ही श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके जीवन संघर्ष से प्रेरणा लेकर उनके कारवां को आगे बढाने का संकल्प लेंगे ताकि बसपा के नेतृत्व में उनके आत्म सम्मान और स्वाभिमान का मूवमेंट सत्ता की मास्टर चाबी हासिल करके मंजिल की ओर आगे बढ़ा जा सके।

मायावती ने पोस्ट में लिखा-'जैसा कि सर्वविदित है कि यूपी में मेरे नेतृत्व में चार बार बनी बसपा सरकार के दौरान 'बहुजन समाज' में समय-समय पर जन्मे उन महान संतों, गुरुओं व महापुरुषों में भी खासकर महात्मा ज्योतिबा फुले, राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज, श्री नारायणा गुरु, परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर एवं मान्यवर कांशीराम आदि को कई रूपों में भरपूर आदर-सम्मान दिया गया है, जिनकी जातिवादी पार्टियों की रही सरकारों में यहां हमेशा उपेक्षा की गई व उनका तिरस्कार भी किया जाता रहा है।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने लिखा कि इस क्रम में परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर पश्चिमी यूपी को छोड़कर, यूपी में पार्टी के लोग व उनके अनुयायी मेरे निर्देशानुसार आगामी 6 दिसम्बर को लखनऊ के विशाल एवं भव्य डा. भीमराव अम्बेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल में और पश्चिमी यूपी, दिल्ली व उत्तराखण्ड स्टेट के लोग नोएडा में स्थित राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल में अपने परिवार सहित भारी संख्या में पहुंचकर अपने श्रद्धा-सुमन अर्पित करेंगे और उनके जीवन संघर्ष से प्रेरणा लेकर उनके कारवां को आगे बढ़ाने का संकल्प भी लेंगे ताकि बसपा के नेतृत्व में उनके आत्म-सम्मान व स्वाभिमान का मूवमेन्ट सत्ता की मास्टर चाबी प्राप्त करके मंज़िल की ओर आगे बढ़ सके। धन्यवाद।

# राज्यसभा में हलाल सर्टिफिकेशन पर हुई गर्मा-गरम बहस

**-मांस के अलावा दूध, चीनी, तेल और सीमेंट पर भी सवाल**



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** शीतकालीन सत्र के दौरान बुधवार को राज्यसभा में हलाल सर्टिफिकेशन को लेकर गर्मा-गरम बहस हुई। महाराष्ट्र से भाजपा सांसद डॉ. मेधा विश्राम कुलकर्णी ने कहा, हलाल केवल मांस से संबंधित एक धार्मिक और आस्था-संकेतित प्रक्रिया है, लेकिन इसके दायरे को कई अन्य पदार्थों तक बढ़ा दिया गया है। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि मांस के अलावा दूध, चीनी, तेल और यहां तक कि सीमेंट, प्लास्टर और अन्य निर्माण सामग्री को भी हलाल सर्टिफिकेट दिया जा रहा है, जो अतार्किक और आशंकाओं को पैदा करने वाला है।

भाजपा सांसद डॉ. कुलकर्णी ने कहा, कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है और यहां विभिन्न आस्थाओं के लोग रहते हैं। हलाल सर्टिफिकेशन केवल मुस्लिम आस्था से जुड़ा विषय है, लेकिन इसे अन्य लोगों पर थोपने से उनके धार्मिक विश्वासों का उल्लंघन होता है। उन्होंने कहा, हिंदू और सिख समुदाय के लोग हलाल मांस नहीं खाते, ऐसे में उनके लिए हलाल प्रमाणित मांस अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सही नहीं है।

सांसद ने यह भी आरोप लगाया कि हलाल सर्टिफिकेशन देने वाली संस्थाओं द्वारा चार्जेस लगाए जाने से बाजार में कीमतें बढ़ती हैं और उपभोक्ताओं को अप्रत्यक्ष रूप से इसका भुगतान करना पड़ता है। उन्होंने इसे उपभोक्ता स्वतंत्रता और बाजार पारदर्शिता के लिए हानिकारक बताया। डॉ. मेधा ने मेडिकल अध्ययनों का हवाला देते हुए यह भी दावा किया कि हलाल प्रक्रिया से मांस में कुछ ऐसे रासायनिक तत्व उत्पन्न होते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं।

उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि मांस पर हलाल सर्टिफिकेशन केवल सरकारी निकाय द्वारा दिया जाए, न कि किसी धार्मिक संस्था द्वारा। उनका यह भी कहना था कि गैर-मांस खाद्य पदार्थों और गैर-खाद्य वस्तुओं पर हलाल सर्टिफिकेशन देने का कोई आधार नहीं है और इससे धर्मनिरपेक्षता और संविधान के सिद्धांतों का उल्लंघन होता है। सांसद ने कहा कि इस तरह के कदम से उपभोक्ताओं की स्वतंत्रता बाधित होती है और सामाजिक रूप से मतभेद बढ़ सकते हैं।

# अवैध घुसपैठिए भारत में किसी कानूनी अधिकार के हकदार नहीं: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को स्पष्ट शब्दों में कहा कि अवैध रूप से देश में घुसे प्रवासी और घुसपैठिए भारत के किसी भी कानूनी अधिकार के हकदार नहीं हैं। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली पीठ ने यह टिप्पणी पांच रोहिंग्या अवैध प्रवासियों की गुमशुदगी से जुड़ी हैबियस कॉर्पस याचिका की सुनवाई के दौरान की। ये रोहिंग्या हिरासत में लिए जाने के बाद से लापता बताए जा रहे हैं।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता ने रोहिंग्याओं को शरणार्थी कहकर संबोधित किया, जिस पर सीजेआई ने कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि अदालत मानवीय आधार पर ही इनके मामले को देख रही है, लेकिन इससे उनका कानूनी दर्जा ÷शरणार्थी÷ नहीं हो जाता। सीजेआई ने तल्ख लहजे में पूछा, पहले आप अवैध तरीके से सीमा पार करते हैं - सुरंग खोदकर या बाड़ कूदकर भारत में घुसते हैं। फिर कहते हैं कि अब मैं आ गया हूं, तो मुझे भोजन, आश्रय, बच्चों को शिक्षा का अधिकार मिलना चाहिए। क्या हम कानून को इतना खींचकर तोड़ना चाहते हैं?

प्रधान न्यायाधीश ने आगे कहा कि एक बार अवैध प्रवासी भारत में दाखिल हो जाते हैं, तो वे तुरंत संसाधनों पर दावा ठोकने लगते हैं। लेकिन भारत के अपने लाखों गरीब नागरिक हैं, जिनका इन सीमित संसाधनों पर पहला हक है, न कि अवैध घुसपैठियों का। हालांकि, कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि हिरासत में किसी भी अवैध प्रवासी को यातना नहीं दी जा सकती। मानवीयता का तकाजा है कि उनके साथ अमानवीय व्यवहार न हो। कोर्ट ने उम्मीद जताई कि देश का हर नागरिक, खासकर पूर्वोत्तर और पूर्वी राज्यों में रहने वाले लोग, अवैध घुसपैठ की गंभीरता को समझते हैं। पीठ ने 2005 के ऐतिहासिक सरबानंद सोनोवाल मामले का जिक्र करते हुए याद दिलाया कि सुप्रीम कोर्ट ने तब असम में बांग्लादेशी घुसपैठ को बाहरी आक्रमण की श्रेणी में रखा था और केंद्र को अनुच्छेद 355 के तहत राज्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था।

केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने याचिका का कड़ा विरोध किया। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता हैबियस कॉर्पस की आड़ में सरकार से डिपोर्टेशन प्रक्रिया, विदेशी सरकारों से बातचीत और गोपनीय सरकारी फाइलों की जानकारी मांग रहे हैं, जो पूरी तरह अस्वीकार्य है। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 16 दिसंबर निर्धारित करते हुए सभी संबंधित रोहिंग्या मामलों को एक साथ जोड़ने का फैसला किया।

इससे पहले मई 2024 में जस्टिस सुर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एन कोटिस्वर सिंह की पीठ ने दिल्ली में रह रहे रोहिंग्या प्रवासियों के संभावित निर्वासन पर अंतरिम रोक लगाने से साफ इनकार कर दिया था। वरिष्ठ अधिवक्ता कोलिन गोंसाल्विस और प्रशांत भूषण ने दलील दी थी कि म्यांमार लौटने पर रोहिंग्याओं का नरसंहार हो सकता है, इसलिए उन्हें भारत में रहने का अधिकार मिलना चाहिए। लेकिन कोर्ट ने साफ कहा कि भारत में कहीं भी रहने का मौलिक अधिकार केवल भारतीय नागरिकों को है। विदेशी नागरिकों का नियमन विदेशी अधिनियम के तहत ही होगा।



रोहिंग्या मुद्दा लंबे समय से विवादास्पद रहा है। म्यांमार की सेना इन्हें बांग्लादेशी घुसपैठिया मानती है और नागरिकता देने से इनकार करती है। 2017 के बाद बड़े पैमाने पर उत्पीड़न से बचकर लाखों रोहिंग्या पहले बांग्लादेश और फिर वहां से भारत के विभिन्न हिस्सों, खासकर जम्मू, दिल्ली, हैदराबाद, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में पहुंचे। भारत इन्हें शरणार्थी का दर्जा देने से लगातार इनकार करता रहा है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 7903538992, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902